2 फरीदाबाद
स्मार्ट सिटी : सड़कें जलमग्न, बूंद-बूंद पेयजल को तरस रहे हैं लोग

6 अभिमत
दीनदयाल उपाध्याय का वैश्विक दर्शन

9 देश/विदेश
गुलाम नबी आजाद ने डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी की स्थापना की

11 विविध
सिद्धि प्राप्ति के लिए करें मां ब्रह्मचारिणी की आराधना

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 229
फरीदाबाद, मंगलवार, 27 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



आईसीसी टी-20 रैंकिंग में भारत की बादशाहत बरकरार
पेज - 12

**द्वितीय मां ब्रह्मचारिणी**



मां ब्रह्मचारिणी की महिमा किसी से छुपी नहीं है और आप उनका आशीर्वाद पाकर जीवन में ज्ञान हासिल कर सकते हैं। नवदुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है।

**ह्रीं श्री अम्बिकायै नमः**

● विस्तृत खबर पेज-11

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,145 | ▼ 953 | |
| निफ्टी | 17,016 | ▼ 311 | |
| सोना | 49,620 | ▲ 219 | /10 gm |
| चांदी | 56,025 | ▼ 208 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 32.00°C
न्यूनतम 24.00°C

## क्विक न्यूज

### भारत अब हथियारों का निर्यातक देश बना : राजनाथ

**हमीरपुर।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को नादौन में ब्यास नदी तट पर सैन्य बलिदानी परिवार सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। पहले भारत हथियारों का आयात करने के रूप में जाना जाता था, लेकिन अब भारत हथियारों का निर्यातक देश बन चुका है। वर्ष 2047 तक भारत दो लाख करोड़ का रक्षा निर्यात करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। सिंह ने बताया कि रक्षा क्षेत्र में 311 आइटम को चिह्नित किए है जिनका मेक इन इंडिया के तहत भारत में ही निर्माण होगा।

### आईएनएस तरकश गैबन तट पर पहुंचने वाला देश का पहला पोत

**नई दिल्ली।** समुद्री डकैती रोधी (एंटी-पायरेसी) गश्त के तहत गुएना की खाड़ी में की जा रही तैनाती के तहत भारतीय नौसना का पोत आईएनएस तरकश अफ्रीकी देश गैबन के तट पर पहुंचा। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यहां बयान जारी करके यह जानकारी दी और कहा कि भारतीय नौसैनिक पोत के गैबन पहुंचने का यह पहला मामला है। यह पोत गैबन के बंदरगाह पोर्ट जेंटिल में ठहरा है। बयान में कहा गया है कि गैबन के बंदरगाह पर ठहराव के दौरान पोत के चालक दल के सदस्य आधिकारिक और पेशेवर मेलजोल के साथ-साथ खेल कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

### हेलीकॉप्टर हादसे में पाक सेना के छह अधिकारियों की मौत

**इस्लामाबाद।** दक्षिण पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तानी सेना का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें दो पायलट समेट सेना के छह अधिकारियों की मौत हो गई। सेना ने सोमवार को यह जानकारी दी। सेना की तरफ से कहा गया कि रविवार रात प्रांत के हरनाई इलाके के खोस्त में एक उड़ान अभियान के दौरान यह हादसा हुआ। सेना ने कहा कि दो पायलटों समेत हेलीकॉप्टर में सवार छह कर्मियों की हादसे में मौत हो गई।

### यमुना उफान पर: हथनीकुंड बैराज से 2.95 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा

# हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ का खतरा

**ऊपरी इलाकों में शरण ले रहे लोग**

**पायनियर समाचार सेवा।** यमुनानगर



**पहाड़ी** इलाकों में पिछले कुछ दिनों से जारी भारी बारिश के चलते यमुना नदी उफान पर है। यमुना में सोमवार सुबह छह बजे दो लाख 95 हजार 912 क्यूसेक पानी हथिनी कुंड बैराज से डिस्चार्ज हुआ है। इसके कारण हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश में अलर्ट जारी कर दिया गया है। हरियाणा के यमुना के साथ लगते कई जिले बाढ़ से प्रभावित हो सकते हैं। इसी को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने हरियाणा के साथ-साथ दिल्ली को भी इसकी सूचनाएं भिजवा दी हैं। कई वर्षों बाद हुआ है जब सितंबर महीने में यमुना उफान पर आई है और हथिनी कुंड बैराज से इतना पानी डिस्चार्ज हुआ है। यमुना उफान पर आने के बाद यमुना के साथ लगते विभिन्न इलाके के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा गया है। पानी जैसे-जैसे निचले इलाकों में आएगा यमुना के साथ लगते कई गांव इससे प्रभावित हो सकते हैं। इसी को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को यमुना से दूर रहने और निचले इलाकों को खाली किए जाने के आदेश जारी किए हैं, क्योंकि पानी तेजी से निचले इलाकों में बढ़ रहा है इसलिए लोगों ने भी निचले इलाकों को छोड़कर ऊपरी इलाकों में शरण लेना शुरू कर दिया है।

बैराज के गेट 70 हजार से अधिक पानी होने के बाद खोले जाते हैं, जिसे मिनी फ्लड कहा जाता है। उसके बाद हरियाणा की विभिन्न नहरों का पानी बंद कर दिया जाता है और सारा पानी यमुना नदी में छोड़ा जाता है। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन तैयार है। उन्होंने कहा कि निचले इलाकों में सूचनाएं भिजवाई जा रही हैं। प्रशासन पूरी नजर बनाए हुए है। सुपरिटेंडेंट इंजीनियर आरएस मित्तल ने बताया कि बाढ़ का पानी करनाल, पानीपत, सोनीपत, फरीदाबाद में अपना असर दिखा रहा है। यमुना का पानी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में भी बाढ़ का खतरा पैदा कर सकता है। इसके लिए यमुनानगर जिला प्रशासन ने अन्य जिले के अधिकारियों को इस संबंध में सूचनाएं भिजवा दी हैं।

### हरियाणा में आठ लाख एकड़ फसल जलमग्न, पानी निकालने में लगेंगे सात दिन



**चंडीगढ़।** हरियाणा में पांच दिन बारिश होने से किसान टेंशन में आ गए हैं, क्योंकि प्राथमिक रिपोर्ट में राज्य के आठ लाख एकड़ खेतों में बारिश का पानी भर गया है, जिसे निकालने में सात दिन का समय लगेगा। हालांकि हरियाणा सरकार ने सभी जिलों के डीसी को खेतों से पानी निकालने की हिदायत दी है। साथ ही सोमवार से फसलों को हुए नुकसान के लिए स्पेशल गिरदावरी शुरू करने के निर्देश भी सरकार की ओर से जारी कर दिए गए हैं। अकेले करनाल जिले में 90 हजार एकड़ धान के खेतों में बारिश का पानी भरा हुआ है। कैथल में 4000 एकड़ धान की फसल प्रभावित हुई है। कृषि विभाग के प्राथमिक आंकड़ों में सामने आया है कि सूबे में लगभग आठ लाख एकड़ धान के खेतों में बारिश का पानी भर गया है। किसान फसल को बचाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। वहीं सरकार की ओर से भी खेतों में भरे पानी को निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। हरियाणा के किसानों ने बताया कि मुख्य रूप से कम अवधि की पूसा-1509 और पीआर-126 जैसी किस्मों को नुकसान पहुंचा है। नमी की मात्रा अधिक होने से भविष्य में बाजार में इनकी कीमतों में गिरावट आ सकती है। जो लोग अपनी फसल काट कर अनाज मंडियों में पहुंच चुके हैं, वे आढ़तियों की हड़ताल के कारण अपनी उपज नहीं बेच पा रहे हैं।

### हरियाणा की नहरों को किया बंद

**एसई** ने बताया कि बैराज में 70 हजार क्यूसेक पानी से अधिक पानी होने के बाद इसके गेट खोले जाते हैं। इसे मिनी फ्लड कहा जाता है। उसके बाद हरियाणा की विभिन्न नहरों का पानी बंद कर दिया जाता है और सारा पानी यमुना नदी में ही छोड़ा जाता है। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन तैयार है। निचले इलाकों में सूचना भिजवाई गई हैं। प्रशासन पूरी नजर बनाए हुए है।

### अलर्ट जारी किया

**सिंचाई** विभाग के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर आरएस मित्तल ने बताया कि पहाड़ी इलाकों में हो रही वर्षा के बाद यमुना का जल स्तर हथिनी कुंड बैराज पर दो लाख 95912 क्यूसेक हो गया। जिसके बाद अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि रात 11 बजे यमुना का जलस्तर 94601 क्यूसेक हो गया था, जिसके बाद छोटी नहरों को बंद करके हथिनी कुंड बैराज के गेट खोल दिए गए थे। उसके बाद पानी लगातार बढ़ता रहा और सोमवार सुबह छह बजे दो लाख 95912 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज हुआ है।

### सीएम को लेकर राजस्थान कांग्रेस में बगावत

# सोनिया ने सियासी संकट पर माकन-खड़गे से रिपोर्ट मांगी

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** में अध्यक्ष और राजस्थान में मुख्यमंत्री का चयन आपस में उलझ गया है। अशोक गहलोत के अध्यक्ष पद के नामांकन के बीच सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाए जाने की संभावनाएं बनने लगीं। ऐसे में गहलोत गुट हाईकमान से ही भिड़ गया।

गहलोत गुट ने विधायक दल की बैठक का बहिष्कार कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष चुने जाने तक यानी 19 अक्टूबर तक ये गुट किसी भी मीटिंग में शामिल नहीं होगा। शर्तें भी रखी हैं। पहली- सरकार बचाने वाले 102 विधायकों यानी गहलोत गुट से ही सीएम बने। दूसरी-सीएम तब घोषित हो, जब अध्यक्ष का चुनाव हो जाए। तीसरी- जो भी नया मुख्यमंत्री हो, वो गहलोत की पसंद का ही हो।

इधर, सोमवार शाम को दिल्ली में सोनिया गांधी से मिलने के बाद अजय माकन ने कहा कि अध्यक्ष ने लिखित रिपोर्ट मांगी है, इसे सोमवार रात या फिर मंगलवार शाम तक सौंप दी जाएगी। हमने सारी बातें कांग्रेस अध्यक्ष को बता दी हैं।

**शर्तों पर पर्यवेक्षकों को ऐतराज हाईकमान को रिपोर्ट देंगे**

माकन ने कहा, विधायक दल की बैठक में विधायकों का नहीं आना अनुशासन हीनता है। इस बैठक के दौरान उन्होंने खुद बैठक बुला ली। ये भी अनुशासनहीनता है और हम देखते हैं कि क्या एक्शन लिया जा सकता है। हम एक-एक विधायक से मिलकर उनकी राय जानना चाहते थे, लेकिन वे सामूहिक रूप से मिलने पर अड़े रहे। गहलोत समर्थक 102 विधायकों में से ही सीएम बनाने की बात पर अड़े हैं।

वे अपनी बात को रेजोल्यूशन में शामिल करने की मांग कर रहे थे। जबकि रेजोल्यूशन एक लाइन का होता है। कांग्रेस के इतिहास में सशर्त रेजोल्यूशन आज तक पास नहीं हुआ है। उन्होंने अध्यक्ष के चुनाव तक सीएम पर कोई चर्चा नहीं कराने की मांग रखी, यह संभव नहीं है, क्योंकि यह हितों के टकराव का मामला है।

### कांग्रेस अध्यक्ष की रेस से बाहर अशोक गहलोत

**कांग्रेस** के अध्यक्ष पद की रेस राजस्थान संकट के चलते रोचक हो गई है। अशोक गहलोत का सीएम पद का मोह अब उन पर भारी पड़ता दिख रहा और कांग्रेस अध्यक्ष की रेस से उन्हें बाहर कर दिया गया है। कांग्रेस के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि हाईकमान की इच्छा के विपरीत जाकर अशोक गहलोत का 82 विधायकों के इस्तीफा का दांव चलना गांधी परिवार को अच्छा नहीं लगा है। ऐसे में उन्हें लेकर अब गांधी परिवार रिस्क नहीं ले रहा है और अब उन्हें अध्यक्ष पद की रेस से बाहर कर दिया गया है। यही नहीं चर्चाएं तो यहां तक हैं कि अब सीएम पद पर भी किसी और नेता को लाया जा सकता है। अब कहा जा रहा है कि मल्लिकार्जुन खड़गे, मुकुल वासनिक, कमलनाथ जैसे नेता भी अब अध्यक्ष पद की रेस में आ गए हैं। यही नहीं दिग्विजय सिंह भी अध्यक्ष पद के चुनाव में उतर सकते हैं। राहुल गांधी के करीबी और कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल भी अध्यक्ष के लिए चुनाव में आ सकते हैं। कहा जा रहा है कि फिलहाल सोनिया गांधी और राहुल गांधी मंथन कर रहे हैं कि किसे अध्यक्ष चुनाव के लिए समर्थन किया जाए। इससे पहले अशोक गहलोत पर गांधी परिवार ने मन बना लिया था, लेकिन उनकी हरकत से वह अपमानित और भरोसे पर चोट जैसा महसूस कर रहा है।

### नवरात्रि के लिए रेल में परोसी जाएगी व्रत वाली थाली, पांच अक्टूबर तक रहेगी यह सुविधा

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**रेल** मंत्रालय ने नवरात्रि के दौरान ट्रेन से यात्रा करने वाले भक्तों के लिए एक स्पेशल मेन्यू की घोषणा की है। नौ दिनों तक चलने वाले इस उत्सव के दौरान उपवास रखने वालों को परेशानी न हो, इसके लिए ट्रेनों में व्रत वाली थाली उपलब्ध होगी।

रेलवे मंत्रालय ने ट्वीट किया, नवरात्रि के शुभ त्योहार पर भारतीय रेलवे आपके लिए 26 सितंबर से पांच अक्टूबर तक नवरात्रि स्पेशल थाली लेकर आया है। इस थाली को फूड ऑन ट्रैक ऐप से मंगवाया जा सकता है। इसके अलावा वेबसाइट पर जाकर या 1323 पर कॉल करके भी खाना मंगवाया जा सकता है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, देश के 78 रेलवे स्टेशनों पर नवरात्रि स्पेशल थाली उपलब्ध होगी। इसमें अहमदाबाद, अमृतसर, भोपाल, मुंबई, ग्वालियर, हैदराबाद, जबलपुर, जयपुर, चेन्नई सेंट्रल, अंबाला कैंट आदि स्टेशन शामिल हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने शाहरुख खान को दी बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** मशहूर हस्तियों के पास अन्य सभी नागरिकों की तरह अधिकार हैं और उन्हें परोक्ष तौर पर दोषी नहीं बनाया जा सकता है। बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को ये टिप्पणी कीं। इसके साथ ही 2017 में फिल्म रईस के प्रमोशन के दौरान वड़ोदरा रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ को लेकर आपराधिक मामला बहाल करने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया। फिल्म के प्रमोशन के दौरान मची भगदड़ में एक शख्स की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। इसी साल अप्रैल में गुजरात उच्च न्यायालय ने भी अभिनेता के खिलाफ आपराधिक मामला रद्द कर दिया था।

### फेक न्यूज चलाने वाले 10 यूट्यूब चैनल और 45 वीडियोज पर सरकार ने लगाया बैन

**समाज में फैला रहे थे भय और भ्रम**

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारत** सरकार ने देश में सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने के प्रयास में धार्मिक समुदायों के खिलाफ घृणा फैलाने के लिए सामग्री में छेड़छाड़ करने और फर्जी खबरें प्रसारित करने के लिए 10 यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगाने का सोमवार को आदेश दिया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा कि खुफिया एजेंसियों से प्राप्त इनपुट के अनुसार और उनकी सलाह पर 10 यूट्यूब चैनलों के 45 वीडियो को ब्लॉक कर दिया गया है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि जिन वीडियोज को बैन किया गया है, उन्हें कुल मिलाकर 1.30 करोड़ बार देखा जा चुका है और उनमें दावा किया गया है कि सरकार ने कुछ समुदायों के धार्मिक अधिकार छीन लिए हैं। ठाकुर ने कहा कि इन चैनलों में ऐसी सामग्री थी, जो समुदायों के बीच भय और भ्रम फैलाती है। प्रतिबंधित सामग्री में छेड़छाड़ किये गए वीडियो शामिल हैं।

### मंदी की आहट से शेयर बाजार में हा-हाकार

# निवेशकों के डूबे 13 लाख करोड़ रुपये चार दिन में 2500 अंक टूटा सेंसेक्स

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**घरेलू** शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी दिन में भारी गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स 953.70 अंक लुढ़ककर बंद हुआ।

कई देशों के केंद्रीय बैंकों के ब्याज दरों में बढ़ोतरी और वैश्विक बाजारों में मंदी की बढ़ती आशंका के चलते विदेशी निवेशकों की बिकवाली से घरेलू बाजारों में गिरावट आई। कारोबारियों के अनुसार अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने का भी निवेशकों के सेंटिमेंट्स पर असर पड़ा है।

30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में लगातार चौथे कारोबारी दिन में गिरावट आई और यह 953.70 अंक यानी 1.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,145.22 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 1,060.68 अंक तक गिर गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 311.05 अंक यानी 1.80 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,016.30 अंक पर बंद हुआ।

### दिल्ली कोर्ट ने मनी लांड्रिंग केस में अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिज को दी जमानत

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**200** करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग केस में बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज को दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने 50 हजार रुपये के बेल बॉन्ड पर अंतरिम जमानत दी है। 26 सितंबर की सुनवाई के लिए जैकलीन वकील के कपड़ों में कोर्ट पहुंचीं, ताकि कोई उन्हें पहचान न सके। कॉनमैन सुकेश चंद्रशेखर के 200 करोड़ के जबरन वसूली केस में जैकलीन अहम गवाह हैं।

जैकलीन की जमानत याचिका को लेकर कोर्ट ने ईडी से जवाब मांगा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एडिशनल सेशन जज शैलेंद्र मलिक ने कहा कि जब तक इसका जवाब नहीं मिलता है, तब तक उनकी रेगुलर बेल कोर्ट में पेंडिंग रहेगी। केस की अगली सुनवाई 22 अक्टूबर को होगी। इस केस में ईडी ने 17 अगस्त को एक चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें जैकलीन को आरोपी बताया गया था।

### हरियाणा में घातक डेंगू स्ट्रेन डेंग-2 की एंट्री

# पंचकूला में 20 सैंपल पॉजिटिव, अब तक 18 मरे, सरकार ने ऑडिट टीम बनाई

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** में डेंगू के सबसे घातक माने जाने वाले स्ट्रेन डेंग-2 की एंट्री हो गई है। पंचकूला जिले में डेंगू के 20 सैंपलों में इस स्ट्रेन की पुष्टि हुई है। अब तक जिले में डेंगू से 18 लोगों की मौत हो चुकी है। यह स्ट्रेन मल्टीपल ऑर्गन में तेजी से फैलता है और सीधे व्यक्ति के माइंड पर अटैक करता है।

इससे प्लेटलेट्स का काउंट तेजी से गिरने लगता है और इंटरनल ब्लीडिंग की आशंका भी बढ़ जाती है। लगातार हो रही मौतों का कारण जानने के लिए हेल्थ डिपार्टमेंट ने डेथ ऑडिट टीम बना दी है, जो पता लगाएगी की कहां-कहां डेंगू का स्ट्रेन फैल चुका है और फिर एक रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। कालका-पिंजौर में जांच के लिए पहुंची यमुनानगर की टीम ने हाउस इंडेक्स नौ से 10 फीसदी बताया है। बायोलॉजी के अनुसार, हाउस इंडेक्स का तात्पर्य उन घरों की संख्या से है, जिनमें 100 घरों में लारवा पाए गए। पांच या इससे कम होने पर स्थिति सामान्य मानी जाती है, लेकिन अधिक होने पर विशेष सावधानी बरती जाती है।

### मौत का कारण स्पष्ट नहीं

**हरियाणा** की स्वास्थ्य महानिदेशक वीना सिंह ने बताया कि पंचकूला जिले में अभी तक जो भी मौत हुई हैं, उनकी मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। मौत का कारण पता लगाने के लिए डेथ ऑडिट टीम का गठन किया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही इस मामले में कुछ कहा जा सकेगा।

### हरियाणा के डिफाल्टर अफसरों को लास्ट चांस, 31 अक्टूबर तक का दिया समय

# सीएम मनोहर लाल ने एनुअल प्रॉपर्टी रिटर्न्स-ऑर्डर पर लगाई रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एनुअल प्रॉपर्टी रिटर्न्स नहीं भरने वाले डिफाल्टर अफसरों को लास्ट चांस दिया है। अब अफसर 31 अक्टूबर तक एनुअल रिटर्न्स फाइल कर पाएंगे। हरियाणा में रिटर्न्स नहीं भरने वाले अफसरों को चार्जशीट करने वाले आदेश पर सितंबर के पहले सप्ताह में निर्धारित टाइम के लिए रोक लगाई जा चुकी है।

**30 जून तक भरना था रिटर्न्स**

हरियाणा में कई अफसर-कर्मचारियों ने रिटर्न तो भरा, लेकिन दो-तीन साल से प्रॉपर्टी रिटर्न नहीं भर रहे हैं। इन अफसरों को संपत्ति की जानकारी सार्वजनिक करने के लिए मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली पोर्टल पर 30 जून तक का समय दिया था, लेकिन कई अफसरों ने रिटर्न्स नहीं भरा, जिसके बाद सरकार ने लापरवाह अफसरों को चार्जशीट करने के निर्देश जारी किए थे। हरियाणा सरकार के (मानव संसाधन विभाग) की ओर से सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों, उपायुक्तों आदि को लेटर भेजा गया। लेटर में कहा गया है कि किसी भी अधिकारी को 31 अक्टूबर तक वार्षिक संपत्ति रिटर्न दाखिल नहीं करने के कारण चार्जशीट नहीं किया जाएगा। 18 अगस्त को जारी निर्देशों को 31 अक्टूबर तक स्थगित रखा जा सकता है।

### ड्रग तस्करों को अनिल विज की चेतावनी



**हरियाणा** के गृहमंत्री अनिल विज प्रदेश में क्राइम रोकने के लिए उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ वाला फार्मूला अपनाने जा रहे हैं। विज ने प्रदेश में एक्टिव नशा तस्करों को कड़ी चेतावनी जारी की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में ड्रग का धंधा बंद करो या मेरा हरियाणा छोड़ दो। हम उन्हें (तस्करों को) यहां नहीं रहने देंगे। मैंने तस्करों की लिस्ट बना ली है जिन्होंने ड्रग कारोबार से पैसा कमाया है। हम उन सभी पर कार्रवाई करेंगे, सभी जिलों में मेरे बुलडोजर तैयार हैं। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में ड्रग और दूसरे तरह के क्राइम में संलिप्त लोगों के खिलाफ योगी सरकार बेहद कड़े कदम उठा रही है। इसके तहत बाहुलियों के साथ-साथ अन्य बड़े बदमाशों की प्रॉपर्टी पर योगी के बुलडोजर चल रहे हैं। सीएम योगी के इसी फार्मूले की वजह से यूपी में क्राइम रेट काफी हद तक घट गया है।

### यह है नियम

**हरियाणा** सिविल सेवा (सरकारी कर्मचारी आचरण) नियम- 2016 के अनुसार, प्रत्येक सरकारी कर्मचारी को 31 मार्च तक पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति की जानकारी देनी होती है। करप्शन पर अंकुश लगाने के लिए यह नियम बनाया गया था। कई कर्मचारी ऐसे हैं, जिन्होंने वर्ष 2017-2018 से ही प्रॉपर्टी रिटर्न नहीं भरा है।

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 31.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 23.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- सेक्टर-12 में उत्तराखंड सौंपेगा मांगों को लेकर ज्ञापन: सुबह 11 बजे।
- सेक्टर-12 में भ्रष्टाचारियों की सद्बुद्धि के लिए युवा आगाज संगठन करेगा महायज्ञ : सुबह 10.30 बजे।
- मंदिरों में नवरात्रों के दूसरे दिन मां के दूसरे स्वरूप की पूजा: प्रात: 8 बजे।
- एनएच-पांच व एक समेत, दशहरा ग्राउंड और ग्रेफ कमेटियों के मंचों पर रामलीलाओं का मंचन: रात्रि 8 बजे।

**निवेश गुरु**

**सिस्टेमेटिक** इन्वेस्टमेंट प्लान के जरिए रिटेल निवेशक अधिक से अधिक म्यूचुअल फंड स्कीम्स से जुड़ रहे हैं। इसमें यह सुविधा है कि 500 रुपये मंथली से भी निवेश की शुरुआत की जा सकती है। बीते एक साल की बात करें तो कई फंड्स ने निवेशकों का पैसा डबल कर दिया है। यानी, उन्हें 100 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न मिला।

**यूटीलिटी न्यूज**

### तैराकी प्रतियोगिता 28 से

**फरीदाबाद।** जिला तैराकी प्रतियोगिता 28 और 29 सितंबर को आयोजित होगी। जिला तैराकी संघ के प्रधान मनमोहन गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता अरावली इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित होगी। जिसमें पुरूष और महिलाएं के साथ साथ ग्रुप 1, 2, 3, 4 और 5 के बालक बालिका भाग लेंगे। महासचिव एके पंडित ने बताया कि 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक, 50 मीटर बटरफ्लाई, 100 मीटर बैक स्ट्रोक, 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक, 200 मीटर फ्री स्टाइल 100 मीटर बटरफ्लाई होगी। वहीं 29 सितम्बर को 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले, 50 मीटर फ्री स्टाइल, 50 मीटर बैक स्ट्रोक, 100 फ्री स्टाइल इवेंट्स कराया जाएगा। पराग गुप्ता ने बताया, प्रतिभागी ग्रुप एक में 2005-2006-2007 में जन्में बच्चे शामिल होंगे। ग्रुप सैकेंड में 2008-2009-2010 में जन्मे बच्चों को लिया जाएगा।

**क्विक न्यूज**

### श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**फरीदाबाद।** उत्तराखंड के अंकिता भंडारी हत्याकांड के विरोध में फरीदाबाद के सेक्टर-55 की संस्था उत्तरांचल मैत्री संघ ने एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इसमें संस्था के सदस्यों ने मोमबत्तियां जलाकर मृतका को श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक में वक्ताओं ने उत्तराखंड सरकार से अपील की कि मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराई जाएगी और दोषियों को फांसी की सजा दिलवाई जाए। सभा के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि देवभूमि में राक्षसी प्रवृति के लोग रह रहे हैं, जो मां-बहनों का शोषण करते हैं। उत्तराखंड के लोगों की पहचान सभ्य और सौम्य व्यक्तियों के तौर पर होती है, लेकिन अंकिता के हत्यारों ने देवभूमि को बदनाम करने की कोशिश की है। संस्था के महासचिव महेश नौडियाल ने कहा कि इस मामले में राजस्व पुलिस की भूमिका काफी लचर रही। श्रद्धांजलि सभा को संरक्षक दीपक कापड़ी, अरुण बिष्ट, प्रदीप सिंह चौहान आदि ने ने भी संबोधित किया और अंकिता के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# स्मार्ट सिटी : सड़कें जलमग्न, बूंद-बूंद पेयजल को तरस रहे हैं लोग

## पिछले करीब एक सप्ताह से एनआइटी विधानसभा क्षेत्र में जलापूर्ति है ठप

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**नगर** निगम अधिकारियों की लापरवाही अथवा भ्रष्टाचार का खामियाजा शहर के लोगों को लगातार भुगतने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। नगर निगम के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली की वजह से आम दिनों में तो लोगों को पानी के तरसना ही पड़ता है, लेकिन गर्मी का मौसम आते ही शहर में पानी के लिए हाहाकार मच जाता है, लेकिन फिलहाल गर्मी के बाद बरसात का मौसम भी खत्म हो चुका है। इसके बावजूद एनआइटी विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों के लोगों को पिछले करीब पांच दिनों से पानी की बूंद बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है। नगर निगम की लापरवाही अथवा भ्रष्टाचार की वजह से पिछले दिनों लगातार तीन दिनों तक आई बरसात के बाद शहर की सड़कों पर पानी भरा हुआ है। बरसाती पानी के कारण कई जगह निगम के बूस्टरों में लगी मोटरें तक डूब गई हैं। जिसके कारण एनएनआइटी विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों में पिछले करीब एक सप्ताह से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप है। वहीं सेक्टर 25 स्थित जलघर में बना अंडरग्राउंड वॉटर टैंक पिछले करीब चार साल से क्षतिग्रस्त है। जिससे बरसात के पानी के साथ सारी गंदगी टैंक के पानी में मिक्स हो चुकी है। यही दूषित पानी नगर निगम के कर्मचारी लोगों के घरों में पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

**पेयजल आपूर्ति ठप :** पिछले दिनों लगातार आई बरसात और नगर निगम की लापरवाही का खामियाजा शहर के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। एनआइटी विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न कालोनियों के लोगों को वैसे तो आम दिनों में पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। आमतौर पर यहां तीन से चार दिन बाद पानी की आपूर्ति की जाती है। लेकिन इस बार इलाके की पर्वतीय कालोनी में सात दिनों से पानी की आपूर्ति नहीं की गई है। इस दौरान लोगों द्वारा लगातार बूस्टर पर जाकर पूछताछ की जा रही है। बूस्टर पर तैनात कर्मचारियों ने उन्हें बताया कि जिस कमरे में मोटरे लगी हैं, वहां बरसाती पानी भर चुका है। जिसके कारण पानी सूखने तक मोटरें न चलने से पानी की आपूर्ति नहीं की जा सकती है। हर बार बरसात आने पर यहां पानी भरने की समस्या होती है। लेकिन इसके बावजूद नगर निगम के अधिकारियों द्वारा इस समस्या का समाधान करने की जरूरत महसूस नहीं की जाती। जिसका खामियाजा इलाके के लोगों को भुगतना पड़ता है।



सेक्टर-25 में क्षतिग्रस्त अंडरग्राउंड वॉटर टैंक।



पर्वतीय कालोनी स्थित बूस्टर से नहीं हो पा रही जलापूर्ति।

### शहर में दूषित पेयजल की आपूर्ति

**सेक्टर-25** स्थित नगर निगम के जलघर से एनआइटी-86 विधानसभा और बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न कालोनियों में पानी की आपूर्ति की जाती है। इस जलघर में बना वर्षो पुराना अंडरग्राउंड वॉटर टैंक जर्जर होकर करीब चार साल पहले पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। टैंक का दो जगह से लेंटर टूटा हुआ है। सफाई के अभाव में टैंक की छत पर घास उग आई है और चारों तरफ गंदगी भरी पड़ी है। ऐसे में बरसात आते ही जलघर परिसर में पड़ी सारी गंदगी और मरे हुए जीव जंतु इस क्षतिग्रस्त वॉटर टैंक में पानी के साथ बह कर पहुंच जाते हैं। लेकिन इन चार सालों के दौरान नगर निगम के अधिकारियों ने कभी ध्यान नहीं दिया। टैंक की मरम्मत की मांग को लेकर सेक्टर 55 के निवासियों ने करीब छह महीने पहले अनिश्चितकालीन धरना भी दिया था। उस समय तत्कालीन निगमायुक्त गरिमा मित्तल ने जल्दी मरम्मत का आश्वासन देकर धरना समाप्त करवाया था। लेकिन आज तक टैंक की मरम्मत की तरफ ध्यान ही नहीं दिया। अब नवरात्र के दिनों निगम द्वारा टैंक का दूषित पानी लोगों के घरों भेजा जा रहा है।

### दो दिन बाद भी सड़कों पर पानी



सेक्टर-24 की सड़क भरा बरसाती पानी।

**सरकार** द्वारा बरसाती पानी की निकासी के लिए नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों के माध्यम से करोड़ों रुपये खर्च किये जा चुके हैं। जिसके तहत स्टॉर्म वॉटर लाइन, सीवरेज सिस्टम, एसटीपी, नाले और रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पर अब तक अरबों रुपये खर्च किये जा चुके हैं। स्टॉर्म वाटर लाइनें या तो बंद पड़ी हैं या फिर उन्हें सीवर की लाइनों में जोड़ दिया गया है। करोड़ों की लागत से बने नाले कनेक्ट न होने से उनका कोई फायदा नहीं मिल रहा है। वहीं निगम द्वारा बनाए 190 रैनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पूरी तरह ठप पड़े है। यह सभी बनाए ही गलत तरीके से थे। जिसके कारण आज तक इनका उपयोग नहीं हो पाया। रही सही कसर शहर में जगह जगह नालों पर लोगों द्वारा किये गए अतिक्रमण ने पूरी कर दी है। यहीं वजह है कि बरसात आने पर शहर की सड़कों से पानी की निकासी नहीं हो पाती। पानी कई दिनों तक सड़कों पर बहता रहता है और काफी मात्रा में सीवर लाइनों में जाकर व्यर्थ हो जाता है।

### महामारी का इंतजार



**हाउसिंग** बोर्ड कालोनी सेक्टर 55 की आरडब्ल्यूए के प्रधान बजरंग तोषनीवाल का कहना है कि सेक्टर-25 जलघर के अंडरग्राउंड वॉटर टैंक को क्षतिग्रस्त हुए करीब चार साल बीत चुके हैं। टैंक की मरम्मत करवाने की बजाए इसके गंदे पानी की सप्लाई लोगों के घरों में की जा रही है। इन दिनों लोग नवरात्रों का पर्व पूरी अस्था के साथ मना रहे हैं, लेकिन निगम अधिकारियों की लापरवाही से उन्हें दूषित पेयजल का इस्तेमाल करना पड़ रहा है।

# स्वर्ग आश्रम में शिवजी की मूर्ति की स्थापित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नहरपार** सैक्टर-80, बडौली गांव के स्वर्ग आश्रम में भगवान शिवजी की मूर्ति स्थापित की गई, मूर्ति स्थापित करने से पहले युवाओं की एक टीम गठित की गई। जिसमें परमजीत चन्दीला, अशोक, परसी, जस्से, झल्लू ने मिलकर ग्राम वासियों को बताया कि गांव के स्वर्ग आश्रम की हालत जर्जर अवस्था में है। उन्होंने इसके जन्नोद्धार के लिए सभी ग्रामीण वासियों से आर्थिक मदद हेतु आग्रह किया और गांव बड़ौली के हर व्यक्ति ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दिया और इस कमेटी ने भगवान शिवजी की मूर्ति राजस्थान गावं नीमका के कुशल कारीगरों द्वारा तैयार करवा कर लाई गई जिसका वजन 408 किलोग्राम है।

मूर्ति स्थापित करने से पहले ग्रामवासियों ने मिलकर स्वर्गआश्रम में हवन किया। गुलाब के फूलों से शिवजी की मूर्ति पर पुष्प वर्षा की और सबने मिलकर स्वर्ग आश्रम का साफ सफाई व पेंटर को बुलाकर स्वर्ग आश्रम को पेंट कराया गया दीवारों पर अनेकों भगवानों की तस्वीर बनाई गई। इससे पहले स्वर्ग आश्रम में कूडे-करकट के ढेर लगे हुए थे, अब ग्रामवासियों ने मिलकर निर्णय लिया है सभी ग्रामवासी की देखभाल करेंगे और नियमित रूप से इसकी सफाई व्यवस्था, पीने के पानी, बैठने के लिए बैंचों की संख्या बढ़ाई जायेगी। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ, वीरपार चन्दीला, जयवीर चन्दीला, किशन चन्दीला, बलजीत, सत्तू, दयानन्द, वर्तमान सरपंच के पुत्र नरेश, अजय चन्दीला, श्याम चन्दीला, सतबीर चन्दीला, ब्रहम, भगतजी, हरीश, वीर सिंह, डिप्टी, मास्टर बलेशर, हरकिशन, विनोद चन्दीला, महावीर चन्दीला, लाला चन्दीला, गिन्ना, जयप्रकाश अन्य सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद थे।



स्वर्ग आश्रम में मूर्ति स्थापित करते ग्रामीण

# विजय रामलीला में राम-सीता का विवाह सम्पन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एनएच** एक स्थित विजय रामलीला कमेटी के एतिहासिक मंच पर रविवार रात को भगवान राम और सीता का विवाह सम्पन्न हुआ। इस दिन विजय रामलीला कमेटी के पंडाल में बैठे दर्शक खुद को भगवान की शादी का हिस्सा ही महसूस करते हैं।

मंचन में सर्व प्रथम ढोल बाजों और आतिशबाजियों के साथ राम और सीता युगल जोड़ी को कमेटी के सभी सदस्य नाचते गाते हुए मुख्य द्वार से अंदर लाये और भव्य मंच पर उन्हें बिठाया गया। मंगल गीतों के साथ सभी पधारे दर्शकों को अवसर दिया गया कि वह मंच पर आकर माथा टेकें व अरदास कर सकें। सुप्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर सोनू शर्मा जो की कमेटी के पूर्व चेयरमैन एवं निर्देशक स्वर्गीय श्री विश्वबंधु शर्मा के पुत्र हैं। उन्होंने कल के मंच की ज्योति प्रचण्ड की। इसके अलावा दिल्ली व मथुरा से आई रंगारंग झांकियों का प्रदर्शन किया गया। सनातन संस्कृति को बचाती विजय रामलीला कमेटी ने अपने मंच पर सनातन देवी देवताओं को झांकियों के रूप में श्रीराम विवाह में सम्मिलित कर नमन किया। दिल्ली के कलाकार विक्की सुनेजा जी की राधा कृष्ण झांकी जिसमे राजस्थानी संस्कृति में नृत्य दिखाया गया सबसे मनमोहक झांकी रही। मंच पर भगवान राम ने माता जानकी को मेहँदी लगाई एवं विवाह की अन्य रीतियों को दर्शाया गाया।

दिल्ली के कलाकारों ने भगवान शंकर और अघोरी की झांकी से सभी पधारे दर्शकों को जैसे स्तब्ध ही कर दिया। खूब नाच गाने के बाद भंडारा किया गया। आज होगा इसी मंच पर राज तिलक की घोषणा और कैकयी द्वारा राम को बनवास भेजने की मांग।



एनएच स्थित विजय राम लीला कमेटी के मंच पर लीला का मंचन करते कलाकार।

# श्रीधार्मिक लीला कमेटी में हुआ ताड़का वध

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एनएच**-पांच में श्रीधार्मिक लीला कमेटी-5 नम्बर एम ब्लाक फरीदाबाद के निर्देशक हरीश चन्द्र आजाद ने बताया कि आज रामलीला का शुभारम्भ पूर्व मंत्री एसी चौधरी ने किया।

उन्होंने बताया कि मंच पर श्रीराम का जन्म हुआ व ताड़का वध हुआ। दशरथ का किरदार कर रहे पंकज खरबदां ने जब श्रृंगी ऋषि द्वारा यज्ञ करवाया गया तो राम, भरत, लक्ष्मन व शत्रुघ्न का जन्म हुआ। उसके बाद दशरथ के दरबार में बधाई गीत व कव्वालियां गाई गई। अगले दृश्य में मारीच व उसके राक्षसों ने मुनि विश्वामित्र के यज्ञ में विघ्न डातले हुए उन्हें तंग किया तो मुनि विश्वामित्र का किरदार निभा रहे अमित नागपाल ने क्रोधित होकर दशरथ के दरबार में उनसे मदद मांगी व राक्षसों का नाश करने के लिये बालक राम व लक्ष्मन को साथ लेकर वनों को गए। छोटे राम बने लक्ष्य बत्तरा व लक्ष्मन बने युवि गेरा ने अपने मुस्कराते चेहरों व मासूम संवादों से दर्शकों की तालियां बटोरी। सबसे बहतरीन व आधुतिकता से भरा दृश्य ताड़का का प्रवेश होना व करीब 9 फीट लम्बे हाथों के साथ मंच आना तथा दर्शकों में बच्चों को डराना रहा। कई वर्षों से ताड़का का किरदार निभा रहे राजीव खरबंदा ने अपने डरावने अंदाज व 9 फीट बाजुओं के साथ दर्शकों का बहुत मनोरंजन किया। राम व लक्ष्मन ने ताडका का वध किया तो राक्षसों द्वारा ताड़का स्यापा किया गया। अंतिम दृश्य में राम व लक्ष्मन ने सुबाहू का वध किया। सभी राक्षसों के वध के बाद मारीच रणभूमि से भाग जाता है। मारीच के किरदार में सौरभ व सुबाहू के किरदार में विद्वांश खरबंदा ने अपने अभिनय से दर्शकों की तालियां बटोरी।



एनएचपांच में श्रीधार्मिक रामलीला कमेटी के मंच पर ताड़का का मंचन करता कलाकार।

# जीवन नगर की नरकीय स्थिति का मुद्दा उठाया

## ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में विधायक नीरज शर्मा ने नारकीय स्थिति को लेकर उठाया मुद्दा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एनआईटी** फरीदाबाद से विधायक नीरज शर्मा को ऐसे ही सर्वश्रेष्ठ विधायक का खिताब नहीं दिया गया, विधायक नीरज शर्मा अपनी विधानसभा की समस्याओं के लिए किसी भी स्तर पर जाने को तैयार रहते हैं। आज यही फरीदाबाद की ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग में देखने को मिला विधायक नीरज शर्मा में अपनी विधानसभा के वार्ड 5 बाल कल्याण स्कूल पॉकेट, वेद रोड, जीवन नगर भाग 1 एवं 2 की नारकीय स्थिति को लेकर ग्रीवेंस कमेटी के अध्यक्ष उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जिस पर दुष्यंत चौटाला ने विधायक नीरज शर्मा की प्रशंसा भी की ऐसे मुद्दे लेकर आते हैं।

विधायक नीरज शर्मा में बताया कि कैसे बालकल्याण स्कूल पॉकिट को लेकर उनके द्वारा विधानसभा मे प्रश्न लगाए गए लेकिन कोई उचित कार्य नहीं हुआ। इसी पॉकेट से एक बहन बेटी को मुख्यमंत्री को ट्वीट करके यह कहना पड़ा था कि मेरी शादी है बारात कैसे आएगी जिस पर संज्ञान लेने उपरांत नगर निगम द्वारा सिर्फ टेंपरेरी सफाई कराई गई और आज इस बात को लगभग 2 वर्ष हो गए आज तक पूर्ण समाधान नहीं हुआ है। ऐसी ही स्थिति वार्ड 5 के वैध रोड की है।

इसके अतिरिक्त विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि जीवन नगर भाग 1 एवं 2 की स्थिति नारकीय है। जलभराव की इतनी अधिक समस्या है कि करोना कार्यकाल में पानी खड़ा खड़ा हरा हो गया इसमें से खुद विधायक को गुजरना पड़ा, उसके बावजूद आज तक कोई उचित कार्यवाही नहीं हुई जगह-जगह गलियां टूटी पड़ी हैं मैन रास्ते नही है। ग्रीवेंस कमेटी में नगर निगम अधिकारियों ने कहा कि फंड की कमी के कारण से कार्य नहीं हो पा रहे हैं जिस पर ग्रीवेंस कमेटी के अध्यक्ष उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने विधायक नीरज शर्मा को विश्वास दिलाया कि नगर निगम आयुक्त खुद मौके पर जाकर इसका जायजा लेंगे और इसके एस्टीमेट तैयार करवाएंगे विकास कार्य करवाने की जिम्मेदारी सरकार की है। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि उप मुख्यमंत्री विकास: कार्यो को लेकर काफी अग्रसर रहते है पीछे भी दुष्यन्त चौटाला ने 100 मीटर में रजिस्ट्री खोल दी।



सेक्टर-12 स्थित ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में लोगों की शिकायतें सुनते उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**नहीं है भार ज़्यादा कोई मन के भार से बढ़कर**
**मगर चलते हैं सब अब वक़्त की रफ़्तार से बढ़कर**
**ज़रा सी बात आदम की समझ में आये तो कैसे**
**नहीं कुछ भी नहीं है ज़िंदगी में प्यार से बढ़कर**

# पुलिस का प्रयास... ताकि सुरक्षित घर पहुंचें लोग

## अवैध पार्किंग में खडे वाहनों के काटे जा रहे चालान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बरसात** के कारण सड़क पर जलभराव के कारण यातायात में हो रही परेशानी को देखते हुए डीसीपी ट्रैफिक नीतिश अग्रवाल के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस ने फरीदाबाद में सड़कों पर हो रहे गड्ढों को स्वयं भरवाने का अभियान चलाया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पिछले दिनों हुई बारिश से सड़कों पर जलभराव की समस्या आ रही है। सड़क पर चलते समय जल भराव के कारण गड्ढे नजर नहीं आते। जिसके कारण दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। जिससे यातायात भी धीमा हो जाता है। जिसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने सड़क पर हो रहे गड्ढों को भरने का अभियान चलाया है। प्रवक्ता ने बताया कि इससे पहले भी थाना व यातायात पुलिसकर्मियों ने शहर के विभिन्न स्थानों पर गड्ढों को भरने के लिए मलबा, इंट, रोड़े इकट्ठे करके इसे भरने का सफल प्रयास किया था।

भारी बारिश के कारण मथुरा हाईवे सर्विस रोड के साथ-साथ शहर के अंदर बहुत से स्थानों पर गहरे गड्ढे हो चुके हैं। जिसकी वजह से यात्रियों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गड्ढों में पानी भरा होने के कारण उसकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता और भारी ट्रैफिक होने के कारण यात्री उस गड्ढे में से अपना वाहन निकालने की कोशिश करते हैं परंतु कुछ गड्ढों की गहराई ज्यादा होने के कारण उनकी गाड़ी उसके अंदर फंस जाती है और कई दुपहिया वाहन इसमें टकराने के कारण क्षतिग्रस्त हो जाते हैं और वाहन चालकों को चोट लग सकती है। पीछे से आ रहे दूसरे वाहन इसमें टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। इससे यात्रियों को जान व माल की हानि होने की संभावना बनी रहती है। दयाल हॉस्पिटल टी प्वाइंट पर भी सड़क पर गहरे गड्ढे हो रखे थे। जिसे जेडओ एसआई कुंवरपाल ने मलबा डलवाकर इसे अन्य लोगों की सहायता से गड्ढों में भर दिया। इसके बाद एएसआई कुमारपाल ने फावड़ा लेकर मलबे को एक बराबर करने का काम शुरू किया और कड़ी मशक्कत के पश्चात थोड़ी समय बाद सड़क के गड्ढे भर दिए गए।

बाटा चौक पर एएसआई राकेश द्वारा जेसीबी मशीन बुलवाकर सड़क के आसपास इकट्ठे मलबे को उठवा कर सड़क पर डाला गया। डीसीपी ट्रैफिक नीतीश कुमार अग्रवाल यातायात पुलिसकर्मियों के जज्बे से बहुत प्रसन्न हैं और उनके द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्य के लिए शाबाशी देकर उनके कार्यों की प्रशंसा हुए इसी प्रकार आमजन की मदद करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं तथा साथ ही उनके सुरक्षित और उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।




सडक पर बने गड्ढे में मलबा डलवाता पुलिस अधिकारी। गड्ढे भरते पुलिस अधिकारी।

### ग्यासीराम शर्मा को बनाया गया फरीदाबाद विधानसभा प्रभारी

**फरीदाबाद ।** अटल कमल भाजपा जिला कार्यालय फ़रीदाबाद पर जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा की उपस्तिथि में ग्यासीराम शर्मा को फरीदाबाद विधानसभा प्रभारी के दायित्व की घोषणा। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, सीमा त्रिखा, जिला कार्यकारिणी सदस्य टिपरचन्द शर्मा उपस्थित रहे।


**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की एक व्यक्ति नाम राजकुमार वर्मा बा उम्र करीब 42 साल दिनांक 20.07.2022 को समय करीब दोपहर 1:30 बजे अपने मूल निवास मकान नं0. 9345, संजय कालोनी, गंली न. 290, व हाल किरयेदार म.न. 1108, पर्वतीय कालोनी नियर नेतराम सरिया वाला रोड, नजदीक परशुराम आश्रम फरीदाबाद से काम पर जाने का बोलकर चंडीगढ़ जाने के लिए निकला था जो अब तक लौटकर घर वापस नहीं आया है व अब तक लापता है। इस सम्बन्ध में एरिया पुलिस द्वारा मुकदमा न. 355, दिनांक 23.07.2022 थाना सारन जिला फरीदाबाद में दर्ज है। जिसका हुलिया - रंग सावला, लम्बा चेहरा, शरीर मध्यम व कद करीब 5 फूट 7 इंच है व जिसने जाते समय नीले रंग की शर्ट व काले रंग की पेंट व पैरों में जूते पहने हुए थे। अगर किसी को इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो निम्न पते और टेलीफोन नंबरां पर कॉल कर सूचित कर।

**पुलिस चौकी पर्वतीय कालोनी - 9582200156, परिवार जन - 9891231486**
**पुलिस थाना सारन - 9582200128**

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 20.09.2022 को कन्ट्रोल रुम फरीदाबाद से थाना मुजेसर में सुचना मिली कि एक लड़का जिसका नाम विक्की पुत्र अजय कुमार निवासी आजाद नगर झुग्गी न.158 मुजेसर फरीदाबाद जिसका रंग गोरा, पतला शरीर, कद 5 फुट 11 इंच, उम्र करीब 19 साल है जिसने हल्के ग्रे रंग की टी-शर्ट व हल्के नीले रंग की जीन्स पहन रखी थी। जो गुडगांवा कनाल नहर के किनारे बैठा हुआ था जो अचानक नहर में गिर गया जिसकी काफी तलाश की गई जो पानी के तेज बहाव होने के कारण बॉडी अभी तक नहीं मिल पाई हैं। मुकदमा न.50 दिनांक 20.09.2022 थाना मुजेसर फरीदाबाद। अगर किसी को भी इस उपरोक्त गुमशुदा लड़के के बारे कोई सुचना मिले तो प्रबंधक अफसर थाना मुजेसर फरीदाबाद को तुरंत सुचना दी जावे।

**प्रबंधक अफसर- 9582200131, पी0एस0आई जनक- 7357609835**

पायनियर
हरियाणा, मंगलवार, 27 सितंबर, 2022



# शहरभर के मंदिरों में पहले दिन हुई मां शैलपुत्री की पूजा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नवरात्रों** में मां की आराधना करने वाले भक्तों को कुछ न कुछ जरूर मिलता है। मां अपने भक्तों को नौ दिनों में वह सबकुछ दे देती है। जिसकी भक्तों को चाह होती है। प्रथम दिन मां अपने भक्तों की मन की इच्छा को पूरी करती है, तो द्वितीय दिन भक्तों को सही गलत में फर्क का महत्व को समझने की क्षमता प्रदान करती है।

**वैष्णोदेवी मंदिर में भव्य पूजा:** नवरात्रि के पहले दिन आज महारानी वैष्णो देवी मंदिर में कलश स्थापना के साथ धूमधाम से माता की पूजा-अर्चना शुरु की गई। इस अवसर पर पूरा मंदिर परिसर माता के जयकारों के गुंजायमान रहा। इस मौके पर शुभ महूर्त में मंदिर में 9 देवियों के समक्ष ज्योति प्रचंड की गई। मंदिर के प्रधान जगदीश भाटिया ने बताया कि पहले नवरात्र को मां शैलपुत्री





तिकोना पार्क स्थित महारानी मंदिर में प्रथम नवरात्र के अवसर पर मां की ज्योति प्रचंड करते अतिथि।

की पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर आईआरएस प्रधान आयकर आयुक्त फरीदाबाद राकेश गोयल व बतरा ग्रुप के डायरेक्टर आरके बतरा द्वारा ज्योति प्रचंड की गई। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में होटल राजमंदिर के डायरेक्टर गुलशन भाटिया, केसी लखानी, आरके जैन, आनंद मल्होत्रा, प्रदीप झाम , फकीरचंद कथूरिया, प्रताप भाटिया, राहुल मक्कड़, संजय वधवा, रमेश सहगल, सुरेंद्र गेरा, विनोद पांडे, नेतराम, नीरज अरोड़ा व रमेश झाम मौजूद रहे।

**ज्योति प्रचंड हुई :** पावन सिद्धपीठ श्रीहनुमान मंदिर एक बी ब्लॉक में सोमवार को प्रथम नवरात्रि के शुभ मुहुर्त पर युवा नेता एवं समाजेवी भारत अशोक अरोड़ा ने टिंकू कुमार, कमल अरोड़ा, राकेश पंडित व जितेंद्र के साथ मिलकर माता रानी की ज्योति प्रचंड की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार विजयादशमी से पहले भगवान श्रीराम जब रावण से युद्ध कर रहे थे, तो उनके लिए रावण के बाणों का सामना करना मुश्किल हो रहा था। हालांकि भगवान श्रीराम धर्म की लड़ाई लड़ रहे थे और रावण अधर्म की बावजूद इसके देवी मां की शक्तियां रावण के पक्ष में रावण के साथ खड़ा होकर भगवान श्रीराम को अचंभित कर रही थी। क्योंकि रावण देवी अपराजिता की पूजा करते थे, जिसकी पूजा करने से सभी दिशाओं में विजयश्री मिलती थी। इसलिए जब युद्ध चल रहा था, तो श्रीराम ने देवी अपराजिता की पूजा आरंभ की, जो नौ दिनों तक चली। भगवान राम ने देवी मैया के सभी स्वरूपों की पूजा की और 108 कमल के फूल देवी की पूजा में इस अवसर पर मंदिर के प्रधान श्री अशोक अरोड़ा ने आई हुई समस्त संगत का धन्यवाद किया। नवरात्रि के इस शुभ अवसर पर सतीश वाधवा, राधेश्याम कुमार, पवन कुमार, बंसीलाल अरोड़ा, बल्लू कुमार मनोहर नागपाल जी आदि मौजूद रहे।

## आज होगी मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

**एनएच-पांच** स्थित सर्वेश्वर मंदिर के महंत मुनिराज ने बताया कि नवरात्रों के दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी मां की पूजा की जाती है। उन्होंने बताया कि ब्रह्मचारिणी माता रुद्राक्ष की माला व पुष्प धारण करके ब्रह्मचार्य का पालन करती है। वह अपने भक्तों को बुद्धि इत्यादि का आशीर्वाद देती है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को ब्रह्मचारिणी की पूजा करने के लिए दूध से अभिषेक करने के अलावा मां को फलों का भोग लगाना चाहिए। इससे विद्यार्थियों को विद्या की प्राप्ति होती है और श्रेष्ठ संस्कारों की उत्पत्ति होती है। आज ब्रह्मचारिणी मां को अनार की बली चढ़ाएं। उन्होंने बताया कि जो ब्रह्मचारी विद्यार्थी ब्रह्मचारिणी मां का पूजन करते हैं, उनको श्रेष्ठ ज्ञान की प्राप्ति होती हैं।

# डिप्टी सीएम ने किया सात शिकायतों का निपटारा और आठ अन्य की जांच के दिए आदेश

### लोगों की शिकायतें सुनकर अधिकारियों और लोक संपर्क परिवाद समिति के सदस्यों की गठित की गई कमेटियां

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला बैठक में लोगों की शिकायतें सुनते हुए

**हरियाणा** के डिप्टी सीएम एवं जिला फरीदाबाद लोक संपर्क एवं परिवाद समिति के अध्यक्ष दुष्यंत चौटाला की अध्यक्षता में स्थानीय हुड्डा सेक्टर-12 के हुड्डा कन्वेंशन हॉल में 15 शिकायतें रखी गई। इन 15 शिकायतों में से सात शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया। वहीं दो शिकायतों को लेकर पुलिस को जांच आदेश तथा चार शिकायतों पर विभागीय अधिकारियों की कमेटियां गठित की और दो शिकायतों पर प्रशासनिक व जिला लोक संपर्क समिति के सदस्यों की कमेटियां गठित की गई है, जो अपनी रिपोर्ट आगामी बैठक में प्रस्तुत करेंगे।

जिला लोक संपर्क एवं परिवार समिति की बैठक में एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा द्वारा रखी गई शिकायत पर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने डीसी व नगर निगम के कमिश्नर की कमेटी मौके का निरीक्षण करेगी और उसे सड़क को दोबारा बनाने का आश्वासन विधायक नीरज शर्मा को दिया। अन्य शिकायतों पर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने शिकायत नम्बर छह अधिवक्ता आरएमएस कुंडू द्वारा सैनिक कॉलोनी की रखी गई शिकायत पर एसडीएम की अध्यक्षता में तीन-तीन अधिकारियों की कमेटी जांच करेगी। इसी प्रकार ग्रीन फील्ड कॉलोनी निवासी रिटायर्ड ब्रिगेडियर एसके कौशिक की शिकायत पर एमसीएफ कमिश्नर की अध्यक्षता में अधीक्षक अभियंता पब्लिक हेल्थ एवं अधीक्षक अभियंता पीडब्ल्यूडी बीएंडआर के अधिकारियों की कमेटी अगली बैठक में जांच सौंपेगी। इसके लिए जिला कष्ट निवारण समिति के दो सदस्यों को भी शामिल किया गया है। सेक्टर-15 ए निवासी पारस राम की शिकायत पर पुलिस आयुक्त व डीसी की कमेटी गठित की गई, जो कि तत्कालीन सब रजिस्टार को भी जांच में शामिल करके कमेटी जांच करेगी। वहीं अमित तेवतिया की शिकायत पर पुलिस जांच करेगी।

जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की बैठक में विधायक सीमा त्रिखा, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, विधायक राजेश नागर, विधायक नीरज शर्मा, पुलिस कमीशनर विकास अरोड़ा, डीसी विक्रम, एमसीएफ कमिश्नर जितेन्द्र दहिया, एचएसवीपी प्रशासक डॉ. गारिमा मित्तल, भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जजपा के जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, सीटीएम नसीब कुमार, एचएसवीपी के एस्टेट आफिसर्स अमित कुमार सहित सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी और जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति के सदस्य बिजेन्द्र नेहरा व तेजपाल डागर आदी सदस्य मौजूद रहे।

## बैठक में भिड़े कांग्रेस और भाजपा विधायक



### नीरज शर्मा द्वारा समस्या रखने भाजपा विधायक ने जताया विरोध

**फरीदाबाद।** सेक्टर-12 स्थित हूडा कन्वेंशन हॉल में सोमवार को आयोजित जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में कांग्रेस के विधायक नीरज शर्मा और भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता के बीच गर्मागर्म बहस हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को हस्तक्षेप करना पड़ा। जिसके बाद मामला शांत हुआ। जानकारी के मुताबिक इस बैठक के दौरान कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा द्वारा अपने क्षेत्र की जीवन नगर कालोनी की समस्या का मुद्दा उठाया जा रहा था। उसी दौरान भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता ने इसका विरोध शुरू कर दिया। नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह बैठक विधायकों के द्वारा मुद्दा रखने के लिए नहीं है बल्कि आम जनता की समस्याओं को दूर करने के लिए है। जिसके जबाव में नीरज शर्मा ने कहा कि वे भी आम जनता की समस्या को ही रख रहे हैं। इसी बात को लेकर दोनों के बीच जोरदार बहस होने लगी। तभी डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि बैठक में विधायक अपनी एक एक समस्या रख सकते हैं। जिसका बाद मामला शांत हो गया।

## खाद्य प्रसंस्करण उन्नयन योजना उद्यमियों के लिए सुनहरा अवसर : डीसी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



डीसी विक्रम।

**डीसी** विक्रम ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव के तहत श्रृंखला के तहत केंद्र सरकार की ओर से आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत सूक्ष्म उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। वोकल फॉर लोकल की नीति पर आगे बढ़ते हुए प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उन्नयन योजना (पीएम-एएफएमई) आत्मनिर्भर भारत अभियान आदि योजनाएं स्वरोजगार स्थापित करने में कारगर साबित हो रही है।

डीसी विक्रम ने विस्तृत जानकारी बताया कि इस योजना के तहत सरकार की ओर से नए व मौजूदा निजी एवं समूह सूक्ष्म उद्यमों को सहायता ऋण पूंजी पर 35 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जा रही है, जो अधिकतम 10 लाख रुपए है। इस योजना के तहत नए व मौजूदा व्यक्तिगत सूक्ष्म उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

डीसी विक्रम ने जिला फरीदाबाद के स्वयं सहायता समूहों, किसान उत्पादक संगठनों, उद्योग एवं व्यापार संघों के प्रतिनिधियों का आह्वान किया है कि वे केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उन्नयन योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# पुलिस नहीं कर पाई दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार

### दुष्कर्म की शिकार युवती ने दिया बच्चे को जन्म

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**शहर** में दुष्कर्म के मामले आयेदिन हो रहे हैं। घटना के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर प्रदर्शन के बाद थोड़ी बहुत कार्रवाई शुरू होती है, लेकिन बाद में कई मामले ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। ऐसा ही एक मामला डबुआ थाना इलाके का सामने आया है। जहां पड़ौसी किरायेदार व्यक्ति ने एक युवती के संग दुष्कर्म किया और उसे डरा धमका कर शांत करवा दिया। सात माह की गर्भवती होने पर परिजनों को पता चला तो उन्होंने डबुआ थाने में शिकायत की। लेकिन शिकायत के बाद अब युवती की डिलीवरी तक हो गई, लेकिन आरोपी को पुलिस ने अभी तक नहीं पकड़ा।

**यह है पूरा मामला :** डबुआ कालोनी में रहने वाले एक युवक ने बताया कि वह यहां किराये पर पिछले 26 वर्षों से रहते हैं। उसके परिवार में उसकी मां की डेथ के बाद छह भाई व बहन और पिता है। जिसमें तीन भाई-बहनों की शादी हो चुकी थी। बाकि दो भाई और एक बहन अपने पिता के संग यहां रहता है। जनवरी माह में उसके पड़ोस में रहने वाले आरोपी शानू नामक अन्य जाति के युवक ने उसकी बहन के संग डरा धमका कर रेप किया और उसे जान से मारने की धमकी दे दी। आरोपी युवक के डर से युवती ने किसी को नहीं बताया। उसके भाई की शादी के लिए वह गांव चले गए। वहां से लौटे तो जुलाई माह में उसकी बहन को पेट में सूजन और दर्द होने की शिकायत होने लगी। जिस पर गत 26 जुलाई डॉक्टर को दिखाया गया तो पता चला कि वह गर्भवती है। उससे पुछताछ की तो पूरा मामला सामने आया। जांच में पता चला कि वह सात माह की गर्भवती है। ऐसे में पुलिस को शिकायत दी गई। करीब एक हफ्ते तक मामले ने खूब जोर पकड़ा। लेकिन उसके बाद आज तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई। पुलिस भी शांत हो गई। उसने बताया कि अब 26 सितम्बर की डेट थी, तो वह बीके लेकर आए। जहां उसकी बहन ने एक बेटे को जन्म दिया है। फिलहाल उसकी बहन की हालत ठीक है। लेकिन बच्चे को नर्सरी में भर्ती किया गया है। उसने बताया कि पुलिस से वह आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करता है। ताकि वह किसी अन्य की जिंदगी बर्बाद न करें।

# बीके अस्पताल : बीमारियों के इलाज के बदले मिल रही है चोट

### एक भी बाथरूम में नहीं मिली सफाई

कविता। फरीदाबाद



बाथरूम के बाहर लगा बोर्ड, खुली हुई पाइप और फिसल कर गिरने वाला मरीज नरेन्द्र।

**शहर** के बादशाह खान सिविल अस्पताल में मरम्मत के काम करने की आड़ में मरीजों को परेशान किया जा रहा है। सोमवार को पायनियर की तरफ से बीके सिविल अस्पताल में बाथरूमों का जायजा लिया गया। जहां पता चला कि सभी बाथरूम बंद किए गए हैं। जिसके कारण वार्डों में दुर्गंध आ रही है। वहीं यहां आए दिन गंदे बाथरुम की शिकायतें आ रही है। सोमवार को अवकाश के कारण यहां एक भी बाथरूम में साफ सफाई देखने को नहीं मिली।

पायनियर पड़ताल में पता चला कि चार दिन पहले यहां एक बुजुर्ग मरीज बाथरूम में गिर गया था। जिनके सिर और पैरों में चोट भी आई थी। तिमारदारों द्वारा शिकायत करने के बाद भी बाथरूमों में सफाई नहीं हुई।

**सभी पर नोटिस :** पिछले कुछ दिनों से बीके सिविल अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर से लेकर द्वितीय तल तक बने सभी बाथरूम बंद हैं। इसका कारण पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जा रहा मरम्मत कार्य है। लेकिन अस्पताल में मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण मरीजों के लिए बने शौचालय का इस्तेमाल करना उनकी मजबूरी बन गया है। ऐसे में गंदे बाथरूमों में पानी की समस्या होने के कारण वार्डों में दुर्गंध फैल रही है।

सोमवार को अवकाश के कारण बाथरूम पूरी तरह से गंदे थे। जिसमें ग्राउंड और प्रथम तल के बाथरूम पर तो अस्पताल प्रबंधन का नोटिस लगा था। लेकिन द्वितीय तल पर नोटिस नहीं था। जहां गंदगी देखने को मिली। वहीं अपातकालीन कक्ष के बाहर बाथरूमों की पाइप लाइन भी टूटी हुई और खुली हुई नजर आई, ऐसे में यहां इंफैक्शन का खतरा मंडरता नजर आया।

**फिसलने से लगी चोट:** नरेन्द्र ने बताया कि 13 दिनों से वह मेडिकल वार्ड में भर्ती है। यहां अपातकालीन से लेकर मेडिकल वार्ड तक के बाथरूम की हालत काफी खराब है। जिसके कारण वह चार दिन पहले मेडिकल वार्ड के बाथरूम में गिर गए थे। जिसकी शिकायत उन्होंने डॉक्टरों और अन्य लोगों को की, लेकिन इस शिकायत के बाद भी उनकी सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से गुहार लगाई है कि वह बाथरूमों की हालत में सुधार करें।

# सिग्नेचर ग्लोबल रियल एस्टेट कंपनी ऑफ ईयर से सम्मानित

### प्रदीप अग्रवाल को रियल एस्टेट पर्सन ऑफ द ईयर के रूप में सम्मानित किया गया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**अफोर्डेबल** हाउसिंग में भारत की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी, सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड ने मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में दो प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते हैं।

कंपनी को रियल एस्टेट कंपनी ऑफ ईयर का पुरस्कार मिला और सिग्नेचर ग्लोबल के संस्थापक और अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल को वर्ष 2022 के लिए रियल एस्टेट पर्सन ऑफ द ईयर का पुरस्कार कंस्ट्रक्शन वीक इंडिया अवार्ड्स-2022 में मिला। प्रदीप अग्रवाल ने मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में पुरस्कार प्राप्त किए। इस अवसर पर बोलते हुए, प्रदीप अग्रवाल, संस्थापक और अध्यक्ष, सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड ने कहा, यह पुरस्कार प्राप्त करना पूरे सिग्नेचर ग्लोबल परिवार के लिए गर्व का क्षण है।

यह रियल एस्टेट के क्षेत्र में कंपनी द्वारा अपनाई गई नवीन प्रक्टिसेस और हमारे द्वारा किए गए कार्यों की मान्यता है, जिसने न केवल ग्राहकों को संतुष्ट किया है, बल्कि इस आय वर्ग के लिए बढ़ती आवास समस्या का कॉस्ट इफेक्टिव समाधान भी प्रदान किया है। अग्रवाल ने आगे कहा, हम एक वैश्विक दृष्टिकोण के साथ 21 वीं सदी की रियल एस्टेट कंपनी हैं, और भारतीय मूल्यों के साथ पोषित हैं। हम एक ब्रांड के रूप में जाने जाते हैं जो वास्तविकता, विश्वसनीयता और जिम्मेदारी के लिए खड़ा है। हम अफोर्डेबल और मिड इनकम ग्रुप वाले आवास के माध्यम से लोगों की पहुंच के भीतर सपनों का घर बनाते हैं और अपने देश के आम आदमी को घर उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक की मौत पर शव रखकर परिजनों ने लगाया जाम



**फरीदाबाद।** पल्ला इलाके में एक युवक के शव को रखकर परिजनों ने जाम लगा दिया। जबकि पुलिस ने पहले ही पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने एक युवक के मुंह में सरिया घुसेड़ देने का मामला दर्ज कर रखा था। एक सप्ताह बाद इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पल्ला थाना पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर जाम खुलवा दिया और मुकदमे में हत्या की धाराएं जोड़ दी हैं और दो युवकों को गिरफ्तार किया है। **यह था मामला:** सूर्या विहार पार्ट दो निवासी रवीना ने पल्ला थाने में दी अपनी शिकायत में कहा कि उसका पति उदयवीर दिल्ली में फायर अलार्म लगाने का काम करता था। उसका पडोसियों से किसी बात को लेकर पुराना झगड़ा था। जिसके कारण गत 19 सितम्बर की रात को पडोस में रहने वाले महराज खान, राजा खान व रवि वर्मा ने उदयवीर को रोक कर मारपीट के दौरान एक सरिया उठाकर उसके मुंह में घुसेड़ दिया। इससे उसके गले व चेहरे पर काफी चोट आई। जिस पर वह लहुलुहान हो गया। आसपास के लोगों ने किसी तरह उसे छुड़ाया और अस्पताल में भर्ती कराया। सोमवार को डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पल्ला थाना प्रभारी योगेश कटारिया का कहना है कि पहले मारपीट व हत्या के प्रयास की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया था। अब मुकदमे में हत्या की धाराएं जोड़ दी हैं। इस मामले में सलमान और सोएब नाम के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों भी लड़ाई में साथ थे। बाकी आरोपितों की तलाश की जा रही है।

### शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर

**फरीदाबाद।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर शहीद भगत सिंह सेवा सदन एवं लांयस क्लब फरीदाबाद सिटी 321ए द्वारा 48वां रक्तदान शिविर का आयोजन नीलम-बाटा रोड स्थित वैश्य भवन परिसर में किया गया। इस रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय कवि दिनेश रघुवंशी ने किया। इस मौके पर लायन सुनील अग्रवाल, फरीदाबाद जिला टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संदीप सेठी, एस.रहमान, वरूण श्योकंद विशेष रूप से उपस्थित थे। इस शिविर में 155 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। शिविर के आयोजक एवं संस्था के अध्यक्ष सलीम अहमद ने आए हुए सभी अतिथियों का पगड़ी बांधकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। राष्ट्रीय कवि दिनेश रघुंवशी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को वर्ष में कम से कम तीन बार अवश्य रक्तदान करना चाहिए। इस मौके स्व. शीतल प्रसाद शर्माजी की पुण्य तिथि के मौके पर उनके पुत्र एवं संस्था के उपाध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा द्वारा दो दिव्यांग जनों को ट्राईसाईकिल भेंट की। इस अवसर पर संस्था के महासचिव सुनील जुनेजा, उपप्रधान भुवनेश्वर शर्मा, राजू बजाज, गौरव अग्रवाल, रमेश छाबड़ा, सोनू, सचिव मोहम्मद इरफान, मतीन अहमद, मोहम्मद इदरीश, हकीमीन सैफी, मुकेश कपूर, भूपेन्द्र सिंह, रवि कांत भाटिया, निर्मल सिंह, मानस कपूर, रवि राजपाल, मनोज अलोहिया, महेश लोहिया, ओमप्रकाश छाबड़ा, सकिर मलिक, अवध किशोर, मास्टर मुन्नीलाल, विक्रम कटारिया, नरेन्द्र कटारिया, प्रधान वैश्य भवन ओ पी बंसल, आनंद गुप्ता, सरदार हरदयाल सिंह सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### महिला से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** महिला थाना एनआईटी प्रभारी माया की टीम ने महिला के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सौरव (20) एनआईटी का रहने वाला है। आरोपी को महिला थाना पुलिस ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से गुरुग्राम के वजीरपुर एरिया से रेड कर थाना एनआईटी के दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार किया है। पीडिता ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी से पिछले कुछ दिनों पहले ही दोस्ती हुई थी। आरोपी ने वारदात के संबंध में किसी को बताने पर अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने व परिवार वालों को जान से मारने की धमकी दी थी। महिला की शिकायत पर महिला थाना एनआईटी में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी।

### 19 साल से फरार इनामी दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पीओ स्टाफ सेक्टर-14 प्रभारी नरेश कुमार की टीम ने एक नाबालिंग लडकी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अनजाम देने वाले, 19 वर्ष से फरार चल रहे ईनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम कृष्णा उर्फ किशन (42वर्ष) बंगाली है। आरोपी वर्तमान में फरीदाबाद में संतनगर रेलवे स्टेशन के पास तथा मूल रुप से पश्चिम बंगाल के बहरमपुर का रहने वाला है। आरोपी को पीओ स्टाफ टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से रेड कर बहरमपुर पश्चिम बंगाल से थाना सेन्ट्रल के मुकदमें में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने वर्ष 2003 में एक 14 वर्ष की नाबालिग लडकी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। नाबालिग लड़की के परिजनों की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ थाना सेंट्रल में दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें आरोपी को अदालत के द्वारा 10 साल की सजा सुनाई गई थी। आरोपी जमानत पर आने के बाद अदालत में हाजिर नही हुआ। अदालत में हाजिर न होने पर बार-बार नोटिस देने के बाद भी आरोपी अदालत में पेश नहीं हुआ। जिस के चलते आरोपी पर 5000/-रु का ईनाम घोषित कर दिया गया।

### राजेश पायलट पार्क में किया पौधारोपण

**फरीदाबाद।** सेक्टर-9 रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन फ्रेंड्स एनक्लेव द्वारा राजेश पायलट पार्क में पौधारोपण कर पौधारोपण अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर एसोसिएशन के सरपरस्त एम.एम. नागपाल, प्रधान सुरेश खोसला, सचिव संजय मिढ्डा के अलावा एसोसिएशन के अन्य कई पदाधिकारी मौजूद थे। एमएम नागपाल व प्रधान सुरेश खोसला ने कहा कि सही मायने में देखा जाए तो वृक्ष ही जीवन का आधार हैं। इस अवसर पर राजपाल गुप्ता, रवि, तरूण रोहिल्ला, मुकेश अग्रवाल, विक्की, मोहित, संदीप मास्टर, संजय गुप्ता, शैलेन्द्र पाठक, डीएन गुप्ता, अशोक कालरा, सलमान, राजपाल बंसल, जे.एन.खुराना, सिंगला जी सहित सैक्टर-9 वासी मौजूद थे।

### बुजुर्गों ने दी पूर्व उप-प्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल को श्रद्धांजलि

**फरीदाबाद।** एनएच-2 स्थित ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने गरीबों और किसानों के मसीहा पूर्व उप-प्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल की जयंती पर सेक्टर 12 स्थित टाऊन पार्क में बनी उनकी विशाल प्रतिमा पर फूल चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सभी बुजुर्गों ने ताऊ दवीलाल जिन्दाबाद, ताऊ देवीलाल अमर रहे के नारे लगाकर अपने प्यार को उनके प्रति समर्पित किया। इस अवसर पर बुजुर्गों ने कहा कि ताऊ देवीलाल जैसे मसीहा और उनके द्वारा भेजे गए दूत आश्रम के संचालक किशन लाल बजाज के कारण ही आज उन्हें छत और रोटी-पानी नसीब हो रहा है। उन्होंने कहा कि ताऊ देवीलाल महान नेता के साथ साथ सच्चे इंसान भी थे। जो किसी भी गरीब और वृद्ध का दुख दर्द नहीं देख सकते थे। यही कारण था कि उन्होंने अपने जीवनकाल में वृद्धों को ध्यान रखते हुए जगह जगह वृद्ध आश्रम खुलवाए। कृष्णलाल बजाज ने कहा कि चौधरी देवी लाल का महज नाम-मात्र लेने से ही हजारों की संख्या में बुजुर्ग एवं नौजवान उद्वेलित हो उठते हैं।

### पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर किया जागरुक

**फरीदाबाद।** नशा तस्करों के खिलाफ फरीदाबाद पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में कल मुजेसर एरिया में नशा तस्करों द्वारा अवैध तरीके से कमाई गई संपत्ति की तोड़फोड़ की जाएगी, जिसके लिए डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादियान के नेतृत्व में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डीसीपी एनआईटी के नेतृत्व में निकाले गए फ्लैग मार्च में भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। फरीदाबाद पुलिस द्वारा इन नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए इनके द्वारा अवैध तरीके से कमाई गई संपत्ति को धराशाई किया जा रहा है। इस कार्रवाई में पुलिस का सहयोग करें।

# सड़क में गहरे गड्ढे होने से गाड़ौली से पहले पटौदी रोड एक तरफ से बंद

## काफी समय से सड़क टूटी थी, बरसात में और टूट गई

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम-पटोदी रोड पर राधा-स्वामी सत्संग भवन से पहले गहरे गड्ढे होने के कारण बंद की गई सड़क।

**पटौदी** रोड पर राधा-स्वामी सत्संग भवन के आसपास कुछ तो सड़क पहले से टूटी पड़ी थी। रही सही कसर बारिश ने निकाल दी। पूरी सड़क में गहरे गड्ढे हो चुके हैं। जब बरसात का पानी लबालब भरा था तो कई वाहन इसमें फंसे। जिससे उनका नुकसान भी हुआ। ऐहतियात के तौर पर अब आसपास के लोगों ने इस सड़क को बंद कर दिया है, ताकि किसी का जान-माल का नुकसान ना हो।

गुरुग्राम की मेयर मधु आजाद की नजर में यह सड़क कहीं से नहीं टूटी है। गुरुग्राम के सेक्टर-10 चौक से आगे पटौदी रोड पर हरसरू तक सड़क की जो खस्ता हालत है, वह नगर निगम के विकास के दावों की पोल खोलती है। इस सड़की यह हालत आज से नहीं है, बल्कि पिछले करीब एक साल से है। अब बरसात आने के बाद तो यह सड़क और भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इसमें गहरे गड्ढे भी हो चुके हैं। बरसात में कई जगह पर इन गड्ढों में वाहन फंसे नजर आए। वाहनों में नुकसान भी हुआ। बरसाती पानी मुख्य सड़क से निकला तो गड्ढे वाली जगह से सड़क के पास से सड़क को बंद कर दिया गया है, क्योंकि गहरे गड्ढों में अभी भी पानी भरा हुआ है। सड़क अब पूरी तरह से बंद है।

### मेयर बोलीं-देखोजी, सड़कें भी सब बनी पड़ी हैं...



**गुरुग्राम** की मेयर मधु आजाद को जब पटौदी रोड के क्षतिग्रस्त होने के बारे में जानकारी दी गई तो उन्होंने इससे इंकार कर दिया। मेयर ने कहा-देखो जी, सड़कें भी सब बनी पड़ी हैं। सड़कें टूटी हों, ऐसा कुछ नहीं है। आप बता दो कहां टूटी है। जब जनप्रतिनिधि ही शहर की समस्याओं से अनजान है तो किससे सुधार की उम्मीद की जाए। मेयर को चाहिए वे अपनी पार्टी के उन नेताओं से भी अपडेट ले लें, जो गढ़ी गाड़ौली के रहने वाले हैं। वे पार्टी में पदाधिकारी भी हैं।

### कभी भी गिर सकता है गाड़ौली नाले का पुल

बात करें नगर निगम के पटौदी रोड पर पहले गांव गाड़ौली की। यहां गांव से ठीक पहले गंदे नाले पर बना पुल भी क्षतिग्रस्त होता जा रहा है। करीब एक माह पूर्व इस नाले में डूबे एक बच्चे का कुछ पता नहीं चल पाया। उस समय ग्रामीणों ने जाम लगाकर इन सब कार्यों को पूरा करने की मांग की थी। प्रशासन ने आश्वासन देकर तो लोगों को जाम से हटा दिया, लेकिन आज तक वहां पर कुछ नहीं किया गया है। पुल की एक बड़ा हिस्सा पिछले दिनों टूट गया था। लोहे की सीट से उस हिस्से को ढक दिया गया है और उसके आसपास सीमेंट के बने दो बड़े-बड़े टुकड़े रख दिए हैं। अब वहां से वाहन नहीं निकल रहे। ग्रामीणों का कहना है कि यह पुल कभी भी गिर सकता है। यहां से भारी वाहनों का आना-जाना रहता है। कभी भी यहां बड़ा हादसा हो सकता है।

# अग्रवाल जाति के पितामह थे महाराजा अग्रसेन : विधायक सुधीर सिंगला

## महाराजा अग्रसेनजी की जयंती पर की पूजा-आरती

## अग्रवाल समाज से महाराजा अग्रसेन जी के पदचिन्हों पर चलने को किया प्रेरित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में महाराजा अग्रसेन जी को नमन करते विधायक सुधीर सिंगला।

**सोमवार** को महाराजा अग्रसेन जी की जयंती के अवसर पर गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने यहां सदर बाजार के पास महाराजा अग्रसेन चौक पर उनकी प्रतिमा पर उनकी पूजा व आरती करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान काफी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग मौजूद रहे।

महाराजा अग्रसेन को नमन करने के कार्यक्रम में नरेश गुप्ता, पंकज गुप्ता, मुकेश सिंघल, चंद्रभान गोयल, दविंद्र गुप्ता, रविन्द्र जैन, ईश्वर मित्तल, अमित गुप्ता, अजय, अमित गोयल, अनिल गुप्ता, नवीन गुप्ता, सुनील सिंगला, अभिनव बंसल, प्रिंस मंगला, राजेश गुप्ता, निशांत गर्ग व अन्य गणमान्य मौजूद रहे। अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि महाराजा अग्रसेन एक पौराणिक समाजवाद के अग्रदूत, युग पुरुष, राम राज्य के समर्थक और महादानी तथा समाजवाद के पहले जनक थे। महाराजा अग्रसेन अग्रवाल जाति के पितामह थे। वे अग्रोदय नामक गणराज्य के महाराजा थे। जिसकी राजधानी अग्रोहा थी। विधायक सुधीर सिंगला ने बताया कि माता लक्ष्मी की कृपा से श्री अग्रसेन के 18 पुत्र हुये। महर्षि गर्ग ने महाराजा अग्रसेन को 18 गणाधिपतियों के साथ 18 यज्ञ करने का संकल्प करवाया। यज्ञों में बैठे इन 18 गणाधिपतियों के नाम पर ही अग्रवंश के गोत्रों (अग्रवाल समाज) की स्थापना हुई। उस समय यज्ञों में पशुबलि अनिवार्य रूप से दी जाती थी।

जिस समय 18वें यज्ञ में जीवित पशुओं की बलि दी जा रही थी, महाराज अग्रसेन को उस दृश्य को देखकर घृणा पैदा हो गई। उन्होंने यज्ञ को बीच में ही रोक दिया और कहा कि भविष्य में मेरे राज्य का कोई भी व्यक्ति यज्ञ में पशुबलि नहीं देगा, न पशु को मारेगा, न मांस खाएगा और राज्य का हर व्यक्ति प्राणी मात्र की रक्षा करेगा। इस घटना से प्रभावित होकर उन्होंने अहिंसा धर्म को अपना लिया।

# लाल बहादुर शास्त्री के नाम भाविप की 11वीं शाखा के संरक्षक बने सीकरी




गुरुग्राम में भारत विकास परिषद की 11वीं शाखा लाल बहादुर शास्त्री शाखा के गठन के दौरान शपथ लेते नए पदाधिकारी।

**गुरुग्राम।** भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। आज दुनिया यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए भारत की मध्यस्ता की आस लगाए है। यह बात राष्ट्रीय स्वंसेवक संघ के प्रांत संघ चालक पवन जिन्दल ने भारत विकास परिषद गुरुग्राम की 11वीं शाखा के दायित्व एवं संकल्प कार्यक्रम में कही।

समाजसेवी बोधराज सीकरी को इस शाखा के संरक्षक बनाया गया है। पवन जिंदल ने कहा कि भारत विकास परिषद देश में समाज के उत्थान का काम कर रही है। सेवा संस्कार के माध्यम से समाज को जोड़कर व दीन-दुखियों तक पहुंचकर सेवा का कार्य करके देश को परम वैभव की ओर ले जाने में इसका सहयोग अतुलनीय है। विशिष्ट अतिथि और इस नई शाखा के संरक्षक बोधराज सीकरी ने कहा कि सेवा से जो पुण्य की प्राप्ति होती है। उससे बढ़कर किसी और में नहीं। उनकी ओजस्वी वाणी ने सबका मन गदमद कर दिया। साथ ही उन्होंने प्राप्त नव दायित्व को निष्ठापूर्वक निभाने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में पधारे लाल बहादुर के सुपुत्र सुनील शास्त्री ने कहा कि आपने हमारे बाबूजी के नाम से इस शाखा का नामकरण किया, इसके लिए आभार।

# सोहना में रामलीलाओं का मंचन शुरू, उमड़ने लगे शहरवासी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



रविवार को सोहना में रामलीला मंचन के दौरान एक पात्र।

**रविवार** से शहर में रामलीला मंचों का संचालन शुरू हो गया। शानदार रामलीला क्लब द्वारा शहर में शोभायात्रा निकालते हुए शुभारंभ किया। वहीं सनातन धर्मशाला राममंदिर क्लब ने श्रवण कुमार नाटक की प्रस्तुति करते हुए मंच का संचालन शुरू किया।

शहर में पिछले करीब एक सप्ताह से चल रही रामलीला मंच सजावट रविवार को शुरू हो गए। शहर की हनुमान बगीची में देश की आजादी से पूर्व बना शानदार रामलीला क्लब ने इस बार रामलीला मंच का जोरदार तरीके से शुरुआत की। शहर में पहली बार शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें शानदार झाकियों का प्रदर्शन रहा। शोभा यात्रा में शहनाई वादन टीम की पीकरी की मधुर आवाज सुनने के लिए शहरवासी अपने घरों से बाहर रास्ते में आकर खड़े हो गए। शोभा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में शहरवासियों ने भाग लिया। वहीं पंजाबी धर्मशाला में पहली बार सजा रामलीला का मंच पर माता-पिता भक्त श्रवण कुमार के नाटक का प्रदर्शन करके सनातन धर्मसभा राममंदिर क्लब ने शुरूआत की। सोमवार से रामलीला का पहला पाठ का प्रदर्शन हुआ। शहरवासी देर रात तक रामलीलाओं का मंचन देखने के लिए उमड़ने लगे हैं।

**रामलीला मंचन के साथ पुलिस हुई मुस्तैद :** शहर में रामलीला मंच का संचालन होने के साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने भी मैदान संभाल लिया है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि रामलीला मंच के आस-पास पुलिस तैनात रहेगी। इसके अलावा शहर में पुलिस की गश्त को पहले से अधिक बढ़ाया गया है।

# सोहना सबडिवीजन को चला रहा सिर्फ एक जेई, तीन पद हैं खाली

## बिजली निगम के सबडिवीजन में आते हैं 102 गांव और 40 हजार की आबादी का कस्बा भी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना बिजली निगम में तैनात एसडीओ लियाकत अली।

**सोहना** बिजली निगम के सबडिवीजन में आने वाले 102 गांव तथा 40 हजार की आबादी वाले शहर के लिए नियुक्त चार जेई पदों में से तीन खाली है। एक मात्र जेई शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति के कार्य की देखरेख करने को मजबूर है। बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय में बिजली आपूर्ति की देखरेख करने के लिए जेई के चार पद में से तीन पिछले करीब एक साल से खाली है।

एक मात्र जेई कभी-कभी कार्य का अधिक बोझ होने के कारण 24 घंटा ड्यूटी कर रहा है। हाल ही में तीन दिन तक हुई लगातार बारिश के दौरान शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के एक बाद एक फीडर पर बिजली आपूर्ति ठप होती चली गई थी। लेकिन जेई न होने के कारण सभी फीडरों को चालू करना बहुत ही मुश्किल हो गया था। ग्रामीण क्षेत्र के फीडर काम अधिक होने के कारण 24 से 36 घंटा ठप रहे थे।

> **सोहना** सबडिवीजन में जल्द ही जेई के खाली पदों को भरा जाएगा। ताकि सोहना सबडिवीजन में बिजली आपूर्ति की परेशानियों को समय पर दूर किया जाए सके।
>
> **पीके चौहान**
> **( एसई बिजली निगम )**

### 24 घंटा में बाधित बिजली आपूर्ति हुई ठीक

**निगम** के अधिकारी और छोटे कर्मचारियों ने जेई मुस्तकलिन के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलते हुए बाधित हुई बिजली आपूर्ति को 24 घंटा में चालू कर दिया। शनिवार की शाम से सबडिवीजन के सभी 102 गांव व शहरी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बिना कट के चल रही है। एसडीओ लियाकत अली ने बताया कि सबडिविजन में तैनात एक मात्र जेई को हौसला नहीं हारने दिया। इस दौरान निगम के फोरमैन, लाइनमैन आदि कर्मचारियों ने रीढ़ की हड्डी बनकर कार्य करते हुए सभी फीडरों को चालू कराने में मदद की थी।

# सीआईए पुलिस ने बदमाश को हथियार समेत दबोचा

**सोहना।** सोहना की अपराध शाखा पांच पुलिस ने बदमाश को अवैध हथियार समेत गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ शहर थाना में मामला दर्ज कराया गया। शनिवार की शाम को अपराध शाखा पांच पुलिय में तैनात एएसआई कमलसिंह अपनी टीम के साथ बाईपास चौक पर गश्त कर रहा था। उसी समय एएसआई कमल को सूचना मिली कि जिला नूंह का थाना पिगंवा का गांव फलंडी निवासी बदमाश राहुल तावडू जाने वाले मार्ग के अंसल मोड पर खड़ा है।

राहुल के पास हथियार है और वह अपराधिक वारदात को अंजाम देने की फि राक में है। एएसआई कमलसिंह ने बदमाश राहुल को मौके पर पहुंच दबोच लिया। जिसके पास से तलाशी के दौरान एक जिन्दा राउंड भी बरामद किया है। जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में लेते हुए आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार लेकर घूमने का मामला दर्ज कराया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम के विकास में उत्तराखंड वासियों की भी भूमिका : गोयल




गुरुग्राम में नवीन गोयल का सम्मान करते उत्तराखंड के लोग।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में रह रहे उत्तराखंड के लोगों की सामाजिक संस्था कुमाऊं भ्रातृ मंडल की ओर से पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में उनके द्वारा किए समाजहित में किए गए नेक कार्यों की सराहना करते हुए उनका सम्मान किया गया। कुमाऊं प्रांत मंडल के प्रधान सुरेश चंद्र काला, उपाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, महासचिव करण सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी, लेखाकार ध्यान सिंह रावत, धर्मशाला प्रबंधक गोविंद सिंह गढ़िया, संयुक्त सचिव सुरेंद्र सिंह रावत, मंडल संरक्षक केशव दत्त शर्मा, धीरज सुयाल, प्रकाश सती, हरीश कुवार के अलावा महेंद्र मेहरा, कैलाश जीना, राजेंद्र रावत आदि ने नवीन गोयल का सम्मान किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में नवीन गोयल ने उत्तराखंड के लोगों के इस सम्मान का सदा मान रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के लोग व्यवहार कुशल और कर्मयोगी हैं। जहां भी जाते हैं, वे अपनी देवभूमि की संस्कृति को भी आगे बढ़ाते हैं और स्थानीय लोगों के साथ भी घुल-मिलकर रहते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन के नाम पर उत्तराखंड में बहुत कुछ है। धार्मिक स्थल केदारनाथ, बद्रीनाथ, हेमकुंड साहिब, मनसा देवी, यमुनोत्री, गंगोत्री, नीलकंठ, भीम ताल, नैनी माता मंदिर आदि प्रसिद्ध हैं। उत्तराखंड में ही सियाचीन बॉर्डर के पास देश का अंतिम गांव माना है। वह बद्रीनाथ से कुछ दूरी पर है। सभी स्थल ऐतिहासिक हैं। नवीन गोयल ने कहा कि कुमाऊं प्रांत मंडल द्वारा दिए गए सम्मान के वे सदा ऋणी रहेंगे।

### सोहना नगर परिषद चेयरपर्सन मामले में सुनवाई 7 नवंबर को

**सोहना।** नगर परिषद चेयरपर्सन मामले में आज होने सुनवाई 7 नवंबर को होगी।। मामला लंबित होने के आसार बनते जा रहे हैं। परिषद की कमांड सोहना एसडीएम के हाथों में ही रहेगी। सोमवार को सोहना नगरपरिषद चेयरपर्सन विवाद में हाइकोर्ट में सुनवाई होनी थी। जिसका कारण उच्च न्यायालय में हड़ताल होना बताया जा रहा है। मालूम रहे कि गत 19 जून को सोहना नगरपरिषद चेयरपर्सन पद का चुनाव सम्पन्न हुआ था। ये चुनाव सरकार द्वारा सीधे तौर पर कराया गया था। जिसमें बीजेपी उम्मीदवार अंजू देवी ने आप पार्टी उम्मीदवार ललिता को करीब 1800 मतों से शिकस्त दी थी। आप पार्टी उम्मीदवार ललिता ने अंजू देवी के खिलाफ बोगस व फर्जी मार्कशीट का आरोप लगाकर हाइकोर्ट में याचिका दायर कर दी थी। जिसपर संज्ञान लेते हुए अदालत ने सरकार व प्रशासन से समस्त रिपोर्ट अदालत के समक्ष दाखिल करने के फरमान जारी कर दिए थे। सूत्र बताते हैं कि प्रशासन ने मामले की समस्त रिपोर्ट अदालत में सौंप दी है।

### रामलीला में रामजी का जन्म, बड़े होकर राक्षसों का किया संहार



गुरुग्राम में श्रीदुर्गा रामलीला में राम जन्म का दृश्य।

**गुरुग्राम।** रामलीला के दूसरे दिन राम जन्म की लीला का मंचन किया गया। रामजन्म पर लोगों ने नाच-गाकर खुशियां मनाई। इसके बाद रामचंद्र जी बड़े हुए और फिर राक्षसों का भी सर्वनाश किया। रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के जन्म की खुशियां मनाने की लीला ने सबको मन मोह लिया। राम जन्म से पहले की दिखाई गई लीला में दर्शाया गया कि देवताओं को राक्षसों द्वारा परेशान किया जा रहा है। इसके बाद विष्णु भगवान से आराधना की गई कि वे अवतार लेकर इनका सर्वनाश करें। इसके बाद राजा दशरथ का दरबार सजाया गया। राजा दशरथ को अपने महल में चिंतित दिखाया गया। राजा दशरथ तीन रानियों के होते हुए एक भी संतान नहीं होने को लेकर दुखी थे। इस दुख की घड़ी में उन्होंने मुनि वशिष्ठ के आश्रम में दस्तक दी और वशिष्ठ जी से अपनी चिंता का इस तरह से कारण बताया-विवाह कर चुका तीन, फिर भी न मनोरथ सिद्ध हुआ। इस पर मुनि वशिष्ठ ने एक उपाय बताया कि वे अपने महल में हवन-यज्ञ करें। वह हवन भृंगि ऋषि से कराएं। राजा दशरथ ने वैसा ही किया। इस दौरान मुनिजी की ओर से भेंट की गई खीर को तीनों रानियों कौशल्या, कैकेयी व सुमित्रा को खिला दिया। इस खीर को खाने से तीनों रानियों को चार बेटे हुए। इस खुशी में राजा दशरथ फूले नहीं समाए। लीला के मंच पर राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न के जन्म की जो खुशियां मनाई गई, वे बड़े ही आनंददायी रही। बहुत ही धार्मिकमय माहौल में यहां पर राम जन्म की खुशियां मनाई गई। राम जन्म की बधाई लेने के लिए यहां किन्नर भी पहुंचे। मंच पर पहुंचते ही किन्नरों ने गीत, संगीत के माध्यम से धूम मचा दी। बधाईयां देने के गीतों पर खूब नृत्य किया। इसके बाद सभी राजकुमारों का बड़े ही बेहतर तरीके से लालन-पालन हुआ। उनको शिक्षा-दीक्षा दिलवाई गई। इसके बाद राम ने ताड़का राक्षसी का वध करके धरती को पाप से मुक्त करने का प्रयास शुरु किया गया।

# अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2022 के 36 घंटों के दौरान पूरे भारत में देखने को मिली ग्राहकों और विक्रेताओं की रिकॉर्ड भागीदारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

Amazon.in पर एक दिन में सबसे अधिक प्राइम साइन अप प्राप्त हुए; जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 1.9 गुना अधिक थे। इनमें से 68 फीसद साइनअप टियर 2 और 3 शहरों प्राप्त हुए। Amazon.in पर 500 मिलियन से अधिक भारतीय ग्राहकों को कैशबैक और EMI ऑफर प्राप्त हुए। पिछले वर्ष की तुलना में 50% अधिक ग्राहकों ने EMI या पे लेटर का विकल्प चुना।

स्मार्टफोन, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और ग्रॉसरी कैटेगरी ने सबसे ज्यादा नए ग्राहकों को आकर्षित किया; होम एसेंशियल कैटेगरी में लैपटॉप और अन्य वर्क फ्रॉम होम और स्कूल फ्रॉम होम प्रोडक्ट की मांग सबसे ज्यादा रही; 5जी स्मार्टफोन्स की मांग में सबसे ज्यादा तेजी देखने को मिली, वहीं मिड-रेंज से लेकर प्रीमियम स्मार्टफोन्स की ओर ग्राहकों का अधिक रुझान देखने को मिला।

कस्टमर अकाउंट में जमा किए गए सभी डायमंड्स (अमेजन का फेस्टिव रिवॉर्ड प्रोग्राम) में से 50 प्रतिशत से अधिक को पहले 36 घंटों में ऑफर और रिवॉर्ड के लिए रिडीम किया गया। अमेजन फैशन की 60 प्रतिशत से अधिक सेल टियर 2 और 3 शहरों से हुई। अमेजन ब्यूटी में ग्राहकों ने अपने पसंदीदा ब्रांडों की 6 गुना अधिक खरीदारी की। ग्राहकों ने सैमसंग, वनप्लस, एमआई, एलजी और सोनी जैसे टेलीविजन ब्रांडों को प्राथमिकता दी, जिसकी वजह से टीवी की रिकॉर्ड बिक्री हुई।

पहले 36 घंटों में, छोटे और मध्यम व्यवसायों, स्टार्टअप्स, कारीगरों, महिला उद्यमियों ने प्रोडक्ट की अब तक की सबसे बड़ी रेंज पेश की; इस दौरान लगभग 10 लाख अनूठे उत्पाद बिके; आम दिनों की तुलना में प्राइम अर्ली एक्सेस के दौरान सेलर्स साइन-अप में 1.75 गुना वृद्धि दर्ज की गई। अमेजन बिजनेस ने 36 घंटों में ग्राहकों की संख्या में 50 प्रतिशत की वृद्धि और ऑर्डर की संख्या में 100 प्रतिशत वृद्धि देखने को मिली। अमेजन फ्रैश का रोजाना कारोबार 2.5 गुना से अधिक बढ़ा।

ग्राहकों को अमेजन डिवाइस पसंद करते हैं, आम कारोबारी दिनों की तुलना में फायर टीवी स्टिक में 40 गुना की वृद्धि और इको डॉट में 35 गुना की वृद्धि दर्ज की गई।

गुरुग्राम Amazon.in ने प्राइम अर्ली एक्सेस और ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के पहले दिन के साथ 36 घंटों की अब तक की सबसे बड़ी शॉपिंग की शुरूआत की है। Amazon.in पर एक दिन में सबसे अधिक प्राइम साइन अप प्राप्त हुए हैं; जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 1.9 गुना अधिक थे। इनमें से 68% साइनअप टियर 2 और 3 शहरों प्राप्त हुए हैं।

मनीष तिवारी, वाइस प्रेसिडेंट और कंट्री मैनेजर, इंडिया कंज्यूमर बिजनेस, अमेजन ने कहा, अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल ने ग्राहकों और सेलर पार्टनर्स की ओर से शानदार रिस्पॉन्स के साथ एक रोमांचक शुरुआत की है। यहां छोटे और मध्यम व्यवसायों, स्टार्टअप्स, कारीगरों, महिला उद्यमियों की ओर से पूरे भारत में मौजूद हमारे ग्राहकों को प्रोडक्ट की विशाल रेंज की पेशकश करते हुए देखना हमारे लिए बेहद उत्साहजनक है। हमें प्राइम मेंबर साइन अप में वृद्धि के साथ ही सभी श्रेणियों में खरीदारी करने वाले ग्राहकों की संख्या में ग्रोथ देखकर बेहद खुशी हो रही है।

# किसान के नशे में गाली देने और लाठी मारने पर हुई हत्या

## किसान सतीश हत्याकांड में गिरफ्तार नौकर पवन उर्फ छोटू ने पुलिस पूछताछ में खोला राज



सोहना की गहलोत कॉलोनी निवासी सतीश हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपी।

**सोहना।** किसान के शराब पीने के दौरान उसकी मौत का कारण नौकर को पहले गाली देना और फिर लाठी मारना बना। शराब के नशे में धुत गुस्साए नौकर ने झोपड़ी में से टंगे धारदार हथियार को लेकर एक बाद एक दर्जन भर बार वार कर दिए।

सोहना की गहलोत कॉलोनी निवासी किसान सतीश हत्याकांड में गिरफ्तार नौकर पवन उर्फ छोटू ने पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में हत्या करने का राज खोल दिया। मृतक के भाई संदीप द्वारा पुलिस को दर्ज कराई शिकायत के उलट नौकर पवन उर्फ छोटू ने सतीश की हत्या करने का राज का खुलासा किया है। पवन उर्फ छोटू ने पुलिस को बताया कि हत्या से पहले सतीश ने खेत पर ही उसके साथ बैठकर शराब पी थी। शराब पीते-पीते सतीश को नशा हो गया। सतीश शराब के नशा में उसे गाली-गलौज करने लगा। उसने सतीश को कई बार गंदी-गंदी गालियां देने से रोका, लेकिन सतीश ने पास पड़ी लाठी को उठाते हुए उसके पेट के ऊपर जोर से दे मारी। लाठी लगने से उसे गुस्सा आ गया और वह दौड़कर झोंपड़ी में गया। जहां टंग रहे धारदार (खेती में काम आने वाला औजार) हथियार को लेकर सतीश पर तब तक वार किए। जब तक उसकी जान न निकल गई। पवन उर्फ छोटू ने बताया कि तीन दिन पहले भी सतीश ने उसे गालियां दी थी। नौकर ने बताया कि सतीश अक्सर नौकरों को गालियां देता रहता था। वह सतीश से अपनी मजदूरी के पैसा मांग रहा था। ताकि सतीश के यहां से काम छोड़कर कही और चला जाए। उसे सतीश द्वारा दी जाने वाली गालियां से सख्त नफरत हो गई थी।

# एसबीआई कार्ड ने फेस्टिव ऑफर-2022 के शुभारंभ की घोषणा की

## ऑनलाइन और ऑफलाइन मर्चेंट में 16 से अधिक ऑफ़र के साथ ग्राहकों के लिए बढ़ने वाला है त्योहारों का उत्साह

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** के सबसे बड़े प्योर-प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता, एसबीआई कार्ड ने अपने फेस्टिव ऑफर 2022 के इस अवसर पर देश भर के ग्राहकों के लिए कई आकर्षक ऑफर पेश किए हैं, जो 22 सितंबर 2022 से 31 अक्टूबर 2022 तक जारी रहेंगे। देश के टियर 1, टियर 2 और टियर 3 शहरों में विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मर्चेंट में 1600 से अधिक ऑफर के साथ एसबीआई कार्ड ने अपने ग्राहकों के खरीदारी के अनुभव को अधिक फायदेमंद बनाते हुए उनके लिए त्योहारों की खुशियां बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय विभिन्न प्रकार के सामानों पर आकर्षक ऑफ़र की पेशकश की जा रही है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, फैशन एवं लाइफ़स्टाइल, आभूषण, ट्रैवल एवं ऑनलाइन मार्केटप्लेस इत्यादि शामिल हैं। एसबीआई कार्ड ग्राहकों के लिए फेस्टिव ऑफर 2022 के अंतर्गत 2600 शहरों में 70 से अधिक राष्ट्रीय ऑफ़र के साथ-साथ 1550 क्षेत्रीय और हाइपरलोकल ऑफर शामिल हैं। फेस्टिव ऑफ़र के तहत ग्राहक विभिन्न पार्टनर ब्रांड्स में 22.5% तक कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं।

एसबीआई कार्ड ने अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल सेल' के लिए अमेजन के साथ विशेष साझेदारी की है, जो एसबीआई कार्ड के ग्राहकों के लिए प्रमुख प्रस्तावों में से एक है। यह साल के सबसे बड़े ऑनलाइन सेल आयोजनों में से एक है, जो 03 अक्टूबर, 2022 तक जारी रहने वाला है। इसके अलावा, एसबीआई कार्ड ने अपने मूल्यवान ग्राहकों के लिए देश-विदेश के लगभग 28 प्रमुख साझेदार ब्रांडों के सहयोग से कई तरह के ऑफर पेश किए हैं। इनमें फ्लिपकार्ट, सैमसंग मोबाइल, रिलायंस ट्रेंड्स, पैंटालून्स, रेमंड्स, एलजी, सैमसंग, सोनी, एचपी, मेक माई ट्रिप, गोआइबिबो, विशाल मेगा मार्ट, रिलायंस ज्वेल्स, कैरेटलेन, हीरो मोटर्स, और इसी तरह के कई जाने-माने ब्रांड्स शामिल हैं।

रामा मोहन राव अमारा, एमडी एवं सीईओ, एसबीआई कार्ड, के अनुसार, हमारे अनुभव के अनुसार त्योहारों के अवसर पर ग्राहक अधिक खर्च करते हैं, जिसमें पहले से योजना बनाकर किए जाने वाले और अनियोजित, दोनों प्रकार के खर्च होते हैं। ग्राहकों को सबसे ज्यादा अहमियत देने वाले ब्रांड के नाते, हमने हमेशा अपने ग्राहकों के भुगतान अनुभव को पहले से कई गुना बेहतर बनाने का प्रयास किया है, चाहे वे ऑनलाइन खरीदारी करें या ऑफलाइन। इसी तर्ज पर हम ऐसे प्रस्तावों पर विशेष ध्यान देते हैं।

# भारी बारिश ने किसानों की हरी सब्जी को भी किया बर्बाद

### किसानों की सरकार से बरसात से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग

### जिला बागवानी अधिकारी ने कहा, किसान 72 घंटे के अंदर ई-फसल क्षति पोर्टल पर दर्ज कराएं शिकायत

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**क्षेत्र** में किसानों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। बाजरे की फसल के अलावा क्षेत्र में हरी सब्जी की खेती पर भी भारी प्रभाव पड़ा है। जिसकी वजह से किसान चिंतित है। परेशान किसानों ने शासन-प्रशासन से नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की है। दूसरी तरफ जिला बागवानी अधिकारी नूंह दीन मोहम्मद ने पीड़ित किसानों से 72 घंटे केअंदर ई-क्षति किसान पोर्टल पर ब्यौरा दर्ज कराने की बात कही है।

क्षेत्र ही नहीं बल्कि जिला में अधिकांश किसान हरी सब्जी की खेती करते हैं। बीते दिनों लगातार बरसात के कारण खेतों में पानी भरने से किसानों की सब्जी की अधिकांश फसल बर्बाद हो गई है। जिसकी वजह से किसान परेशान व मायूस है।



क्षेत्र के एक गांव के खेत में जलमग्न हुई सब्जी।

देहंगल एग्रीकल्चर तावडू संस्थान के निदेशक व युवा नेता हासिम खान बावला और क्षेत्र के किसानों ने बताया कि लगातार पांच दिनों तक बरसात होने की वजह से सब्जियों की खेती में भारी नुकसान हुआ है। खेतों में पानी भर जाने की वजह से किसानों की हरी सब्जी की कई फसलें जैसे हरा धनिया, लौकी, तोरई, बैगन, पालक, मूली, मैथी की फसल चौपट हो गई है। बरसात के कारण प्याज की फसल भी प्रभावित हुई है। जिसकी वजह से किसानों का भारी नुकसान हुआ है। हाशिम, महबूब व जाकिर ने बताया कि उन्होंने तीन एकड़ में गाजर, एक एकड़ में धनिया, दो एकड़ में मूली, एक एकड़ में मेथी व तीन एकड़ में प्याज लगाई थी, जो बरसात के कारण बर्बाद हो गई है।

वहीं बरसात के कारण बाजरे के अलावा बाजरे की कड़वी भी खराब हो गई है। जिसके कारण किसानों के सामने पशुओं के चारा का अभाव भी बन गया है। जिसको लेकर पशुपालक चिंतित है। इसके अलावा पशुपालक मोहम्मद हासिम, अख्तर अली, हाजी खान मोहम्मद, निसार, हसन मोहम्मद, रामू, रोहताश, रामसिंह, असगर, हारून आदि का कहना है कि बरसात में बाजरे की फसल से बनने वाला चारा (कड़वी) भी खेतों में पानी भरने से खराब हो गई है। जिसकी वजह से पशुपालकों के सामने चारा के अभाव का संकट मंडराने लगा है।

#### ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज कराएं शिकायत

**जिला** बागवानी अधिकारी नूंह दीन मोहम्मद का कहना है कि जिला में हुई बरसात से जिन किसानों की फसल क्षतिग्रस्त हुई है। वे किसान 72 घंटों के अंदर-अंदर ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल एचटीटीपीएसस्लेसफसलडॉटहरियाणाडॉटगोवडॉटइन/फार्मर पर लॉगइन पर क्षतिग्रस्त हुई फसल की भरपाई के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह फसल नुकसान की स्थिति में आवेदन, सत्यापन और मुआवजा प्रदान करने की प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में हरियाणा सरकार का ऐतिहासिक कदम है।

#### इतने फीसद नुकसान की जताई जा रही आशंका

**जिले** में करीब 36 हजार एकड़ से अधिक भूमि में किसानों ने सब्जी लगाई हुई है। जिनमें 20 हजार एकड़ में प्याज, दो हजार एकड़ में घीया व तोरी, 14 हजार एकड़ में गाजर, टमाटर, बैंगन, पालक, धनिया आदि सब्जियां लगाई गई हैं। बीते दिनों वर्षा के कारण जिलें में 50-60 फीसदी सब्जियों में नुकसान की आशंका है।

## सरकारें तो बदलीं, मगर नहीं बदली तो नगीना क्षेत्र की तस्वीर



गांव राजाका में जागरुकता रैली निकालते ग्रामीण।

### क्षेत्रवासियों ने सरकार पर लगाया आरोप, हमें नहीं मानती प्रदेश का हिस्सा

**मेवात।** सरकारें बदलती आ रही हैं, लेकिन हमारे क्षेत्र की तकदीर और तस्वीर नहीं बदली। हमें कह दिया जाता कि आप तो मेवात की राजधानी हो, मेवात का दिल हो। यह दर्दभरी कहानी एक गांव की नहीं बल्कि नगीना उप तहसील के 68 गांवों की है। जो देश बंटवारे के 76 साल बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।

विकास में बराबरी का अधिकार लेने के लिए सोमवार को गांव गंडूरी, गोहाना, रीठट, उमरा, उमरी, प्रताप बास, दानी बास, हसनपुर नूंह, बाजीदपुर के गणमान्य लोगों ने जन जागरुकता अभियान छेड़ा। पूर्व खंड कांग्रेस प्रधान जान मोहम्मद ने बताया कि 2018 में नूंह नीति आयोग का सबसे पिछड़ा जिला घोषित होने के बावजूद नगीना क्षेत्र की समस्याओं को केंद्र और राज्य सरकार ने दूर नहीं किया। पूर्व सरपंच आस मोहम्मद, सरपंच इलियास, सुब्बी ठेकेदार, दीनू, आरिफ, ममरू सरपंच जलालपुर, सहाबूदीन, अजमत ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नूंह जिले में 15 दौरे किए है लेकिन नगीना में एक भी नहीं किया। नगीना जिला का बीच होने के अलावा ढाई लाख आबादी वाला क्षेत्र है। यह ऐतिहासिक कस्बा है और जिले में सबसे पहले नगीना नगरपालिका बनीं थी। गंडूरी गांव के नंबरदार शरीफ खान, ऐजाज, समशूदीन, शमसू, मुराददीन, साबिर ने आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार नगीना क्षेत्र को प्रदेश का हिस्सा नहीं मान रही है तभी तो ध्यान नहीं दिया जा रहा। राजाका गांव के दयाराम, डॉक्टर इरशाद खान, इसलाम, मुस्ताक, राजेश चौकीदार, दादा कमरू, जुहरदीन, रजाक, असलम, मुबारिक, फैसल, हसीन, अरबाज, तालीम, अखलाक, सैकूल, रूकक्न, सहाबुदीन, तौकीक, अल्ताफ, पूर्व सरपंच अतीक, यहाया खान, फरदीन, यूनुस, शौकीन, इमरान, अकबर ने कहा कि मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री नगीना क्षेत्रवासियों का इंतिहान न लें अन्यथा आंदोलन पर बैठ गए तो उठेंगे नहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### वोट की मनाही पर सरपंची के दावेदार पर मारपीट कराने का आरोप

**तावडू।** उपमंडल की ग्राम पंचायत बेरी निस्फी में वोट देने से मना करने पर सरपंच पद दावेदार के समर्थकों द्वारा व्यक्ति के साथ मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने सदर थाना पुलिस को नो लोगों के खिलाफ शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। खरक निवासी आजाद के मुताबिक 19 सितंबर शाम को बेरी निवासी सरपंच पद दावेदार एक व्यक्ति जिसके साथ चार समर्थक व्यक्ति वोट मांगने आए थे। जिनमें से एक व्यक्ति को काफी समय पहले उधार दी गई रकम उन्होंने मांगी तो सभी तैश में आ गए। जिन्होंने मतदान केंद्र पर नहीं पहुंचने देने की धमकी दी। आरोप है कि उसी रात सरपंच पद दावेदार के समर्थकों ने उनके बेटे के मोबाइल पर फोन कर अंजाम भुगतने की धमकी दी। पीड़ित आजाद ने बताया कि 22 सितंबर दोपहर में जब वह बेरी होते हुए गांव खरक जा रहा था तो दबंगों ने जबरन रास्ते मे रोककर उस पर लाठी-डंडे आदि से हमला कर दिया। जिन्होंने मारपीट करते कहा कि हमारे सरपंच की बेइज्जती करने का नतीजा है। इस दौरान एक व्यक्ति ने फोन कर उन्हें बांधने के लिए भी कहा। साथ ही बदमाशों ने उनकी जेब से रुपये भी छीन लिए। शोर शराबा होने पर स्थानीय लोग एकत्रित हो गए। जिसके बाद सभी बदमाश उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इस बारे में मोहम्मदपुर पुलिस चौकी इंचार्ज भगवत का कहना है कि दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### सड़क दुघर्टना में पति की मौत, पत्नी ने इलाज के दौरान तोड़ा दम



**मेवात।** पुनहाना-शिकरावा मार्ग पर खेंचातान गांव पुल के समीप तेज रफ्तार पिकअप ने दंपति को टक्कर मार दी। जिससे पति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा पत्नी की इलाज के दौरान मौत हो गई। दंपत्ति पशुओं के लिए खेतों से हरा चारा लेने के लिए गए हुए थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ है। पिकअप खेतों में पानी भरा होने के कारण सड़क से नीचे उतर कर फंस गई, लेकिन चालक मौके का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गया। हादसा सुबह करीब 9 बजे हुआ। पुलिस ने हादसे में मरने वाले सोहराब पुत्र सत्तार उम्र 60 साल गांव मुबारिकपुर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अल आफिया सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा भिजवा दिया है, तो उनकी पत्नी फजरी उम्र 55 साल को गंभीर चोट लगने के कारण पुनहाना सरकारी अस्पताल से दिल्ली रेफर किया गया है। जिसकी इलाज के दौरान पत्नी की भी मौत हो गई। पुनहाना पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। सड़क हादसे के बाद मुबारिकपुर गांव में सन्नाटा पसरा है, क्योंकि अब सोहराब व पत्नी हमेशा के लिए दुनिया छोड़ छोड़ चुके हैं। जांच अधिकारी गोविंद प्रसाद का कहना है कि पिकअप को कब्जे में ले लिया है। अज्ञात चालक की तलाश तेज कर दी है।

### चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**पुन्हाना।** चोरी की बाइक के साथ पुन्हाना थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बाइक बरामद करके कार्यवाही शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आरोपी बाइक के इंजन का नम्बर बदलकर बाइक को चला रहा था। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई रणवीर सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान एक बाइक को रोका तो बाइक चालक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। जिसे पुलिस टीम ने पकड़ा तो पाया कि बाइक चालक चोरी की बाइक लेकर घूम रहा है। आरोपी की पहचान मुबीन निवासी टुंडलाका के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### एयरपोर्ट का नाम भगत सिंह के नाम पर गर्व की बात : शर्मा



गुरुग्राम में पंडित दीन दयाल उपाध्याय को नमन करते भाजपा नेता और कार्यकर्ता।

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकारें भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्यायजी के एकात्म मानवदर्शन और अंत्योदय के विचार को सार्थक कर रही हैं। वे सेवा पखवाड़ा के तहत चंदन नगर के बूथ नंबर-74 पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीब, असहाय और पिछड़े वर्ग को समाज की मुख्य धारा से जोड़कर उनका उत्थान करने में जुटे हैं। पंडित दीन दयालजी ने एकात्म मानव दर्शन और अंत्योदय विचार समाज को दिया था, भाजपा सरकारों ने देश-प्रदेश में उसे आगे बढ़ाया है। जीएल शर्मा ने कार्यकर्ताओं के जनसंवाद कार्यक्रम की बात में भी शिरकत की और बूथ क्षेत्र में पौधारोपण किया। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि हम सबके प्रेरणा स्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक महान चिंतक थे। पंडितजी आर्थिक विकास का मुख्य उद्देश्य सामान्य मानव के सुख को मानते थे। इस मौके पर हरीश भराघु, प्रतीक शर्मा, अर्पित मित्तल, प्रवीण खटाना, राधे श्याम वशिष्ठ, सतीश चैंपियन, अनमोल भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

### ट्रक चालक हत्या मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेसवे से लापता ट्रक चालक हत्याकांड मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। तावडू सदर थाना कार्यवाहक प्रभारी सूरज से मिली जानकारी के मुताबिक ट्रक चालक आसीन हत्याकांड मामले में पुलिस ने अरशद पुत्र शहाबुद्दीन निवासी रणबीर बास नौगांव जिला अलवर राजस्थान को गिरफ्तार किया है।जिसे कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है।पुलिस का दावा है आरोपी से कड़ी पूछताछ के बाद पूरे मामले का खुलासा होगा। बता दे कि बीते 17 सितंबर को कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेस वे से गांव पढेनी सीमा के फ्लाईओवर से देर रात ट्रक चालक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज किया था। सात दिन बाद फ्लाईओवर के साथ बने नाले में ट्रक चालक आसीन का शव बरामद हुआ था। जिस पर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी।

## बरसात से खराब फसलों का मुआवजा लेने को अब भटकेगा नहीं अन्नदाता

### फसल खराब होने के 72 घंटे के भीतर मुआवजे के लिए करें आवेदन

### हरियाणा सरकार ने शुरू किया ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**बरसात** की मार से फसल खराब होने पर अब किसानों को ना तो किसी नेता के आगे हाथ फैलाने पड़ेंगे और ना ही कहीं धरना-प्रदर्शन करना पड़ेगा। अब किसान ने अपनी खराब फसल का मुआवजा लेने के लिए हरियाणा सरकार के ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। यह आवेदन फसल खराब होने के 72 घंटे के भीतर करना होगा। तभी इस पर मुआवजे की प्रक्रिया शुरू होगी।

बरसात से तबाह हुई फसलों का पारदर्शिता से आंकलन करने और उसी के अनुसार प्रभावित किसानों को मुआवजा देने के लिए हरियाणा सरकार ने ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल शुरू किया है। इस पोर्टल के माध्यम से किसान अब सीधे ही भारी बारिश से उनकी फसलों को हुए नुकसान की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। हाल ही में हुई बरसात से जिन किसानों की फसल क्षतिग्रस्त या खराब हुई है, वे किसान ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल पर फसल खराबे की भरपाई के लिए 72 घंटे के अंदर-अंदर आवेदन करें। किसान अपनी परिवार पहचान पत्र आईडी, मोबाइल नंबर या किसान आईडी भरकर लॉग इन कर सकता है। इस ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल को मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल के साथ लिंक किया हुआ है। इसलिए जिस खसरा नंबर में जिस फसल को बरसात से नुकसान हुआ है, उस खसरा नंबर के सामने खराबा भरें। इसमें फसल खराबे का कारण, तारीख, फसल में कितनी प्रतिशत नुकसान हुआ है। उस खसरा नंबर का बीमा करवाया है या नहीं, यह समस्त जानकरियां देनी जरूरी हैं।

**अगर फसल का बीमा है तो नहीं मिलेगा योजना का लाभ :** उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि फसल में बारिश से हुए खराबे के आंकलन, सत्यापन और मुआवजा देने की प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में हरियाणा सरकार का यह ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना व बीज विकास कार्यक्रम के तहत कवर हैं, उन किसानों को इस सुविधा का लाभ नहीं मिलेगा।

डीसी ने बताया कि फसल के मुआवजे के लिए स्लैब निर्धारित किए गए हैं। पटवारी और कानूनगो इस पोर्टल पर प्राप्त होने वाले फसल खराबे के सभी आवेदनों की जांच करेंगे। खराबे की प्रतिशत तथा खेत की फोटो अपलोड करते हुए हर एंट्री की वेरिफिकेशन करेंगे। किसान के फसल खराबा रिपोर्ट करने के 7 दिनों के अंदर अंदर पटवारी और कानूनगो को वेरिफिकेशन पूरी करनी है।

## रोडवेज कर्मी ने भागे किशोर को परिजनों से मिलाया

### भिवानी जिला के तोशाम से भागकर दिल्ली पहुंच गया था किशोर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम/भिवानी



रोडवेज बस के चालक-परिचालक व किशोर।

**हरियाणा** रोडवेज के चालक व परिचालक ने घर से भागे किशोर को उसके परिजनों से मिलवाने में अहम भूमिका निभाई। पहले तो उन्हें पता नहीं था कि वह किशोर घर से भागकर आया है। जब पता चला तो वे उसकी तलाश में जुटे और फिर उसे पकड़ लिया।

जानकारी के अनुसार भिवानी जिला के सिवानी निवासी रोहित पुत्र रोशन लाल कस्बे से परिजनों के डांटने के कारण 200-300 रुपये घर से भागकर दिल्ली पहुंच गया। दिल्ली आईएसबीटी पर उसने एक बस के चालक-परिचालक से आसपास एसटीडी बूथ के बारे में पूछा। उन्होंने उसे बताया कि आजकल एसटीडी बूथ कहीं नहीं मिलेंगे। किशोर के अनुरोध पर उन्होंने अपने मोबाइल से उसे कॉल कराई। किशोर ने वह कॉल अपने घर पर की थी। कुछ सेकेंड के बाद उसे कॉल काट दी। इसके बाद वह वहां से चला गया। इसी बीच उनके मोबाइल पर किशोर के घर से कॉल आई। बात करने पर पता चला कि वह किशोर घर से भागकर आया है। किस्मत से रोडवेज बस भी हरियाणा की थी, इसलिए उन्होंने इसकी गंभीरता को समझा। चालक बापोड़ा गांव निवासी सुरेंद्र सिंह व मिताथल निवासी जयबीर सिंह ने इधर-उधर घूमकर रोहित को पकड़ लिया। परिजनों ने कहा कि अगर वे उसे भिवानी ला सकते हैं तो ठीक हैं, नहीं तो किसी पुलिस थाना में दे दें। वे वहां से आकर उसे ले जाएंगे। चालक-परिचालक ने परिजनों को विश्वास दिलाया कि वे चिंता ना करें। उनके बेटे को वे बस में भिवानी लेकर आ जाएंगे। साथ ही किशोर को भी खूब समझाया। इसके बाद वह बस में बैठकर भिवानी जाने को राजी हुआ। आधी रात को बस भिवानी पहुंची। वहां पर पहले से मौजूद किशोर के परिजनों को उसे सौंप दिया। इस तरह से रोडवेज के चालक-परिचालक ने एक परिवार की खुशियों में रंग भरा। अगर वे ऐन वक्त पर किशोर को नहीं ढूंढते तो वह पता नहीं कहां चला जाता। उसके बाद क्या-कुछ होता। रोहित के परिजनों ने उनका तहेदिल से धन्यवाद किया।

## राजनीति से समाजोत्थान में बड़ी भागीदारी: वनाति

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनाति श्रीनिवासन ने कहा है कि राजनीति में महिलाओं की भूमिका लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि समाज की सेवा करने में महिलाओं की भूमिका और अधिक बढ़नी चाहिए। श्रीनिवासन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के दौरान गुरुग्राम के भाजपा स्थित प्रदेश कार्यालय गुरुकमल पर महिला मोर्चा की प्रदेश टीम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंची थीं।



गुरुग्राम में पहुंची भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करती स्थानीय नेता।

यहां महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश मोर्चा द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की जमकर सराहना भी की। इस मौके पर मोर्चा प्रभारी एवं विधानसभा की पूर्व उपाध्यक्ष संतोष यादव, मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सुमित्रा चौहान, प्रदेश सचिव एवं गुरुग्राम जिला प्रभारी अलिशा तोमर, मोर्चा जिलाध्यक्ष सुंदरी खत्री आदि मोर्चा की अनेक पदाधिकारी भी उनके साथ उपस्थित रहीं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया और अंबेडकर सभागार में प्रदेश की टीम से चर्चा की। उन्होंने कहा कि महिलाओं की राजनीति में बड़ी भागीदारी है तथा उन्हें सूझ-बूझ और पार्टी की नीतियों पर चलते हुए कायज़ करने चाहिए ताकि समाज और संगठन का भला हो सके। श्रीनिवासन ने यहां सभी को बताया कि कैसे ज्यादा से ज्यादा जनसंपर्क अभियान चलाकर हम ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को संगठन के साथ जोड़कर समाज सेवा के लिए प्रेरित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के हित में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए सबको मिलकर योजनाबद्ध तरीके से काम करना होगा, ताकि वास्तविक लाभार्थी को लाभ पहुंच सके। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सेवा पखवाड़े के निमित्त चल रहे आदर्श आंगनवाड़ी कार्यक्रम को भी गति देने की बात कही तथा इसी क्रम में कार्यक्रम में उपस्थित गर्भवती स्त्रियों को पोषक खाद्य सामग्री भी भेंट की।

## मुबारिक मलिक को मिला पंजाब-हिमाचल का प्रभार

### ओबीसी मोर्चा का दो राज्यों में प्रभार मिलने पर कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी

### कहा, राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री कैप्टन सिंह यादव की जिम्मेदारियों पर खरा उतरूंगा

रिजवान कासिम। मेवात

**ओबीसी** मोर्चा राष्ट्रीय ज्वाइंट कोऑर्डिनेटर मुबारिक मलिक चेयरमैन को पार्टी के ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। चंद दिनों पहले ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय ज्वाइंट कोऑर्डिनेटर बनाए गए मुबारिक मलिक चेयरमैन पिनगवां को पंजाब तथा हिमाचल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।



ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव से नियुक्ति पत्र लेते मुबारिक मलिक चैयरमेन एवं अन्य नेतागण।

मुबारिक मलिक चेयरमैन को कांग्रेस पार्टी में मिली बड़ी जिम्मेदारी से उनके कार्यकर्ताओं में अपार खुशी है। कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार करते हुए पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के अलावा तमाम शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय ज्वाइंट कोऑर्डिनेटर मुबारिक मलिक चेयरमैन पिनगवां ने कहा कि ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री कैप्टन सिंह यादव ने जो जिम्मेदारी उनको सौंपी है। उस पर खरा उतरने के लिए दिन-रात मेहनत करूंगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल में जल्दी ही चुनाव होने जा रहे हैं।

हिमाचल में जल्दी ही दौरा कर ओबीसी श्रेणी में आने वाले लोगों से वन टू वन जाकर मुलाकात की जाएगी। मुबारिक मलिक ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा ओबीसी समाज को कांग्रेस पार्टी के साथ हिमाचल तथा पंजाब में जोड़ने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस बार हिमाचल में परचम लहराएगी और 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भी ओबीसी समाज के लोग सबको साथ लेकर चलने वाली कांग्रेस पार्टी के साथ खड़े हुए दिखाई देंगे। इसके लिए अगर उन्हें दिन-रात मेहनत करनी पड़ेगी तो वह पीछे नहीं हटेंगे।

मुबारिक मलिक चेयरमैन ने कहा कि एक मामूली से कार्यकर्ता को कांग्रेस पार्टी ही इतनी बड़ी जिम्मेदारी से नवाज सकती है, इसलिए उनका फर्ज बनता है कि वह भी पार्टी के लिए दिन-रात मेहनत करें और संकट की घड़ी में अच्छे नतीजे सामने लाया जा सकें ताकि विरोधियों को करारा जवाब दिया जा सके। इस अवसर पर सलीम कुरैशी, बक्कर कुरैशी, शाहनवाज मलिक, डॉ फखरुद्दीन अल्वी, शुब्बा खान तेड, रफीक प्रधान इत्यादि लोगों ने मुबारिक मलिक चेयरमैन को पंजाब तथा हिमाचल के प्रभारी की जिम्मेदारी मिलने पर मिठाइयां बांटी और आलाकमान का आभार जताया।

## उत्सव की तरह सेवा पखवाड़ा मना रही भाजपा: अरविंद सैनी

**गुरुग्राम।** पीएम मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े को भाजपा कार्यकर्ता उत्सव की तरह मना रहे हैं। 27 सितंबर से गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक आधा दर्जन कार्यक्रमों का आयोजन होगा जिसमें सबसे बड़ा आयोजन विविधता में एकता का उत्सव होगा।

यह कार्यक्रम पूरे हरियाणा में मनाया जाएगा जहां भारत की एकात्मकता का दर्शन हरियाणावासियों को देखने को मिलेगा। लोकल फॉर वॉकल के तहत जिला स्तर पर उत्पाद एवं वस्तुओं के मेले लगेंगे। जिसमें स्थानीय वस्तुओं को प्रमोट किया जाएगा। भारतीय जनता पाटीज़ के सह मीडिया प्रमुख अरविंद सैनी के मुताबिक सेवा पखवाड़ा के अभी छह दिन बचे हैं, इन छह दिनों में होने वाले आधा दर्जन कार्यक्रमों में सेवा के साथ-साथ उत्सवों की झलक हरियाणा के प्रत्येक जिलों में देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि खुद प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ भी सभी कार्यकर्ताओं से इन कार्यक्रमों को उत्सव की तरह मनाने का आह्वान कर चुके हैं। कार्यकर्ताओं में इन आयोजनों को लेकर जोश लगातार बढ़ता जा रहा है। अरविंद सैनी ने बताया कि मंगलवार को प्रदेश मंत्री सुरेंद्र आर्य के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर कृत्रिम अंग एवं उपकरण वितरण का कायज़ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सांसदों, विधायकों के फंड से जिला प्रशासन द्वारा जरूरतमंदों को व्हील चेयर, बैसाखी एवं कृत्रिम अंग का वितरण किया जाएगा।



अरविंद सैनी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# कांग्रेस अध्यक्ष

## जिम्मेदारी का बोझ

**कहा** जाता है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलौत कांग्रेस अध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। यदि वे जीत जाते हैं तो उन पर पार्टी को पुनर्जीवित करने की जिम्मेदारी का भारी बोझ होगा। वे पार्टी के वरिष्ठ नेता होने के बजाय इस कारण अध्यक्ष बनेंगे कि उनको गांधी परिवार का आशीर्वाद प्राप्त है। इस प्रकार दशकों बाद गैर-परिवार का सदस्य 'देश की सबसे पुरानी पार्टी' का नेतृत्व संभालेगा। वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने साफ कर दिया है कि परिवार के किसी सदस्य को पार्टी का प्रमुख नहीं बनना चाहिए। अतः प्रभावी रूप से गहलौत परिवार के उम्मीदवार हैं। पूर्व केन्द्रीय मंत्री शशि थरूर को परिवार का नजदीकी माना जाता था, पर बाद में वे विद्रोही जी-23 में शामिल हो गए थे। समझा जा रहा है कि वे गहलौत का मुकाबला करेंगे। कुछ अन्य नेता भी दौड़ में शामिल हो सकते हैं। लेकिन केरल के सांसद अनेक नेताओं को उत्साहित करने में विफल रहे हैं। कहा जाता है कि उनके गृह राज्य समेत 10 राज्यों की कांग्रेस इकाइयों ने उनका विरोध किया है। केरल में थरूर की पार्टी के कुछ साथियों ने कहा था कि वे केवल उस व्यक्ति का समर्थन करेंगे जिसे नेहरू परिवार का समर्थन प्राप्त होगा। गहलौत को निश्चित रूप से यह समर्थन प्राप्त है। लेकिन 71 वर्षीय वरिष्ठ कांग्रेस नेता बहुत प्रसन्न नहीं हैं क्योंकि कांग्रेस अध्यक्ष का पद एक शर्त के साथ मिलेगा। उनको राजस्थान में मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ेगा। यह उनके लिए कड़वा घूंट होगा क्योंकि राज्य में उनके धुर-विरोधी सचिन पायलट के मुख्यमंत्री बनने की उम्मीद है। मीडिया की खबरों के अनुसार वे अपनी पसंद से अगला मुख्यमंत्री बनाना चाहते थे, लेकिन लगता है कि उनकी यह मांग नहीं मानी गई है। सर्वोच्च कांग्रेस नेतृत्व के लिए अंतर-पार्टी चुनाव 'एक तीर से दो शिकार' की तरह होगा। एक गैर-गांधी परिवार का अध्यक्ष बनने पर देश की सबसे पुरानी पार्टी के खिलाफ भाजपा के हमलों की धार कुंद होगी तथा गहलौत-पायलट टकराव का भी अंत हो जाएगा।



कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने गहलौत से मुलाकात के पहले पायलट से एक घंटा बातचीत की थी। पार्टी के सर्वोच्च नेतृत्व की नजर में नई प्रस्तावित व्यवस्था यह है कि गहलौत कांग्रेस अध्यक्ष तथा पायलट राजस्थान के मुख्यमंत्री बनें, लेकिन इससे गहलौत बहुत प्रसन्न नहीं हैं। वे देश की सबसे पुरानी पार्टी का अध्यक्ष बनने को तैयार हैं, जबकि पायलट मुख्यमंत्री बन जाएंगे। इससे वरिष्ठ कांग्रेस नेता का अपने राज्य में कोई वर्चस्व नहीं रहेगा। इसके कारण स्पष्ट हैं। गहलौत तथा पूर्व उप-मुख्यमंत्री पायलट के बीच भयानक टकराव हुआ था। कांग्रेस को उम्मीद है कि निर्वाचित होने के बाद गहलौत पुराना पद खोने के कारण दुःखी होने के बजाय नए काम पर ध्यान देंगे। हालांकि, बड़ा मुद्दा पार्टी संचालन में परिवार का हस्तक्षेप होगा। यदि यह जारी रहा तथा हस्तक्षेप का पुराना तरीका जारी रहा तो पार्टी के पुनर्जीवन की संभावनायें काफी धूमिल हो जाएंगी। राहुल गांधी लगातार नरेन्द्र मोदी सरकार की आलोचना और निन्दा में लगे हैं तथा उनकी 'भारत जोड़ो यात्रा' को भी काफी समर्थन मिला है, लेकिन निष्पक्ष दृष्टिकोण से देखा जाए तो उनकी व उनके परिवारी सदस्यों का प्रदर्शन बहुत प्रभावी नहीं रहा है। गांधी परिवार के कुछ निर्णय पूरी तरह अतार्किक रहे हैं। ऐसे में यदि गहलौत को कांग्रेस अध्यक्ष चुन लिया जाता है तो उन पर भारी बोझ होगा। पार्टी को पुनर्जीवित करना एक बहुत कठिन काम होगा।

# दीनदयाल उपाध्याय का वैश्विक दर्शन

**दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के दर्शन में गरीबों में सबसे गरीब को राजनीति के केन्द्र में रखा गया है। यह भारत का वैचारिक दर्शन बन गया है।**




**सुमित भसीन**
(लेखक, लोक नीति शोध केंद्र के निदेशक हैं)




दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के दर्शन में गरीब को राजनीति के केन्द्र में रखा गया है। इस प्रकार यह विचारधारा अब मृत हो चुके साम्यवाद व पूंजीवाद का स्थान लेती है। दीन दयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद न केवल जीवित है, बल्कि यह भारत का वैचारिक दर्शन बन गया है। स्वतंत्रता के पश्चात भारतीय राजनीति को दीन दयाल उपाध्याय के विचारों में एक गहरा वैचारिक आधार मिला है। दीन दयाल उपाध्याय के दर्शन पर अकादमीशियनों में व्यापक बहस व चर्चा की आवश्यकता है क्योंकि इसमें मानव जीवन व प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित किया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें अधिवेशन में दुनिया भर के नेता अन्य चीजों के साथ जलवायु परिवर्तन तथा गहराती सामाजिक असमानता से चिन्तित हैं। पूंजीवाद व साम्यवाद से संचालित विकसित देशों ने प्राकृतिक संसाधनों के बेलगाम दोहन से पर्यावरण का विनाश कर दिया है। कोविड-19 वैश्विक महामारी ने विकसित दुनिया की आत्मकेन्द्रीयता स्पष्ट कर दी है।

उन्होंने अपने लिए वैक्सीनों का भंडार बनाया, जबकि गरीब व कम विकसित देश जीवनरक्षक दवाओं व वैक्सीनों की प्रतीक्षा करते रहे। संकट के ऐसे समय ही किसी विचारधारा की कठोर परीक्षा होती है। दीन दयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद ने विश्व स्तर पर अपनी उत्कृष्टता सिद्ध कर दी है क्योंकि भारत ने छोटे व बड़े देशों को समान रूप से वैक्सीनें, दवायें, भोजन व कोविड-19 किटें पहुंचाईं। इससे अंतर स्पष्ट दिखाई दिया। इससे एकात्म मानववाद की विचारधारा की महानता सिद्ध हुई जिसके अनुसार हर जीवन को बचाना और उसका पालन-पोषण महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में दीन दयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद को राजनीति में सर्वोत्तम अभिव्यक्ति मिली है। भारतीय जनता पार्टी ने पार्टी के सर्वोच्च विचारकों के विचारों को कार्यरूप में परिणत करने के लिए सामाजिक लोकतंत्र का रास्ता चुना है। जब कोई बच्चा पैदा होता है तो वह सबसे पहले अपने बारे में जागरूक होता है तथा इसके बाद समय बीतने के साथ परिवार, समाज, राज्य व राष्ट्र के बारे में जानकारी प्राप्त करता है। मानव जीवन अपने आसपास से लेन-देन पर निर्भर रहता है जिसमें प्रकृति भी शामिल है। इस प्रकार मनुष्यों, जानवरों व वनस्पतियों के बीच सह-अस्तित्व का संतुलन बनता है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने इसे रेखांकित किया है। यदि कोई दूसरे की देखभाल किए बिना आगे बढ़ता है तो इससे असंतुलन पैदा होता है जिससे सभी प्रभावित होते हैं। जलवायु परिवर्तन इस प्रक्रिया का परिणाम है कि विकसित दुनिया ने सह-अस्तित्व की इस मूल अवधारणा का खंडन किया है।

लेकिन मोदी सरकार ने उज्ज्वला योजना के माध्यम से न केवल देश के गरीबों में सबसे गरीबों की बेहतरी का विचार किया है, बल्कि पर्यावरण की भी चिन्ता की है। धुंए में जीवन बिताने वाली महिलाओं का न केवल स्वास्थ्य खराब होता था, बल्कि वृद्धावस्था में वे अनेक बीमारियों का शिकार भी हो जाती थीं। इसके साथ ही रसोई में आग जलाने के लिए पेड़ों को काटा जाता था। उज्ज्वला योजना न केवल महिलाओं, बल्कि प्रकृति की बेहतरी की चिन्ता की जो पंडित दीन दयाल उपाध्याय के दर्शन का प्रमुख मंत्र है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय के आदर्शों का सबसे बड़ा महत्व यह है कि वे जीवन सिद्धान्तों को प्रमुखता देते हैं। इनको प्रत्येक व्यक्ति की अपने, परिवार, समाज, राज्य व राष्ट्र के प्रति निश्चित दायित्व से जोड़ा जाना चाहिए। एक बार पंडित दीन दयाल उपाध्याय बस से यात्रा कर रहे थे। उन्होंने अपने पास बैठे एक व्यक्ति से खबरें सुनने के लिए ट्रांजिस्टर आन करने को कहा। लेकिन उस व्यक्ति ने देखा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय के पास भी एक ट्रांजिस्टर था। इसलिए उसने पूछा कि क्या उनका ट्रांजिस्टर खराब है। इस पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने जवाब दिया कि उन्होंने अपने रेडियो के लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कराया है। देश के कानूनों के प्रति ऐसी प्रतिबद्धता जीवन व्यवहार में शामिल होनी चाहिए क्योंकि यही राज्य तथा जनता के बीच परस्पर संबंधों का आधार है। राजपथ का नाम बदल कर कर्तव्य पथ करना हम सबको याद दिलाता है कि हमारा राष्ट्र, समाज और नागरिकों के प्रति क्या कर्तव्य है और इसे सिद्धान्तों में शामिल किया जाना चाहिए। इनमें सभी लोग, राजनेता, अधिकारी व मंत्री शामिल हैं। अनेक अवसरों पर भाषण देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने हमें इसी बात की याद दिलाई है। इनमें हाल ही में इस स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दिया भाषण भी शामिल है। जीवन में ईमानदारी एक स्वस्थ समाज व महान राष्ट्र के लिए न्यूनतम आवश्यकता है। यदि ईमानदारी न हो तो कोई समाज अपने लोगों की चिन्ता नहीं कर सकता है। लोगों को ईमानदार होना चाहिए और अक्सर उनको ईमानदार दिखना भी चाहिए। ईमानदारी कोई छिपा हुआ हीरा नहीं है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय अपने आदर्शों पर जीवन भर चलते रहे। उनके बारे में पढ़ने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं तथा अन्य लोगों को उनके जीवन में ईमानदारी के सर्वोच्च स्तर से प्रेरणा मिलती है।

एक बार पंडित दीन दयाल उपाध्याय ट्रेन से यात्रा कर रहे थे। उनको पता चला कि गुरुजी-एम.एस. गोलवलकर भी ट्रेन के प्रथम श्रेणी के डिब्बे में बैठे हैं। पंडित दीन दयाल उपाध्याय इसके बाद उस डिब्बे में पहुंचे और अपने गंतव्य स्टेशन पर उतर गए। इसके बाद वे सीधे स्टेशन मास्टर के कार्यालय में गए तथा अपनी यात्रा के एक हिस्से के लिए, जुर्माना अदा किया क्योंकि उनके पास दूसरे दर्जे का टिकट था। समाज में व्यापक स्तर पर ऐसे व्यक्तिगत आचरणों का साझा करने से एक महान राष्ट्र का चरित्र बनाने में सहायता मिलती है। अपने व्यक्तिगत व सार्वजनिक जीवन में राजनेता वर्ग, अधिकारियों, न्यायपालिका तथा सिविल सोसाइटी के अन्य हिस्सों को ईमानदारी के विश्वसनीय उदाहरण प्रस्तुत करने चाहिए। पंडित दीन दयाल उपाध्याय का इतना महत्व था कि जब उनका देहान्त हुआ तब स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था, 'हमारे जीवन का सूर्य चला गया है, अब हमें दिशानिर्देश के लिए मिट्टी के दियों से काम चलाना होगा।' पंडित दीन दयाल उपाध्याय के बाद अटल बिहारी वाजपेयी जनसंघ के अध्यक्ष बने। अटल जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद सरकार ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना-पीएमजीएसवाई की अवधारणा बनाई जिसका उद्देश्य देश के ग्रामीण हिस्सों को शहरी सुविधाओं तक पहुंचाना था। वाजपेयी ने अपनी राजनीति में पंडित दीन दयाल उपाध्याय के दर्शन को शामिल करते हुए इतने बड़े पैमाने पर संचार सुविधाओं का विस्तार किया जितना देश ने पहले कभी नहीं देखा था। इनमें सड़कें, दूरसंचार, ढांचागत संरचनायें, सुविधायें व सेवायें सभी शामिल थीं। इसके साथ ही देश को अपनी देखभाल के लिए आत्मविश्वास से भरा होना चाहिए ताकि वह दूसरों से भयभीत न हो। वाजपेयी सरकार ने पोखरन-2 नाभिकीय परीक्षण तथा मोदी सरकार ने पुलवामा आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकी ढांचे पर बालाकोट व सर्जिकल स्ट्राइक से गहरा धक्का पहुंचा कर यही आदर्श प्रस्तुत किया।

25 सितंबर को हम सबने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती मनाई तथा अपना जीवन उनके आदर्शों को समर्पित करने की शपथ ली। हम एकात्म मानववाद का के दर्शन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि देश के गरीबों में सबसे गरीब का कल्याण हो और उनकी देखभाल की जाए जो अपने पैरों पर खड़े नहीं हो सकते हैं। जेएएम त्रयी के माध्यम से मोदी सरकार ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय के राजनीतिक दर्शन को मूर्त रूप प्रदान किया है। इससे पिछले कुछ वर्षों में समाज के गरीब वर्गों का वित्तीय समावेशन अभूतपूर्व स्तर पर हुआ है। यह भी वाजपेयी सरकार के कामों का विस्तार है जब भारत को संचार के लिए सस्ते मोबाइल फोनों की सुविधा मिली थी। मुद्रा, सुरक्षा बीमा, सुकन्या योजना व अन्य का उद्देश्य पंडित दीन दयाल उपाध्याय की राजनीतिक विचारधारा का लक्ष्य पूरा करना है। इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना समेत सभी योजनाओं को शत-प्रतिशत लाभार्थियों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

# वक्फ अधिनियम का पुनर्निरीक्षण आवश्यक

> **"आम आदमी की दुर्दशा को समझा जा सकता है जब उसकी संपत्ति को उसकी जानकारी के बिना वक्फ संपत्ति घोषित कर दिया जाता है।"**




**शशांक सौरव**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)


तमिलनाडु में वक्फ बोर्ड ने एक पूरे गांव के स्वामित्व का दावा किया है। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया कि इस क्षेत्र में मुस्लिमों का पुनर्वास 1927-28 में हुआ और वक्फ बोर्ड ने गांव के मंदिर की संपत्ति पर भी अपनी हिस्सेदारी का दावा किया है। ऐसे कई उदाहरण हैं जहां संपत्ति में रहने वाले लोग इस तथ्य से अनजान थे कि बोर्ड द्वारा इसे वक्फ संपत्ति के रूप में दावा किया गया है। वक्फ अधिनियम शुरू में 1954 में संसद द्वारा पारित किया गया था और बाद में वक्फ अधिनियम, 1995 को औकाफ के बेहतर प्रशासन (यानी, धार्मिक या धर्मार्थ कारणों के लिए दान की गई संपत्ति) के उद्देश्य से अधिनियमित किया गया था। हालांकि, यह कानून संपत्ति हड़पने का एक साधन बन गया है और इसके कठोर प्रावधानों के कारण निर्दोष लोगों को परेशान किया जाता है। अधिनियम वक्फ बोर्ड को अपनी टीम द्वारा किए गए सर्वेक्षण के आधार पर किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति घोषित करने का अधिकार देता है। यदि यह पर्याप्त नहीं है, तो धारा 6 निर्दिष्ट करती है कि पीड़ित पक्ष को अधिनियम के तहत गठित ट्रिब्यूनल में अपील करनी होगी और विवाद को उठाने के लिए एक वर्ष की सीमा अवधि है।

यह कानून इस तरह से तैयार किया गया है कि बोर्ड के लिए उस व्यक्ति को नोटिस देना जरूरी नहीं है जिसकी संपत्ति वक्फ संपत्ति घोषित करने की मांग की गई है और यदि पीड़ित पक्ष ने एक वर्ष की अवधि के भीतर मुकदमा नहीं किया है, तो वह कोई कानूनी सहारा नहीं है।

अधिनियम की धारा 40 वक्फ बोर्ड को इस शक्ति को दोहराती है और ट्रिब्यूनल द्वारा रद्द किए जाने तक कोई भी संपत्ति उसके पास निहित रहेगी। 85 के साथ पठित धारा 83 ट्रिब्यूनल को विशेष अधिकार देती है और ट्रिब्यूनल के निर्णय से पीड़ित पक्ष उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं। आम आदमी की दुर्दशा को समझा जा सकता है जब उसकी संपत्ति को उसकी जानकारी के बिना वक्फ संपत्ति घोषित कर दिया जाता है और फिर उससे एक वर्ष की अवधि के भीतर उस पर मुकदमा चलाने की उम्मीद की जाती है, अन्यथा यह हमेशा के लिए चली जाती है। यहां तक कि अगर वह ट्रिब्यूनल के साथ मुकदमा दायर करता है तो अगला सहारा उच्च न्यायालय के स्तर पर है, जो कि अधिकांश भारतीयों के लिए पहुंच से बाहर है। यह ध्यान देने योग्य है कि वक्फ अधिनियम, 1954 से संबंधित एक मामले में, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला किया था कि मुकदमेबाजी शुरू करने के लिए एक वर्ष की सीमा गैर-मुस्लिमों (मुस्लिम वक्फ बोर्ड, राजस्थान बनाम राधा किशन और अन्य) के लिए लागू नहीं है। लेकिन मुसलमानों को खुश करने के लिए, 2013 में धारा 6 में संशोधन किया गया था और अब सभी पीड़ित पक्षों के लिए एक वर्ष की एक समान समय सीमा है।



सच्चर समिति के अध्यक्ष राजिंदर सच्चर ने अपनी 2006 की रिपोर्ट में वक्फ संपत्ति का मूल्य 1.2 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया था। वक्फ बोर्ड के पास करीब छह लाख एकड़ जमीन है। सच्चर ने वक्फ संपत्तियों के सर्वेक्षण और वक्फ अधिनियम में संशोधन का सुझाव दिया, जिसे 2013 में संशोधन के माध्यम से कानून में विधिवत शामिल किया गया था।

भारतीय इतिहास हिंदुओं के प्रति पक्षपात से भरा है और आजादी के बाद भी कुछ भी नहीं बदला। जवाहरलाल नेहरू ने हिंदू कोड बिल संसद से पारित करवाए, लेकिन उन्होंने अन्य धर्मों की प्रथाओं को छूने की हिम्मत नहीं की। डॉ. बीआर अंबेडकर समान नागरिक संहिता के पक्ष में थे, लेकिन नेहरू ने केवल हिंदू कानूनों को बदलने पर जोर दिया और दूसरों को स्वतंत्रता दी।

1950 के दशक में राज्य सरकारों द्वारा हिंदू मंदिरों के प्रबंधन के लिए धर्मार्थ और बंदोबस्ती अधिनियम बनाए गए थे, लेकिन वक्फ संपत्तियों की रक्षा के लिए 1954 में एक केंद्रीय कानून पारित किया गया था।

केंद्र सरकार की कांग्रेस सरकार ने पूजा स्थल अधिनियम, 1991 को लागू किया, जिसका उद्देश्य अन्य पवित्र मंदिरों पर हिंदुओं के दावों को रोकना है।

## आप की बात

### शिकार हो रही बेटियां

**चाहे** झारखंड की बेटी हो या उत्तराखंड की बेटी, चाहे उत्तर प्रदेश की बेटियां हो या अन्य राज्यों की बेटियों के साथ न तो दुष्कर्म रुक रहे है, न उनकी हत्याओं का सिलसिला। ऐसा नहीं है कि सरकार चुप्पी साधे हुए हैं। इन दुष्कर्मियों के साथ सख्ती भी की जा रही है। इनके घरों पर बुलडोजर भी चलाये जा रहा है। दुष्कर्मियों को फांसी भी दी गई है। इसके बाद भी इन तामसी प्रवृत्ति के किटाणुओं में भय व खौफ पैदा नहीं हो रहा है! रूह कांपने की बनिस्बत, बल्कि दुस्साहस बढ़ता ही जा रहा है? बहन, बेटी, महिला किसी भी धर्म या जाति की हो, आखिर है तो हमारे देश की बेटी, यह ध्यान में रखते हुए केंद्र में सत्तासीन सरकार तथा राज्यों की सरकारें, किसी भी दल की हो, अब अपना पराया, राजनीतिक लाभ हानि व छवि/ प्रतिष्ठा को देखने की बजाय अपराधी को अपराधी की नजर से देखते हुए और सख्त से सख्त सबक सिखाना होगा। भगवान के बाद कानून के लम्बे हाथ व पुलिस से हर इंसान खौफ खाता है। मगर अब वह खौफ नहीं रह गया है, इसका प्रमाण है ये बढ़ती घटनाएं! आखिर कब तक बहन बेटियां दुष्कर्मियों के हाथों शिकार होती रहेंगी? यह यक्ष प्रश्न भय पैदा करता है!

**- हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

### मीडिया की गलती

**यह** कहना गलत नहीं होगा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड के मामले में मीडिया ने बिना जांच का इंतजार किए मृतिका की फोटो और जानकारी साझा करने की बड़ी गलती की है। गौरतलब है कि, शुरुआत में यह मामला सिर्फ किडनैपिंग का था लेकिन पुलिस की छानबीन के बाद यह मामला हत्या का बन गया और आरोपियों ने पूछताछ के बाद तो वैश्यावृत्ति का ऐंगल भी सामने आया है। मीडिया को समझदारी से काम लेते हुए पूरी जांच समाप्त होने तक मृतिका की फोटो साझा नहीं करनी चाहिए थी। हालांकि कुछ मीडिया चैनलों ने जिम्मेदारी दिखाते हुए मृतिका की तस्वीर को ब्लर करके या चेहरा आधा छुपा कर दिखाया जो काफ़ी सराहनीय है। जब से आरोपियों द्वारा मृतिका से सेक्सुअल फेवर मांगने की बात सामने आई है तब से यह डर बना हुआ है कि इस मामले में भी कुछ लोग स्त्रियों के कपड़े और स्वतंत्रता को ढ़ाल बनाकर सारा आरोप मृतिका पर ही ना ड़ाल दें। हालांकि कुछ मीडिया चैनलों ने पूरी जानकारी प्राप्त होने पर मृतिका की फोटो ब्लर कर दी है लेकिन कुछ चैनलों में अब भी मृतिका की पूरी फोटो दिखाई जा रही है। इन चुनिंदा मीडिया चैनलों को चाहिए कि मृतिका से जुड़ी जानकारी साझा न करें।

**- विट्ठल शुक्ला**, कानपुर


### कश्मीर में गूंजता संगीत

**आज** कश्मीर घाटी में अब एक के बाद एक लगातार शानदार रूप से मनोरंजन के लिए सिनेमा हॉल खुल रहे हैं यानी अब यहां का युवा अपने मनोरंजन के लिए एक से बढ़कर एक साधन ढूंढ रहे हैं एवं उन्हें अब इन सिनेमाहॉलों के सहारे वह मनोरंजन अब मिलने भी लगा है। अतः अब हम इसे एक अच्छी सुखद शुरुआत के रूप में लेना चाहिए, कारण एक जमाना था जब कश्मीर घाटी में बम धमाकों एवं एके-47 की गोलियों की आवाज गूंजा करती थी। परंतु धारा 370 ने एक तरह से अब इन सब बातों का खात्मा कर दिया है। फिर हमारी सेना के द्वारा पिछले साल से लगातार चल रहे अलाउड प्रोग्राम को भी दिल से तारीफ की जाना चाहिए। जिसके द्वारा आतंकवादियों को लगातार दो गज जमीन के नीचे यानी दोजख भेजा जा रहा है। अतः कह सकते हैं कि अब आज के शांति के इस माहौल में आज का युवा मनोरंजन के साधन भी ढूंढने लगा है गीत संगीत के जोकि यहां के सूफी संतों की एक परंपरा भी रही है। अतः इसे उसी तरफ जाने की बात कह सकते हैं।

**- मनमोहन राजावत**, शाजापुर


पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।

## फरमाया



"**अर्बन** नक्सलों को भारत का विकास बाधित करने के लिए विभिन्न वैश्विक संगठनों द्वारा भारी मात्रा में धन मुहैया कराया जा रहा है।

**- नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**नीतीश** कुमार और राजद अध्यक्ष लालू यादव की जोड़ी का 2024 के लोकसभा चुनावों में सफाया हो जाएगा और भाजपा अपने बल पर विधानसभा चुनावों में बहुमत हासिल करेगी।

**- अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री



**शशि** थरूर को चुनाव नहीं लड़ना चाहिए। हम अनुरोध करते हैं कि राहुल गांधी ही कांग्रेस अध्यक्ष बनें।"

**- के सुरेश**
कांग्रेस के लोकसभा चीफ व्हिप

# उपायुक्त ने गांवों का दौरा कर किया जलभराव की स्थिति का निरीक्षण

## उपायुक्त सिवाच आगे बढ़कर मिले ग्रामीणों से, समस्याएं सुन मौके पर किया समाधान

रणबीर सिंह रोहिल्ला। सोनीपत


गांव में जलभराव का दौरा करते डीसी सिवाच।

**गोहाना** उपमंडल के अंतर्गत आने वाले 20-22 गांवों का गंभीरता से दौरा करते हुए उपायुक्त ललित सिवाच ने बरसात के चलते जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। फसलों में खड़े पानी की स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए कि प्राथमिकता के आधार पर निकासी के प्रयासों को गति दी जाए।

उपायुक्त सिवाच ने बीते सप्ताह हुई तीव्र बरसात के कारण फसलों में जल ठहराव की स्थिति जानने के लिए संबंधित अधिकारियों की टीम को साथ लेकर समीक्षात्मक दौरा किया। उन्होंने डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों में स्वयं जाकर वास्तविक स्थिति को जानने-समझने का प्रयास किया। इसकी शुरुआत उन्होंने चिटाना गांव से की। विभिन्न गांवों में उन्होंने आगे बढ़कर सीधे ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए खेतों में जल ठहराव की स्थिति की जानकारी ली। ग्रामीणों की समस्या और मांगों को उन्होंने रुककर गंभीरता से साथ सुना और मौके पर ही समाधान की दिशा में कदम बढ़ाते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

दौरे के दौरान ग्रामीणों ने प्रमुख रूप से पानी की निकासी की ही मांग की, जिसके लिए उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि 80 से 100 पंपसैट लगाकर पानी निकाला जा रहा है। यदि और आवश्यकता हुई तो अतिरिक्त पंपसैट लगवाये जाएंगे। ग्रामीणों की मांग अनुसार उपायुक्त ने पंप सैट लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से भी सहयोग की अपील की कि वे भी अपने स्तर पर डीजल पंप सैट का प्रयोग करें, जिसमें डीजल का खर्च प्रशासन वहन करेगा। साथ ही ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति को बढ़वाने की मांग की, जिसे उपायुक्त ने मौके पर ही स्वीकृत किया। उन्होंने यूएचबीवीएन के एसई को निर्देश दिए कि ग्रामीणों की आवश्यकतानुसार विद्युत आपूर्ति दी जाए।

उपायुक्त सिवाच ने दर्जनों गांवों का दौरा करते समय कहा कि स्थिति नियंत्रण में है। फसल खराबी का आकलन करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कृषि विशेषज्ञों के अनुसार धान की फसल में रिकवरी हो जाएगी। केवल पकी हुई धान की फसल में ही नुकसान की अधिक संभावना है। यहां अधिकांश क्षेत्र में धान की ही फसल है, जिसके पक कर तैयार होने में अभी समय लगेगा। कपास और बाजरे की बीजाई अधिक नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से विशेष गिरदावरी के निर्देश मिलने पर विशेष गिरदावरी कराई जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि फिलहाल फसल खराबे को लेकर आकलन करते हुए रिपोर्ट तैयार करें। जिनकी फसल खराब हुई हो उनकी सही रिपोर्ट तैयार की जाए। पात्र किसान इसमें छूटना नहीं चाहिए।

उपायुक्त सिवाच ने दौरे के दौरान ड्रेन नंबर-8 का निरीक्षण करते हुए जल स्तर का जायजा लिया। मोई हुड्डा में 83-हैड पर स्वयं जाकर उन्होंने गंभीरता से जलस्तर की समीक्षा की। उन्होंने खानपुर कलां में तुरंत प्रभाव से फिरनी की मरम्मत के निर्देश दिए। बली ब्राह्मणान व कटवाल तथा खेड़ी दमकन के ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति में वृद्धि की मांग की, जिसके लिए उन्होंने यूएचबीवीएन के एसई को मौके पर ही निर्देश दिए।

### रभड़ा और खानपुर के लिए स्थाई समाधान की दिशा में करेंगे प्रयास

**उपायुक्त** ललित सिवाच ने दौरे के दौरान रभड़ा तथा खानपुर में विशेष रूप से पानी की निकासी की स्थाई व्यवस्था महसूस की। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा भी दिया कि इस दिशा में वे स्थाई समाधान के लिए प्रयास करेंगे। खानपुर की पानी की निकासी की समस्या के समाधान के लिए उन्होंने एसडीएम गोहाना को निर्देश दिए कि वे विश्वविद्यालय कुलपति के साथ बैठक कर प्रयासों को गति दें। निकासी के लिए ड्रेन की कनैक्टिविटी के लिए प्रस्ताव तैयार करें। साथ ही उन्होंने रभड़ा में ढाई से तीन किलोमीटर पाइप लाइन डालकर ड्रेन में निकासी की व्यवस्था के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

### विश्राम गृह में अधिकारियों की बैठक लेते हुए दिए कड़े निर्देश

**उपायुक्त** ललित सिवाच ने दौरे के उपरांत विश्राम गृह गोहाना में अधिकारियों की विशेष बैठक लेते हुए पुनः पूरी स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह प्राकृतिक आपदा की स्थिति है जिस पर किसी का वश नहीं, किंतु प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटेगा। जिस गांव में जिस भी मदद का आश्वासन दिया गया है वह तुरंत प्रभाव से मुहैया कराई जाए। कुछ गांवों में ग्रामीणों ने अतिरिक्त पंपसैट लगवाने की मांग की है जहां फौरन व्यवस्था की जाए। इस दौरान विश्राम गृह में भी खानपुर के ग्रामीणों ने उपायुक्त से भेंटकर पानी निकासी के लिए विशेष व्यवस्था की मांग की, जिसे उन्होंने तुरंत स्वीकार किया।

### उपायुक्त ने इन गांवों का किया दौरा

**उपमंडल** गोहाना में हुई तीव्र बरसात के दृष्टिगत उपायुक्त ललित सिवाच ने विशेष रूप से गोहाना के गांवों का दौरा किया। उन्होंने चिटाना से दौरे का प्रारंभ किया और फिर सिटावली, कैलाना, माजरी होते हुए दुभेटा पहुंचे। आगे बढ़ते हुए उन्होंने कासंडा, कासंडी, खानपुर, ककाना, भादरी, न्यात, खेड़ी दमकन, सिकंदरपुर माजरा, बली ब्राह्मणान, ककाना, मोई हुड्डा, पुट्ठी, बड़ौता व नगर आदि गांवों का दौरा किया।

## वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप के लिए नेशनल कोचिंग कैंप लगाएगा हरियाणा

**चंडीगढ़।** स्पेन में होने वाली वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप-2022 के लिए जूनियर नेशनल कोचिंग कैंप के आयोजन की जिम्मेदारी हरियाणा को मिली है। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष तथा हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव अजय सिंघानिया ने बताया कि वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप-2022 का आयोजन स्पेन के मैड्रिड में 17 से 30 अक्टूबर तक होगा।

चैंपियनशिप में भाग लेने वाली भारतीय टीम को प्रशिक्षित करने के लिए बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने कोचिंग कैंप के आयोजन की जिम्मेदारी हरियाणा बैडमिंटन एसो. को दी है। सिंघानिया ने बताया कि जूनियर नेशनल कोचिंग कैंप 29 सितंबर से 13 अक्टूबर तक पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा के चार प्रतिभाशाली बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा, अनुपमा उपाध्याय, देविका सिहाग और भारत राघव इस कैंप में हिस्सा लेंगे।

# विपक्ष इस काबिल नहीं उस पर किसी तरह का कटाक्ष किया जाए

## मेरा मोदी मेरी जान गाने की सोनीपत में हुई लॉन्चिंग

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत


मेरा मोदी मेरी जान गाने की लॉन्चिंग करते भाजपा नेता।

**हरियाणा** पब्लिसिटी सेल के पूर्व चेयरमैन रॉकी मित्तल द्वारा लिखित एवं फिल्माया गाना मेरा मोदी मेरी जान की लॉन्चिंग सोनीपत में स्थानीय विधायक मोहनलाल बडोली एवं अन्य भाजपा के वरिष्ठ नेता ने किया। उन्होंने कहा कि आने वाले 2024 के इलेक्शन की तैयारियों को लेकर इस गाने की लॉन्चिंग की गई है। इसके साथ-साथ रॉकी मित्तल ने कहा कि इस गाने में हमने किसी पर कटाक्ष नहीं किया है। आज देश में विपक्ष इस लायक ही नहीं बचा है कि उस पर किसी तरह का कटाक्ष किया जाए।

राई विधायक ने कहा कि इस गाने की शूटिंग उनकी विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले गांव जखौली में की गई है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष 2024 के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर जनता के बीच में उम्मीदवार बन कर आएंगे, उसकी तैयारी को लेकर रॉकी मित्तल द्वारा यह गाना प्रस्तुत किया गया है।

हरियाणा पब्लिसिटी सेल के पूर्व चेयरमैन रॉकी मित्तल ने कहा कि मेरा मोदी मेरी जान गाने की शूटिंग सोनीपत के जखौली गांव में की गई और इसका ट्रेलर यूपी के मुख्यमंत्री व अन्य कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी अपनी फेसबुक पर शेयर किया है। उन्होंने कहा कि इस गाने की खासियत यह है कि उन्होंने इस गाने में किसी पर भी कोई कटाक्ष नहीं किया है। उन्होंने सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए कार्यों का ही वर्णन किया है।

उन्होंने कहा कि आज विपक्ष इस काबिल ही नहीं रहा है कि उस पर किसी तरह का कटाक्ष किया जाए। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित बिंदल ने कहा कि रॉकी मित्तल ने बहुत ही सुन्दर गाना बनाया है। मेरा मोदी मेरी जान अब की बार फिर से मोदी सरकार। उन्होंने उम्मीद जताई की आगे भी इस तरह के गाने बनाते रहेंगे। इस दौरान संजय रोहिल्ला, अमित कुमार सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# राष्ट्रपति से सिल्वर मेडल लेकर घर पहुंची निहारिका का स्वागत

## भविष्य में गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षित करने का कार्य करेगी निहारिका

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत


निहारिका को सम्मानित करते सारथी जन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी।

**हरियाणा** के सोनीपत से हिंदू कन्या कॉलेज की स्टूडेंट्स को एनएसएस में सामाजिक क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने के लिए निहारिका को नेशनल सर्विस स्कीम अवॉर्ड 2021-22 के लिए राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने सिल्वर मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

होनहार बेटी जब अपने घर पहुंची तो उसका स्वागत किया। माता-पिता ने जहां अपनी बेटी की उपलब्धि पर खुशी जाहिर की। वहीं बेटी निहारिका ने कहा कि वह अब इस सम्मान से काफी प्रभावित है और भविष्य में गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षित करने का कार्य करेगी। पिता युद्धवीर, माँ आशा मां ने बेटी के राष्ट्रपति से मिले सम्मान से बेहद खुश हैं। वहीं दूसरी ओर सारथी जन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट ने सारथी युवा टीम की महासचिव कुमारी निहारिका को राष्ट्रपति अवॉर्ड से सम्मानित होने पर सोनीपत आगमन पर उनके घर जाकर पुष्पगुच्छ भेंट किया। सारथी ट्रस्ट के चेयरमैन सतपाल सिंह अहलावत, मुख्य सलाहकार डॉ. सुमन मंजरी, युवा समन्वयक गौरव गर्ग, सहसचिव सुशील गोयल, राहुल गुलिया ने बधाई दी। सारथी ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन सतपाल सिंह अहलावत ने राष्ट्रीय सेवा योजना में बेहतरीन कार्य करने के साथ साथ सारथी युवा टीम की महासचिव के रूप में राष्ट्रपति अवॉर्डी कुमारी निहारिका ने जल संरक्षण में जल मित्र बनकर, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान, बालिका शिक्षा के क्षेत्र में उच्चकोटी की उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की हैं। सारथी ट्रस्ट के चेयरमैन सतपाल सिंह अहलावत व मुख्य सलाहकार डॉ. सुमन मंजरी ने कुमारी निहारिका को सारथी ट्रस्ट की बालिका शिक्षा अभियान की ब्रांड अम्बेसडर बनाने की घोषणा की। सतपाल सिंह अहलावत व डॉ. सुमन मंजरी ने संयुक्त रूप से बताया कि 11 अक्टूबर 2022 को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सारथी ट्रस्ट सोनीपत व सारथी युवा टीम, पानी बचाओ जन चेतना अभियान समिति सोनीपत, बेटी बचाओ जन चेतना अभियान समिति, सोनीपत द्वारा नागरिक अभिनंदन सोनीपत में किया जाएगा।

# युवा पीढ़ी को भक्ति में अपना ध्यान लगाना चाहिए : संदीप


नगर खेड़ा मंदिर से शोभायात्रा को झंडी दिखा कर रवाना करते समाजसेवी संदीप गर्ग।

**कुरुक्षेत्र।** लाडवा की कृष्णा कॉलोनी में रहने वाले लोगों द्वारा सोमवार से प्रथम दुर्गा समारोह का आयोजन किया गया। इसको लेकर शहर के नगर खेड़े से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को स्टालवार्ट फांउडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने झंडी दिखा कर रवाना किया।

मुख्य अतिथि संदीप गर्ग ने कहा कि इस प्रकार के भव्य आयोजनों से शहर में न केवल भक्ति भाव बढ़ता है। बल्कि आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन शहर में करवाते रहना चाहिए, ताकि लोगों के अंदर प्रेम भाव बढ़ता रहे। उन्होंने कहा कि आज कल युवा पीढ़ी नशे की ओर बढ़ रही है जो कि गलत है। युवा पीढ़ी को नशे की ओर न जाकर ऐसे आयोजनों व भक्ति में अपना ध्यान लगाना चाहिए। जिससे मन भी शांत रहेगा और मन को अच्छा भी लगेगा। वहीं कॉलोनी निवासी भगवान दास अरोड़ा ने शोभायात्रा में 51 महिलाओं ने कलश उठाकर यात्रा की। उन्होंने बताया कि एक अक्टूबर के माता की चौकी लगेगी, चार अक्टूबर को दोपहर 12 बजे भंडारा होगा व शाम को चार बजे मूर्ति विसर्जन होगी। 26 सितम्बर से चार अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह व शाम को आरती की जाएगी। वहीं आयोजकों द्वारा समाजसेवी संदीप गर्ग को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शोभायात्रा नगर खेड़े से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई वापस पंडाल पर जाकर संपन्न हुई। मौके पर विजय ढींगड़ा, अश्वनी गोसाई, काका, रिन्कू, मानिक और अजय आदि लोग मौजूद थे।

## पीजीआई लंगर ग्रुप हिम एकता समाजसेवी अवॉर्ड-22 से सम्मानित

**चंडीगढ़।** हिम एकता वेलफेयर महासंघ जिला पंचकूला ने सेक्टर 15 में पीजीआई लंगर एण्ड सोशल वेलफेयर ग्रुप रजि. के समाज सेवा के महान कार्यों के प्रति उनके निःस्वार्थ योगदान के लिए उन्हें प्रशंसा पत्र, स्मृति चिन्ह, 13 हजार रुपये तथा पटके पहना कर ग्रुप को हिम एकता समाजसेवी अवॉर्ड-22 से सम्मानित किया।

हिम एकता वेलेफेयर महासंघ पंचकूला के सहसचिव कमलदेव धीमान ने बताया कि अपनी नेक कमाई से चला जा रहे पीजीआई लंगर एण्ड सोशल वेलफेयर ग्रुप पिछले कई वर्षों से कार्यरत निःस्वार्थ भावना से दूर दराज राज्यों से आए हुए दीन हीन दुखिया पेशेंट्स को अन्नपूर्णा से सेवारत की वचनबद्धता पर कार्यरत को देखते हुए हिम एकता वेलफेयर महासंघ ट्राइसिटी के चेयरमैन समाजसेवी पंडित आरके शर्मा तथा फाउंडर अध्यक्ष भाई विक्रांत शर्मा, लाइफ मेंबर कमलदेव धीमान, बृजमोहन, हरीश शर्मा ने पटका पहनाया, स्मृति चिन्ह, प्रशंसा पत्र और 21 सौ रुपये महासंघ ने तथा 11 हजार रुपये महासंघ के चेयरमैन समाजसेवी पंडित आरके शर्मा ने सेवा स्वरूप भेंट किए।

# भद्रकाली मंदिर से निकली विशाल शोभायात्रा

## मुख्य अतिथि कमलेश ढांडा ने शोभायात्रा को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र



शोभायात्रा को झंडी दिखा कर रवाना करती महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा। साथ में विधायक सुभाष सुधा और अन्य।


शोभायात्रा में शामिल कलशधारी महिलाएं। इनसेट में शोभायात्रा में दिखाई गई झांकी में माता के स्वरूप में कलाकार।

**श्री देवीकूप** भद्रकाली मंदिर से पहले नवरात्र पर शोभायात्रा निकाली गई। सुबह पांच बजे मंगला आरती की गई। इसमें श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में बने गोलों में खड़े होकर की। मंगला आरती के बाद भद्रकाली सेवक मंडल के अध्यक्ष नरेंद्र वालिया व पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने सभी सेवकों के साथ कलश स्थापना की। गणेश द्वार पर ध्वजारोहण किया।

दोपहर 12 बजे मंदिर में शोभायात्रा ज्योति पूजन थानेसर के विधायक सुभाष सुधा एवं नगर परिषद की निवर्तमान चेयरपर्सन उमा सुधा ने किया। शोभायात्रा को दोपहर एक बजे मंदिर परिसर से मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने रवाना किया। 52 शक्तिपीठों के प्रतीक शोभायात्रा में शामिल किए गए। शोभायात्रा में मां भद्रकाली ज्योति रथ, 1100 झंडे, 52 शक्तिपीठों के 52 चांदी त्रिशूल, हजारों कलश, 11 धर्म ध्वज पताका, 21 ढोल, राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय बैंड, पाइप बैंड बाजा, ब्राह्मणों द्वारा शंखनाद, 21 रथों पर शंकर काली, विष्णु लक्ष्मी, भारत माता, श्री गणेश, हनुमान, नवदुर्गा, लक्ष्मी, महाकाली, सरस्वती, महिषासुर मर्दिनी, राम दरबार, सुभद्रा अर्जुन, राधा कृष्ण, यशोदा कृष्ण, मीरा बाई, कमल बैंड, राज बैंड व सरस्वती जीप रथ आदि झांकिया सम्मिलित थे।

शोभायात्रा बस स्टैंड, अंबेडकर चौक, गोल बैंक चौक, न्यू कॉलोनी, गुरुद्वारा चौक, छोटा बाजार से होते हुए शाम 6 बजे मंदिर पहुंची। शोभायात्रा का श्रद्धालुओं द्वारा जगह जगह स्वागत किया। शाम सात बजे महाआरती हुई। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि नवरात्रों के इन पावन दिनों में माता के भक्त नौ दिनों तक जप तप जैसे विभिन्न अनुष्ठानों से माता को प्रसन्न कर उनसे आशीर्वाद मांगते हैं। सायंकाल में ज्योति प्रतिस्थापन एसपी ने की और हरियाणा सरकार में प्रिंसिपल सेक्रेटरी विनीत गर्ग ने महाआरती में भाग लिया। मौके पर शिमला देवी, प्रो. हेमराज शर्मा, शकुंतला देवी, धर्मपाल गोयल, मीना रानी, डॉ. अन्नू पॉल शर्मा, निकुंज शर्मा, देवेंद्र गर्ग हावड़ी, संजीव मित्तल, अनिल माटा, आशीष दीक्षित, राहुल गर्ग, सतपाल पीपली आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**मां शैलपुत्री की पूजा :** प्रथम नवरात्र पर मां के भक्तों ने मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। शारदीय नवरात्र की प्रथम आराध्य माता पार्वती हैं। पर्वत पुत्री के कारण वह शैलपुत्री के नाम से लोक प्रसिद्ध हुईं। मां का वास पर्वत पर है और इस कारण वह प्रकृति की अधिष्ठात्री हैं।


**नवरात्र का पावन पर्व प्रदेशवासियों के जीवन में लाए सुख व समृद्धि : कमलेश**

हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश ढांडा ने प्रदेशवासियों को मां दुर्गा के उपासना पर्व शारदीय नवरात्रि की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह पावन पर्व लोगों के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशियां लेकर आए। पवित्र देवियों के आशीर्वाद से ही हमें जीवन में आगे बढ़ने की शक्ति एवं सामर्थ्य मिलता है। भारतीय परम्परा के अनुसार प्राचीन समय से नवरात्रि को पवित्र दिन माना जाता है। कमलेश ढांडा सोमवार को नवरात्र के शुभ अवसर पर प्राचीन शक्तिपीठ श्री देवीकूप (भद्रकाली) मंदिर झांसा रोड पर पूजा-अर्चना करने के उपरांत बातचीत कर रही थीं। इससे पहले कमलेश ढांडा, विधायक सुभाष सुधा, भाजपा के जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी, नगर निगम करनाल की मेयर रेणुबाला गुप्ता, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने कन्या पूजन किया और उत्साह के साथ श्रद्धालुओं की शोभायात्रा को हरी झंडी देकर रवाना किया। मंत्री कमलेश ढांडा ने प्राचीन शक्तिपीठ श्री देवीकूप (भद्रकाली) मंदिर झांसा रोड में पूजा-अर्चना करते हुए प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की मंगलकामना की। इस अवसर पर भद्रकाली शक्तिपीठ के अध्यक्ष सतपाल शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# टाटा मोटर्स ने योद्धा 2.0, इंट्रा वी20 बाइ-फ्यूल और इंट्रा वी50 को लॉन्च किया

## देशभर में ग्राहकों को 750 नये पिकअप्स की आपूर्ति की

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा/गाजियाबाद



**भारत** में वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी टाटा मोटर्स ने सोमवार को योद्धा 2.0, इंट्रा वी20 बाइ-फ्यूल और इंट्रा वी50 को लॉन्च किया। कंपनी ने इन उत्पादों की पेशकश के साथ ही देश के तेजी से बढ़ रहे पिकअप सेगमेंट में नए मानक स्थापित किये हैं। यह मजबूत और शानदार पिकअप्स एकदम नई बोल्ड डिजाइन में उतारे गए हैं। ये नए वाहन भार उठाने की सबसे ज्यादा क्षमता, डेक की सबसे ज्यादा लंबाई और सबसे लंबी रेंज की पेशकश करते हैं। इनमें सुरक्षित और आरामदायक ड्राइव के लिये जरूरी कई आधुनिक फीचर्स मौजूद हैं। नये इंट्रा वी20 बाइ-फ्यूल और इंट्रा वी50 को शहरों एवं गांवों में अलग-अलग तरह की जरूरतों में इस्तेमाल करने के लिए डिजाइन किया है। ये पिकअप्स तेजी से बढ़ रहे कृषि, पोल्ट्री और डेयरी सेक्टर्स की मोबिलिटी जरूरतों को पूरा करने के लिए एकदम आदर्श वाहन हैं। इनका इस्तेमाल एफएमसीजी, ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स सेक्टर्स की लगातार बढ़ रही डिलीवरी आवश्यकताओं को पूरा करने में भी किया जा सकता है।

पिकअप्स की नई श्रृंखला को लॉन्च करते हुए, टाटा मोटर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर गिरीश वाघ ने कहा, हमारे छोटे वाणिज्यिक वाहन लाखों ग्राहकों को आजीविका देने और उन्हें सफल बनाने के लिये जाने जाते हैं। ग्राहक अपने कारोबार को बढ़ाना चाहते हैं और एक बेहतर जीवन जीने की चाहत रखते हैं, ऐसे में उन्हें हमारी पिकअप्स की नई श्रृंखला में एकदम उपयुक्त साथी मिलेगा। इन वाहनों को उनकी लगातार बदल रही आकांक्षाओं को पूरा करने के लिये विशेष रूप से साथ मिलकर विकसित किया गया है। इन पिकअप्स के हर पहलू की इंजीनियरिंग बारीकी से की गई है, जिससे ये शहरों, गांवों और उपनगरों में मोबिलिटी की अलग-अलग जरूरतों को पूरी दक्षता से पूरा कर सकते हैं। इनको डिजाइन नया और बोल्ड है और यह भारी कार्गो के लिये सबसे ज्यादा पेलोड क्षमता की पेशकश करते हैं। भारी सामानों को उठाने के लिए सबसे लंबी डेक लेंथ के साथ आते हैं। इनका पावर-ट्र-वेट रेशियो सबसे अधिक है, अधिकतम दूरी तय करने के लिये इनकी रेंज सबसे लंबी है और तनाव-मुक्त ड्राइविंग के लिये यह पिकअप्स सुरक्षा और सुविधा के आधुनिक फीचर्स की पेशकश करते हैं।

# लगातार भू जल दोहन से सूख रही है धरती की कोख : डॉ. सीबी सिंह

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र जिला का गेहूं एवं चावल उत्पादन में प्रमुख स्थान है। कुरुक्षेत्र ही नहीं हरियाणा कई जिलों में काफी धान की खेती होती है। कृषि वैज्ञानिक चिंतित हैं कि लगातार राज्य के विभिन्न जिलों में लगातार भूजल स्तर गिर रहा है। ऐसे में लगातार हो रहे भू जल दोहन से धरती की कोख भी सूख रही है। हालांकि राज्य सरकार एवं कृषि विभाग द्वारा धरती में पानी के गिरते भूजल स्तर को लेकर किसानों एवं आमजन को बार-बार जागरूक किया जाता है। साथ ही लोगों को सचेत करने के लिए अभियान चलाए जाते हैं।

कुरुक्षेत्र में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. सीबी सिंह ने कहा कि धान की फसल के लिए अन्य फसलों की अपेक्षा बहुत अधिक मात्रा में पानी की जरूरत पड़ती है। जिस की पूर्ति किसान अपने खेतों में लगे मोटर चलित ट्यूबवेल से करता है। उन्होंने बताया कि 15 जून से होने वाली धान की खेती के लिए लगातार चलने वाले खेतों में ट्यूबवेल हर दिन घंटों धरती की कोख से पानी उगलते हैं। साथ ही भारी मात्रा में बिजली की खपत होती है। धान की खेती के लिए खेतों में ट्यूबवेल अक्टूबर के मध्य तक चलते रहते हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि एक अनुमान के अनुसार धान की खेती के लिए करीब 100 से 125 दिन तक लगातार ट्यूबवेल से इस तरह भू जल दोहन होता है। इस कारण धरती का भू जल स्तर काफी नीचे चला गया है।


जानकारी देते हुए कृषि वैज्ञानिक डॉ. सीबी सिंह।

# ईईएफ 2022 के तहत क्रिएटिव बिजनेस फोरम का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**रूस** के सुदूर पूर्व और आर्कटिक क्षेत्र के विकास से जुड़े मंत्रालय के सहयोग से रॉसकांग्रेस फाउंडेशन के सामाजिक मंच (सोशल प्लेटफॉर्म) इनोसोसियम फाउंडेशन ने इस फोरम का आयोजन किया। 2021-2023 के बीच आर्कटिक काउंसिल की रूस की चेयरमैनशिप के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के तहत इस फोरम का आयोजन हुआ। आयोजन रॉसकांग्रेस फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है।

रचनात्मक बिजनेस फोरम के तहत आयोजित बिजनेस प्रोग्राम उत्तरी क्षेत्रों के लोगों के सामाजिक आर्थिक विकास से जुड़ा हुआ था। यह रचनात्मक उद्योगों के आशाजनक क्षेत्रों एवं उत्तरी क्षेत्रों में सोशल सेक्टर के विकास पर केंद्रित था। सत्रों में हिस्सा लेने वालों ने उत्तरी शहरों के विकास, औद्योगिक आर्कटिक डिजाइन, मूल लोगों की परंपराओं, पर्यटन, उत्तरी क्षेत्र में जीवन पर टेक्नोलॉजी के असर, क्षेत्रीय फिल्म एवं एनिमेशन इंडस्ट्री, नेशनल कुजीन, स्थानीय स्तर पर आर्ट रेजिडेंस एवं आर्ट हब के सृजन पर चर्चा की। सत्रों के दौरान युवाओं और मूल लोगों को सपोर्ट किए जाने के सामाजिक पहलुओं पर भी बहुत अधिक फोकस किया गया।

रूस के राष्ट्रपति के सलाहकार और ईईएफ 2022 ऑर्गनाइजिंग कमिटी के एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी अंतोन कोबिकोव ने कहा, रचनात्मक उद्योगों (क्रिएटिव इंडस्ट्रीज) के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण टूल के रूप में क्रिएटिव बिजनेस फोरम जिस प्रकार प्रभावी तरीके से काम करता है, उसका सीधा असर रचनात्मक उद्यमशीलता, खासकर बदलते आर्थिक एवं भूराजनीतिक माहौल में, के प्रोत्साहन पर देखने को मिलता है। इकोनॉमी के विशेष सेक्टर में सोशल कम्युनिकेशन के विकास से सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देने, बिजनेस कॉन्टैक्ट स्थापित करने और आधुनिक इकोनॉमी के वाहक के तौर पर क्रिएटिव इंडस्ट्री की प्रतिष्ठा को मजबूती देने में मदद मिलती है।

आधिकारिक ईईएफ बिजनेस प्रोग्राम में ये सत्र शामिल थे, नॉर्थ - साउथ: यूजिंग एथनोकल्चर हैरिटेज एज ए रिसोर्स फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट, द क्रिएटि पोटेंशियल ऑफ द नॉर्थ। हाऊ टू अट्रैक्ट यंग पीपुल इन द आर्कटिक रीजन?, और सोशल एजेंडा ऑफ द रीजन्स: न्यू ग्लोबल क्रॉसरोड्स। हाउस ऑफ इंडिजेनस पीपुल्स पैवेलियन, उत्तर के मूल लोगों की संस्कृति को समर्पित न्यू प्लेटफॉर्म, के फार ईस्ट स्ट्रीट में आयोजित बिजनेस प्रोग्राम से इतर क्रिएटिव बिजनेस फोरम के सत्रों का आयोजन हुआ। क्रिएटिव बिजनेस फोरम के तहत इन सत्रों का आयोजन हुआ: रशियन आर्कटिक स्टाइल: फ्रॉम द ईपीओएस टू द प्रोडक्ट, टेमिंग कोल्ड : स्पेशल एस्पेक्ट्स ऑफ डेवलपिंग नॉर्दर्न सिटीज आदि थे।


# हरियाणा से शुरू किया था 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान

## हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया पहुंची सोनीपत

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**जिला** सोनीपत के मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स राई में सोमवार को वूमन इन स्पोर्ट्स विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने शिरकत की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में बेटियों को सशक्त बनाने को लेकर कार्य किया जा रहा है जिसका फायदा बेटियों को मिल रहा है। वूमन इन स्पोर्ट्स विषय पर सेमिनार में मौजूद छात्राओं को इस सेमिनार के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। उन्हें अपने हकों को नहीं भूलना चाहिए और बेटियां भी बेटों से कम नहीं है। खास बात यह है कि जब भी बेटियों पर कोई अत्याचार होता है तो उन्हें शक्ति ताकत से बुराई के साथ लड़ना चाहिए। जिसके लिए हरियाणा महिला आयोग हर समय महिलाओं पर होने वाले अत्याचार को लेकर बेटियों के साथ खड़ी हैं। राई स्पोर्ट्स स्कूल में पांचवीं से दसवीं कक्षा की छात्राओं को इस सेमिनार के माध्यम से खासतौर से जागरूक किया गया। आज के इस आधुनिक युग में महिला हर फील्ड में पुरुषों के साथ मिलकर आगे बढ़ रही है। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि खेल के माध्यम से बेटियां जब आगे बढ़ती है और उनके सामने जो परेशानियां आती है, उन्हें दूर करने के लिए क्या करना चाहिए। अगर बेटियां जागरूक होंगे और उन्हें अपने विषय में खासतौर से जानकारी होगी तो वह कभी भी कमजोर नहीं होगी। हरियाणा महिला आयोग ने खासतौर से इस दौरान प्रदेश सरकार के माध्यम से उन्हें जो सुविधाएं दी जा रही है, उसका जिक्र किया गया। खासतौर से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पानीपत से 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान की शुरुआत करने के बाद अब हरियाणा के लोग अब अपनी बेटियों के प्रति जागरूक होकर उन्हें आगे बढ़ा रहे हैं, यह एक अच्छा संदेश है।



मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स राई में कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया।

### मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स में हुआ सेमिनार का शुभारंभ

### टीम ने प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया

**चंडीगढ़।** ग्राम पंचायत रायपुर रानी में स्वच्छ भारत मिशन के तहत चल रहे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत खंड विकास एव पंचायत अधिकारी परम नंदन की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की टीम ने रायपुर रानी बस स्टैंड ओर मार्केट में पॉलिथिन, प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया।

जिसमें निरिक्षण टीम द्वारा रायपुर रानी बस स्टैंड और बजार मे दोरा किया, जिसमें मार्केट दुकान ,दुकानदार व ग्राहकों को पॉलिथिन प्लास्टिक ना इस्तमाल करने के बारे में बताया ओर साथ में जुट के थेले भी वितरण किए गये। आगे से आप लोग जब भी बाजार में रसोई का सामान लेने आए तो अपने साथ कपड़े का थैला लेकर ही आएं।

## संक्षिप्त-समाचार

### हवन-यज्ञ के साथ भागवत कथा का हुआ समापन


कथा सुनाते कथावाचक अनिल शास्त्री।

**कुरुक्षेत्र।** श्री गौ गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति द्वारा सपड़ा कॉलोनी ट्यूबवेल पार्क में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम अवसर पर हवन यज्ञ के साथ समापन हुआ। भागवत प्रवक्ता वेदाचार्य अनिल शास्त्री ने मुखारविंद से चार वेद, 18 पुराण, गीता एवं श्रीमद् भागवत महापुराण की व्याख्या की विगत सात दिनों तक भगवान श्रीकृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, पापाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज में निर्माण के लिए युवाओं युवतियों को प्रेरित किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के आठवें एवं अंतिम दिन भगवान श्री कृष्ण की सर्वोपरि लीला, सुदामा चरित्र नव योगेश्वर एवं अनेक लीलाओं का वर्णन किया। इस दौरान भजन गायक बालकृष्ण शर्मा ने उपस्थित लोगों को भजनों पर नृत्य करने के लिए विवश कर दिया। वेदाचार्य अनिल शास्त्री ने भागवत कथा के अनुसार बताया कि भगवान दत्तात्रेय के 24 गुरु थे। उन्होंने सभी गुरुओं से शिक्षा ली। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को कुछ न कुछ अच्छा सीखने का प्रयास हमेशा करते रहना चाहिए। आजकल मनुष्य में सीखने की प्रवृत्ति न के बराबर है। इस अवसर पर राजेश सिंगला, हिमांशु अरोड़ा, पवन गाबा, गुलशन गाबा, विजय सोही, सुनील वध्वा, पूर्व पार्षद पिंकी गाबा, आरती बजाज, सोम धीमान, अर्पणा वर्मा, वीना गुप्ता, मक्खन लाल रहलन, लालचंद शर्मा, केसी वर्मा, सचिन गाबा, धर्मपाल सिंगला, शिवदयाल जंगम, सोम धीमान, ओम प्रकाश शर्मा, छाया शर्मा, लीला देवी, स्वाति गाबा, उषा गाबा इत्यादि मौजूद रहे।

### गीता महोत्सव पर मंदिर में विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे


18 मंजिला ज्ञान मंदिर के बाहर इंद्रेश कुमार व अन्य ट्रस्टी।

**कुरुक्षेत्र।** इस बार 18 मंजिला ज्ञान मंदिर अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का साक्षी बनेगा। इतना ही नही इस वर्ष गीता महोत्सव के दौरान ज्ञान मंदिर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। यह फैसला ज्ञान मंदिर में आयोजित श्री ब्रह्मपुरी अन्नक्षेत्र आश्रम ट्रस्ट की बैठक में लिया गया है। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेता व मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक इंद्रेश कुमार ने की। बैठक में पहुंचने पर ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश गोयल ने सभी की स्वागत किया। इंद्रेश कुमार ने कहा कि कुरुक्षेत्र में निमार्णाधीन ज्ञान मंदिर एशिया का ऊंचा मंदिर है, इस मंदिर की अपनी महत्ता है। मंदिर का निर्माण कार्य जोरों शोरों से चला हुआ है। ऐसे में अबकि बार पहली बार गीता महोत्सव में भी ज्ञान मंदिर की सहभागिता रहेगी। मंदिर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जल्द ही यहां आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर ली जाएगी। इसके अलावा अक्तूबर माह में होने वाले सूर्यग्रहण के अवसर पर ज्ञान मंदिर में विशेष भंडारे का जहां आयोजन किया जाएगा वहीं इसके अलावा भी अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ट्रस्ट के प्रधान राजेश गोयल ने कहा कि ज्ञान मंदिर का निर्माण कार्य पहले से तेज गति से किया जा रहा है। इस मौके पर श्याम बंसल कैथल, केडीबी सदस्य सौरभ चौधरी, राणा बंसल, डॉ. पवन गोयल, सतीश बिंदल, बृजभान मित्तल, अजय गोयल, सतपाल सिंगला, बिपिन गुप्ता व विमलेश गोयल के अलावा अन्य मौजूद रहे।

# पहाड़ों में हो रही लगातार बारिश के बाद बढ़ा मारकंडा नदी का जलस्तर

## बह रहा 17,000 क्यूसेक पानी, गांव कठवा में बाढ़ जैसे हालात

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र /शाहाबाद

**पहाड़ों** पर जब-जब भारी बरसात होती है, तब-तब शाहाबाद में मारकंडा नदी रूद्र रूप धारण करना शुरू कर देती है। हिमाचल में हो रही लगातार बारिश के बाद सोमवार को नदी में 17 हजार क्यूसेक पानी बह रहा है। नदी के साथ लगते गांव कठवा में नदी का पानी सड़कों पर है और फसल को भारी नुकसान पहुंचाने लगा है।

कठवा निवासी रमेश चंद्र ने बताया कि पहले तो पांच दिन चली लगातार बारिश से खेतों में खड़ी धान की फसल लगभग नष्ट हो चुकी है, जो थोड़ी बहुत फसल बची है, अब नदी के पानी से खराब हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि मारकंडा नदी में पानी का स्तर 10 हजार क्यूसेक से अधिक होने पर साथ लगती बाजीगर कॉलोनी, गांव कठवा, अरुप नगर, गुमटी, दयाल नगर, मुगलमाजरा, मदनपुर व मोहनपुर आदि गांवों के अलावा अनेक डेरे भी बाढ़ की चपेट में आ जाते है। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल बरसात के चलते मारकंडा नदी में बढ़ते जलस्तर के कारण आसपास के ग्रामीणों क्षेत्रों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है।


जलस्तर बढ़ने से अपने रौद्र रूप पर मरकंडा नदी।

### और बढ़ेगा जलस्तर

**मारकंडा** रिवर गेज रीडर रविंदर ने बताया कि रविवार से मारकंडा नदी में पानी बढ़ना शुरू हुआ था और सोमवार को 17 हजार क्यूसेक पानी बह रहा है। उसने बताया कि पहाड़ों पर लगातार बारिश जारी है और काला अम्ब और मुलाना में नदी में पानी बढ़ रहा है, जिसके बाद अब सोमवार रात को और पानी बढ़ने की सम्भावना है।

### प्रशासनिक अधिकारियों ने अलर्ट किया जारी

**नदी** में 17 हजार क्यूसेक पानी आने के बाद प्रशासनिक अधिकारी अलर्ट हैं। एसडीएम कपिल शर्मा ने बताया कि आज सभी पटवारियों और ग्राम सचिवों की ड्यूटी लगा कर नदी के साथ लगते गांवों पर नजर बनाए रखने के विशेष निर्देश दिए गये हैं। प्रशासन नदी के साथ लगते गांवों में लगातार मुनादी करवा रहा है और ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है कि बच्चों को नदी के आसपास न जाने दें।


गांव कठवा की सड़क पर भरा मारकंडा नदी का पानी।

# ब्रह्मसरोवर पर हरित पितृ शांति महायज्ञ आयोजित किया


हवन में आहूति डालते हुए हरित परिवार के लोग।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**ब्रह्मसरोवर** के तट स्थित श्रीजयराम विद्यापीठ में अमावस्या पर हरित फाउंडेशन द्वारा हरित पितृ शांति महायज्ञ का आयोजन किया गया। महायज्ञ में दिल्ली, उत्तर प्रदेश चंडीगढ़, पंजाब और हरियाणा के विभिन्न स्थानों आदि से आए हरित गौत्र के सैकड़ों सदस्यों ने भाग लिया।

कोविड महामारी के बाद इस महायज्ञ में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थित और मंत्रोचारण व आहुति डालना आकर्षण का केंद्र रहा। सभी सदस्यों ने पित्रशांति, देश, समाज व विश्व में शांति व खुशहाली के लिए महायज्ञ में आहूति के साथ साथ ब्रह्मसरोवर में तर्पण किया। इसके पश्चात ब्राह्मणों को भोजन और भंडारे का आयोजन किया गया। तत्पश्चात संस्था के वरिष्ठ अधिकारी महेन्द्र हरित की अध्यक्षता में एक मीटिंग हुई जिसमें वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। फाउंडेशन के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकृष्ण कुमार हरित ने भाईचारा व आपसी सौहार्द बनाए रखने पर बल दिया।

आचार्य रामकुमार हरित ने गायों की दयनीय स्थिति पर चिंता व्यक्त की। एडवोकेट पुरषोत्तम चंद शर्मा ने इस प्रकार के आयोजन करते रहने व आपसी सहयोग बढ़ाने की बात की। चीका से पधारे तरसेम हरित, नेत्रपाल चेयरमैन ने भी अपने विचार रखे।

संजय रोहेड़ा ने दीपावली से अगले दिन राजौंद में होने वाले परिवार मिलन के लिए सभी को आमंत्रित किया। राजेश हरित एडवोकेट ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए सबका धन्यवाद किया। सभा के अंत में सभी बुजुर्गों ने युवाओं व बच्चों को आशीर्वाद दिया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सेवा ट्रस्ट यूके ने आंगनबाड़ी वर्कर्स को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**आजादी** के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में स्वस्थ भारत, स्वस्थ समुदाय अभियान के अंतर्गत सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के द्वारा गांव बिशनगढ़ में 50 से अधिक गांव की आशा वर्कर्स, सफाई कर्मचारियों और आंगनबाड़ी वर्कर्स को उनके कोरोना काल में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह की अध्यक्षता पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय के एडवोकेट जवाहर लाल गोयल ने की। उन्होंने कहा कि आशा वर्कर्स ने कोरोना काल में जो कार्य किए हैं, वे बहुत ही सराहनीय हैं। इन सभी लोगों ने इस कोरोना काल में समाज के लिए अपने स्वास्थ्य की परवाह न करते हुए अपने कर्तव्य को पूर्ण निष्ठा से निभाया। ट्रस्ट के जिला कोआर्डिनेटर पवन मितल व राजेश सेन ने बताया कि ट्रस्ट समाज में शिक्षा, रक्तदान, स्वास्थ्य और करियर काउंसलिंग के कार्य करने में हमेशा तत्पर है। ट्रस्ट की तरफ से उनके बच्चों को मुफ्त में तीन साल के लिए एक एजुकेशन एप को उपलब्ध करवाने और उनको करियर चुनने में हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया।

इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट से दिलबाग सिंह, राजेंद्र सैनी, विक्की सैनी, सुमन्त सैनी, फैसीलेटर राजकुमारी, आशा वर्कर्स पूजा सैनी, कृष्णा, मंजीत कौर इत्यादि मौजूद रहे।


आशा वर्कर्स, सफाई कर्मचारियों और आंगनबाड़ी वर्कर्स को सम्मानित करते हुए।

# ब्लैकमेल करने वाली पांच महिलाएं पुलिस ने की गिरफ्तार

**करनाल।** करनाल के महिला थाना व पुलिस चौकी नीलोखेड़ी की टीम द्वारा दो अलग-अलग मामलों में पांच महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी महिलाएं लोगों से संपर्क करके उनकी अश्लील वीडियो बनाती थीं, दुष्कर्म व छेड़खानी की झूठी शिकायत देकर लोगों पर समझौते का दबाव बनाकर मोटी रकम की मांग करती थीं।

पुलिस चौकी नीलोखेड़ी इंचार्ज उप निरीक्षक राकेश कुमार की अध्यक्षता में टीम द्वारा ने बीते रोज दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस वारदात के संबंध में जिला करनाल के एक गांव के रहने वाले एक शिकायतकर्ता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय करनाल में एक शिकायत दी। उपरोक्त दोनों महिलाओं पर अपने एक साथी के साथ मिलकर जमीन खरीदने के बहाने शिकायतकर्ता को अपने घर बुलाने, कोल्ड ड्रिंक में कोई नशीला पदार्थ पिलाने, बेहोशी की हालत में उसकी अश्लील वीडियो बनाने का आरोप है।

# महाराजा अग्रसेन की जयंती पर शहर में निकाली शोभायात्रा

### शोभायात्रा का जगह-जगह किया स्वागत


पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**महाराजा** अग्रसेन की 5146वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें वियतनाम से लाई गई महाराजा अग्रसेन जयंती की प्रतिमा का अनावरण पूर्व मंत्री कविता जैन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने किया। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन द्वारा समाज कल्याण को लेकर एक रुपये से लेकर एक ईंट का नारा दिया।

उस पर पूरे समाज को अमल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा पूरे शहर में धूमधाम से निकाली जा रही है। महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा का शहर के विभिन्न जगहों पर सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं ने जोरदार स्वागत किया। शहर में शोभायात्रा के लिए विभिन्न संगठनों, व्यापारियों ने प्रसाद की व्यवस्था कर रखी थी। भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा, महाराजा अग्रसेन त्याग की मूर्ति थे। जिन्होंने देश में आपसी भाईचारा का संदेश देते हुए गरीबों को ऊंचा उठाने का काम किया और समाजवाद को बढ़ावा दिया।

महापुरुष किसी भी एक जाति विशेष के नहीं होते वे तो पूरे समाज के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं, जिनकी जयंतियां मनाकर लोग उनके आदर्शों से प्रेरणा पाते हैं। ऐसे ही एक महापुरुष महाराजा अग्रसेन हुए हैं, जिन्होंने एक रुपया एक ईंट का संदेश देकर पूरी दुनिया को समाजवाद का पाठ पढ़ाया।

संत नामदेव रोहिल्ला टांक सभा देव नगर ने प्रधान संतलाल के नेतृत्व में ककरोई रोड पर महाराजा भगवान अग्रसेन जयन्ती समारोह जलूस में शामिल अग्रवाल समाज के सभी बंधुओं एवं श्याम प्रेमियों का स्वागत किया। जलूस में कविता जैन और राजीव जैन के अलावा अग्रवाल समाज के अनेक प्रतिष्ठित व्यक्ति राकेश मित्तल, अनिल गुप्ता, अशोक गुप्ता, अनुज मंगला, राजीव गोयल और बबीता जिंदल आदि मौजूद थे।


ककरोई रोड पर महाराजा अग्रसेन जयंती की शोभायात्रा निकालते हुए।

# मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार के समक्ष चौकीदार सभा ने रखी मांगे

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र /शाहाबाद

**हरियाणा** ग्रामीण चौकीदार सभा के नेतृत्व में दर्जनों चौकीदारों ने मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार कृष्ण बेदी से उनके निवास पर मुलाकात की। सभा के प्रदेश अध्यक्ष बुधराम ने कृष्ण बेदी को पगड़ी पहना कर सम्मानित किया।

चौकीदारों ने कृष्ण बेदी के समक्ष अपनी कुछ मांगे भी रखी, जिनमें चौकीदारों के मानदेय में इजाफा करवाने के साथ साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिलने के लिए समय दिलाने का भी आग्रह किया गया। हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा के प्रदेश अध्यक्ष बुधराम ने पत्रकारों को बताया कि समस्त ग्रामीण चौकीदार हरियाणा सरकार के आदेशानुसार 24 घण्टे काम कर रहे हैं, जिसके बदले उन्हें प्रति माह मात्र सात हजार रुपये मानदेय मिल रहे हैं, जोकि काफी कम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले काफी सालों से चौंकीदारों का मानदेय नहीं बढ़ाया गया है और इतनी महंगाई में मात्र सात हजार रुपये में परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है।

### सीएम से समय दिलाने का किया आग्रह

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 2007 में ग्रामीण चौंकीदारों को हरियाणा सरकार ने प्राईमरी स्कूल शिक्षा विभाग में एजुसेट चौकीदार (रात को रखवाली) पर लगाया था। जिन चौंकीदारों को इस दौरान तैनात किया गया था, उनमे से कुछ चौंकीदारों का ऐरियर और मानदेय अभी तक बकाया है।

# जनकल्याण को किया जाता है यज्ञों का आयोजन: इंद्रेश कुमार

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**मॉडल** टाउन पिहोवा में श्रीदक्षिणा काली पीठ मंदिर में साधु समाज के प्रदेशाध्यक्ष महंत बंसी पुरी के सानिध्य में नवरात्रों के उपलक्ष में नौ दिवसीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ आचार्य अभिषेक कुश के नेतृत्व में 51 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरंभ हुआ। महायज्ञ से पूर्व कलश स्थापना व कन्या पूजन किया गया।
पाठात्मक यज्ञ एवं पूजा पाठ के पश्चात यज्ञ स्थल पर बनाए गए पांच हवन कुंडों में यजमानों द्वारा आहुतियां डाली गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार, पूर्व सूचना आयुक्त भूपेंद्र धमार्णी, अधिवक्ता अक्षय नंदा, चौ. देवी लाल विश्वविद्यालय की डीन दीप्ति धमार्णी ने शतचंडी महायज्ञ में भाग लेकर पूजा अर्चना की। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजनों में भाग लेकर जहां हम अपनी आत्मा को शुद्ध कर रहे हैं वही हमें मां दुर्गा का आशीर्वाद भी प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के यज्ञों का आयोजन अपद्रवों के विनाश के लिए एवं विश्व शांति व जनकल्याण हेतु किया जाता है। इसलिए इस यज्ञ को अति उत्तम माना गया है। यज्ञ से मानव के अंदर राष्ट्रीय प्रेम, सदाचार व दया जैसे सदगुणों का विकास होता है। भारत साधु समाज के प्रदेशाध्यक्ष महंत बंसी पुरी ने कहा कि शतचंडी महायज्ञ को सनातन धर्म में बेहद शक्तिशाली वर्णित किया गया है। इससे मनुष्य को सभी कष्टों व असाध्य रोगों से मुक्ति मिलती है तथा यज्ञ से मन, वाणी एवं बुद्धि की उन्नति होती है। स्वामी खटवांग पुरी ने बताया कि मंदिर प्रबंधन की ओर से यज्ञ में भाग लेने वाले यजमानों व दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन तथा आवास की व्यवस्था की गई है। उन्होंने यज्ञ में भाग लेने वाले यजमानों व मुख्यातिथियों का आभार व्यक्त किया। महामंडलेश्वर विद्या गिरि व महंत बंसी पुरी ने मुख्यातिथियों को शाल ओढ़ाकर अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस मौके पर स्वामी लक्ष्मी नारायण पुरी, नपा अध्यक्ष आशीष चक्रपाणि, पार्षद फूल सिंह पाल, विकास चोपड़ा, संजीव शर्मा, विजय बंसल, पार्षद राजेश गोयल, दीपक पचौली, रमेश वर्मा आदि थे।


यज्ञ में भाग लेते मुख्यातिथि इंद्रेश कुमार व अन्य।

### राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ने किया पौधारोपण

**भाजपा** नेता अक्षय नंदा की ओर से मंदिर परिसर में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लेते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार ने कहा कि हमारे शरीर और मन को खुश और स्वस्थ रखने के लिए पेड़-पौधे बेहद जरूरी हैं। पर्यावरण को संरक्षित रखने में पेड़ पौधों का अहम योगदान होता है। पेड़-पौधो की अंधाधुंध कटाई से ऑक्सीजन की कमी होती चली जाएगी जिससे जीना दूभर हो जाएगा। ऐसे में पेड़ पौधे जीवन को बचाने में ही नहीं बल्कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने में भी अहम रोल अदा करते हैं। पेड़-पौधे मात्र वायु प्रदूषण को ही नहीं बल्कि हानिकारक रसायनों को छानकर जल को भी साफ करते हैं। जितने अधिक पेड़ होंगे पर्यावरण भी उतना ही शुद्ध रहेगा।

# अमेरिकन एक्सप्रेस और नासकॉम फाउंडेशन ने 700 महिलाओं को सशक्त करने के लिए गठबंधन किया

NASSCOM® FOUNDATION

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम / करनाल

**महिलाओं** के बीच डिजिटल कौशल का अंतर पाटने के लिए एक मजबूत नीव डालते हुए नासकॉम फाउंडेशन और अमेरिकन एक्सप्रेस ने रोजगार से जुड़ी एक प्रशिक्षण परियोजना वुमेन एंपावरमेंट टेक्नोलॉजी के जरिये हरियाणा में 700 महिला स्नातकों को प्रशिक्षित एवं कुशल बनाने के लिए साझीदारी की है।

इस परियोजना के तहत अमेरिकन एक्सप्रेस और नासकॉम फाउंडेशन दो प्रशिक्षण साझीदारों-फ्यूल (फ्रेंड्स यूनियन फॉर एनर्जाइजिंग लाइव्स) और आरसीईडी (रिजनल सेंटर फॉर आंत्रप्रिन्योरशिप) के साथ काम कर रहे हैं जिससे महिलाओं को प्रौद्योगिकी आधारित कौशल विकास एवं उद्यमशीलता प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके।

अमेरिकन एक्सप्रेस इंडिया में उपाध्यक्ष एवं प्रौद्योगिकी प्रमुख रूचिका पानेसर ने कहा, कोविड के दौरान सभी उद्योगों ने प्रौद्योगिकी को उल्लेखनीय रूप से अपनाया है और साथ ही सुविधाओं और वित्तीय मदद की कमी के चलते डिजिटल कौशल का अंतर बढ़ा है। हम समुदायों की सेवा करते हुए समान भविष्य को समर्थन देने और विविधता, समानता और समावेश को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। फाउंडेशन के साथ इस साझीदारी के जरिये हमारा लक्ष्य वंचित तबके से महिलाओं को सशक्त करना और अधिक रोजगार के अवसरों के लिए डिजिटल कौशल प्रदान करना है। नासकॉम फाउंडेशन की सीईओ निधि भसीन ने कहा, भारत विश्व में युवाओं की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। वास्तव में अवसरों की इस खिड़की के साथ युवाओं का उभार 2025 तक बने रहने की संभावना है। इन प्रतिभाओं का उपयोग सुनिश्चित करना और मौजूदा कौशल की खाई पाटना इस देश की शीर्ष प्राथमिकता बन गई है। इसके लिए हमें डिजिटल सीख और कौशल विकास को प्राथमिकता देने की जरूरत है।

# चमगादड़ में मिला कोविड जैसा नया वायरस एस-सीओवी-2

## कोविड-19 के लिए दिए जा रहे टीकों का इस पर नहीं होता असर

**अध्ययन**

### एस-सीओवी-2 कर सकता है मानव जाति को संक्रमित



एजेंसी। वाशिंगटन

**रूस में** चमगादड़ों में मिला एस-सीओवी-2 जैसा नया वायरस मनुष्यों को संक्रमित करने में सक्षम है और कोविड-19 के खिलाफ दिए जा रहे टीकों का उस पर कोई असर नहीं होता। एक अध्ययन में यह बात सामने आई है।

वाशिंगटन स्टेट यूनिवर्सिटी (डब्ल्यूएसयू) में अनुसंधानकर्ताओं के एक दल ने पाया कि चमगादड़ में पाए गए वायरस खोस्टा-2 में स्पाइक प्रोटीन मिले हैं जो मानव कोशिकाओं को संक्रमित कर सकते हैं और सार्स-सीओवी-2 का टीका लगवा चुके लोगों से ब्लड सीरम लेने की पद्धति और एंटीबॉडी थैरेपी दोनं के लिहाज से ही प्रतिरोधी हैं। कोई भी वायरस मानव कोशिकाओं में प्रवेश करने और उन्हें संक्रमित करने के लिए स्पाइक प्रोटीन का इस्तेमाल करता है। खोस्टा-2 और सार्स-सीओवी-2 दोनों कोरोना वायरस की एक ही उप-श्रेणी सर्बेकोवायरस में आते हैं।अध्ययन के लेखक माइकल लेतको ने कहा, हमारा अनुसंधान यह भी दर्शाता है कि एशिया के बाहर वन्यजीवों में मिलने वाले सर्बेकोवायरस भी वैश्विक स्वास्थ्य और सार्स-सीओवी-2 के खिलाफ जारी टीकाकरण अभियान के लिए खतरा पैदा करने वाले हैं।

पश्चिम रूस जैसे स्थानों पर भी ऐसी स्थिति देखी गई है जहां खोस्ता-2 पाया गया है। सार्स-सीओवी-2 के केवल ज्ञात स्वरूपों के बजाय सामान्य तौर पर सर्बेकोवायरस के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करने वाले वैश्विक टीके विकसित करने की जरूरत को भी रेखांकित करते हैं। लेतको ने कहा, इस समय, कुछ समूह ऐसा टीका विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं जो न केवल एस-2 के नए स्वरूप के खिलाफ संरक्षण प्रदान करें, बल्कि हमें सामान्य रूप से सर्बेकोवायरस के खिलाफ वास्तव में सुरक्षा दे।

उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, हमारे अनेक मौजूदा टीके उन विशिष्ट वायरसों के लिहाज से बनाए गए हैं जिन्हें हम जानते हैं कि वे मानव कोशिकाओं को संक्रमित करते हैं या जिनसे हमारे संक्रमित होने का सबसे अधिक जोखिम है।

## बंदर ने थाने में मां से नवजात को छीना हालत गंभीर

**ठाणे (महाराष्ट्र)।** ठाणे शहर के शिल-डायघर थाने में एक बंदर अचानक घुस आया और उसने वहां मौजूद एक महिला से उसकी एक महीने की बच्ची छीनने की कोशिश की। जिसके कारण बच्ची घायल हो गई।

उन्होंने बताया कि महिला रविवार को थाने में एक शिकायत दर्ज कराने आई थी, तभी यह घटना हुई। अधिकारी ने बताया कि बंदर अचानक थाने में घुस आया और उसने महिला से बच्ची छीनने की कोशिश की, लेकिन महिला ने बच्ची को कसकर पकड़े रखा और उसे बचा लिया। अधिकारी ने बताया कि वन कर्मियों ने बाद में थाने पहुंचकर बंदर को पकड़ा और उसे जंगल में छोड़ दिया गया।

## कुर्सी पर बैठने पर दबंग ने दलित को बुरी तरह दो बार पीटा

### पीड़ित कपिलधारा के आवेदन को आने पर बैठ गया था कुर्सी पर

एजेंसी। छतरपुर

**मध्य प्रदेश** के छतरपुर जिले में 30 वर्षीय एक दलित व्यक्ति के परिवार ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत के कार्यालय में कुर्सी पर बैठने पर कुछ लोगों ने उसे बुरी तरह मारा पीटा है। लेकिन बिजावर के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी रघु केसरी ने सोमवार को इस आरोप का खंडन करते हुए कहा कि कुर्सी पर बैठने के लिए आदमी को नहीं पीटा गया बल्कि शनिवार को हुई यह घटना उस आदमी और आरोपी के बीच दुश्मनी के कारण हुई।

उन्होंने बताया कि पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की कर रही है। पीड़ित व्यक्ति की पत्नी और पंचायत के एक अधिकारी ने कहा कि जिला मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर मटगुआन थाना क्षेत्र के चौका गांव में हुई इस घटना में पीड़ित व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पत्रकारों से बात करते हुए पीड़िता की पत्नी ने आरोप लगाया कि शनिवार को ग्राम पंचायत कार्यालय में कुर्सी पर बैठने की बात पर रोहित सिंह ठाकुर ने उसके पति की बुरी तरह से पिटाई कर दी।

# गुलाम नबी आजाद ने डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी की स्थापना की

## बोले, विस चुनाव में पार्टी 50 फीसदी टिकट युवाओं और महिलाओं को देगी

### अनुच्छेद 370 बहाल करने को चुनावी मुद्दा नहीं बनाएंगे



एजेंसी। जम्मू

**कांग्रेस** से लगभग पांच दशक पुराना नाता तोड़ने वाले वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने सोमवार को अपने नए दल डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी का गठन किया और कहा कि वह जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 बहाल करने को चुनावी मुद्दा नहीं बनाएंगे। उन्होंने कहा कि सड़क, जलापूर्ति और महंगाई चुनावी मुद्दे हैं।

आजाद (73) ने पार्टी के झंडे का भी अनावरण किया, जिसमें गहरे पीले, सफेद और गहरे नीले रंग की तीन पट्टियां हैं। उन्होंने कहा कि नए दल की प्राथमिकता निर्वाचन आयोग के पास पंजीकरण की होगी। हालांकि, पार्टी अपनी गतिविधियां जारी रखेगी क्योंकि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा किसी भी समय हो सकती है। आजाद ने कहा कि उनकी पार्टी अगले विधानसभा चुनाव में 50 फीसदी टिकट युवाओं और महिलाओं को देगी। उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा। आजाद ने कहा, मैं किसी को चुनावी मुद्दा बनाने से नहीं रोक सकता। मेरे पास बहुत सारी चीजें हैं, मैं इसे चुनावी मुद्दा क्यों बनाऊं? कश्मीर- केंद्रित दलों, विशेष रूप से पीडीपी द्वारा अनुच्छेद 370 पर उनकी टिप्पणी की आलोचना किए जाने के बारे में पूछने पर आजाद ने कहा, आप बस संसद के रिकॉर्ड पर गौर कर लीजिए कि (अनुच्छेद 370 पर) किसने बात की है या किसने नहीं। किसी के नाम पर संसद का रिकॉर्ड हासिल करें। लेकिन मेरा मानना है कि मैं चुनाव के लिए ऐसे मुद्दों का इस्तेमाल नहीं कर सकता। आजाद ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं आज यहां से डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी (डीएपी) की शुरुआत कर रहा हूं। यह लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रतीक है। हमारी विचारधारा महात्मा गांधी के आदर्शों पर आधारित होगी। स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी के नाम के मध्य में आने वाला शब्द आजाद, उनके नाम का प्रतीक नहीं है जबकि इसका मतलब यह है कि नई पार्टी पूरी तरह से स्वतंत्र होगी। डीएपी का किसी अन्य राजनीतिक पार्टी से कोई मुकाबला नहीं होगा और यह जम्मू-कश्मीर में शांति व सामान्य स्थिति को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

उच्चतम न्यायालय ने दशहरे की छुट्टी के बाद फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई है। आजाद ने कहा कि यह एक स्वागत योग्य कदम है कि उच्चतम न्यायालय 10 अक्टूबर से मामले की सुनवाई करेगा। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री आजाद ने 26 अगस्त को कांग्रेस से पांच दशक से अधिक समय पुराना अपना नाता तोड़ लिया था। पूर्व उप मुख्यमंत्री तारा चंद समेत कांग्रेस के दो दर्जन से अधिक प्रमुख नेताओं ने आजाद के समर्थन में पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

### बोले, कभी नहीं कहा कि अनुच्छेद 370 की बहाली संभव नहीं है

**आजाद** ने कहा कि उन्होंने यह कभी नहीं कहा कि अनुच्छेद 370 की बहाली संभव नहीं है। उन्होंने कहा, मैंने कभी नहीं कहा कि ऐसा नहीं हो सकता। मैंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नहीं मना सकता। अगर कोई मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को मना सकता है, तो उन्हें ऐसा करना चाहिए। यह एक स्वागत योग्य कदम होगा। मेरा मोदीजी पर इस तरह का कोई प्रभाव नहीं है। उन्होंने कहा कि केवल संसद ही अनुच्छेद 370 को बहाल कर सकती है, लेकिन हमें बहुमत की जरूरत होगी। आजाद ने कहा, जब मोदी और अमित शाह ने संसद में मतदान कराया तो उन्हें 86 फीसदी वोट मिले।

# भारत का समग्र विकास आरएसएस का लक्ष्य है : मोहन भागवत

### कहा, संगठन व्यक्तिगत स्वार्थों को त्यागकर देश के लिए बलिदान करना सिखाता है

### भारतीय एवं हिंदू एक समानार्थी भू-सांस्कृतिक पहचान है



एजेंसी। शिलॉन्ग

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि भारत का समग्र विकास ही उनके स्वयंसेवी संगठन का लक्ष्य है। भागवत ने इस पर्वतीय राज्य के दो दिवसीय दौरे के पहले दिन रविवार को एक जनसभा में कहा, आरएसएस का लक्ष्य समाज को संगठित करना है ताकि भारत चहुंमुखी विकास कर सके। आरएसएस व्यक्तिगत स्वार्थों को त्यागकर देश के लिए बलिदान करना सिखाता है।

उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता पर आधारित सदियों पुराने मूल्यों में निहित आस्था देश के लोगों को बांधने वाली शक्ति है। भागवत ने कहा, भारतीय एवं हिंदू एक समानार्थी भू-सांस्कृतिक पहचान है। हम सभी हिंदू हैं। उन्होंने कहा कि भारतीयों ने देश के प्राचीन इतिहास से बलिदान की परंपरा सीखी। उन्होंने कहा, हमारे पूर्वज विभिन्न विदेशी भूमि पर गए और उन्होंने जापान, कोरिया, इंडोनेशिया और कई अन्य देशों को भी यही मूल्य दिए। भागवत ने कहा कि भारत ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान विभिन्न देशों में टीके भेजकर मानवता की सेवा की और वह आर्थिक संकट में श्रीलंका के साथ खड़ा रहा। भागवत पूर्वोत्तर राज्य की दो दिवसीय यात्रा के दौरान आरएसएस के विभिन्न पदाधिकारियों और सामाजिक संगठनों के नेताओं से मुलाकात करेंगे।

## जापान रवाना हुए प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को जापान की यात्रा पर रवाना हो गए जहां वह 27 सितंबर को जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए टोक्यो रवाना हुए।

बागची ने ट्वीट किया, भारत ने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री आबे के सम्मान में नौ जुलाई 2022 को एक दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा उनकी स्मृति को नमन करने का अवसर होगी। इससे पूर्व, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने ट्वीट में कहा, मैं पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए आज रात तोक्यो जा रहा हूं। उन्होंने आबे को एक प्रिय मित्र और भारत-जापान मित्रता का बड़ा हिमायती बताया।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने मैसूर में दशहरा महोत्सव की शुरुआत की



**मैसूर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू ने सोमवार को मैसूर शहर में 10 दिन तक चलने वाले दशहरा महोत्सव की शुरुआत की।

कर्नाटक में नदा हब्बा (राजकीय उत्सव) के रूप में मनाए जाने वाले महोत्सव के दौरान राज्य की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं के दर्शाया जाएगा। कोविड-19 महामारी के कारण बीते दो वर्ष से यह महोत्सव सादगी से मनाया जा रहा था, लेकिन महामारी का प्रकोप कम होने के परिणामस्वरूप इस बार यह उत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। राष्ट्रपति ने यहां चामुंडी पहाड़ी पर स्थित चामुंडेश्वरी मंदिर के परिसर में मैसूर राजघराने की देवी चामुंडेश्वरी की मूर्ति पर पुष्प वर्षा करके वृश्चिक लग्न के दौरान उत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसपर कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और शोभा करंदलाजे व राज्य मंत्रिमंडल के कई मंत्री भी उपस्थित थे।

## बीते सालों में भारत के सोवियत रूस से संबंध मजबूत हुए: जयशंकर

### एक कार्यक्रम में कहा संबंधों में आया एक बदलाव रक्षा सहयोग के क्षेत्र में भी है



एजेंसी। वाशिंगटन

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि रूसी रक्षा उपकरणों पर भारत की निर्भरता और मॉस्को के साथ मजबूत संबंधों का कारण यह नहीं है कि नई दिल्ली ने इन उपकरणों को हासिल करने के लिए अमेरिका से संपर्क नहीं किया। जयशंकर ने यूएस-इंडिया फ्रेंडशिप काउंसिल एंड फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायसपोरा स्टडीज द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भारतीय-अमेरिकियों से कहा, दरअसल, हमारे संबंधों में आया एक बदलाव रक्षा सहयोग के क्षेत्र में भी है, जो शायद पिछले करीब 15 साल में अपने मौजूदा रूप में आया है।

उन्होंने कहा, 1965 से लेकर अगले लगभग 40 साल तक भारत में अमेरिका का कोई सैन्य उपकरण नहीं आया। इसी अवधि में भारत-सोवियत, भारत-रूस के संबंध बहुत मजबूत हुए। जयशंकर ने कहा, इसका कारण भारत की ओर से कोशिश का अभाव नहीं है। मैं इसकी पुष्टि स्वयं कर सकता हूं।

मेरे संबंधियों, मेरे पिता, मेरे दादा ने रक्षा मंत्रालय में काम किया है। इसलिए मैं जानता हूं कि अमेरिका को यह समझाने के लिए इतने वर्षों में कितने प्रयास किए गए कि एक मजबूत, स्वतंत्र एवं समृद्ध भारत में अमेरिका का हित है। उन्होंने कहा, उस समय वे सफल नहीं हुए, संभवत वैश्विक परिदृश्य उस समय इसी प्रकार का था। जो वास्तविक बदलाव आया, वह परमाणु समझौते से शुरू हुआ, जिसने आगे बढ़ने की दिशा में एक बड़ी बाधा को दूर कर दिया।

# तालाब में पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली 10 लोगों की मौत, 37 घायल

### मृतकों के परिजन को सीएम राहत कोष से दिए जाएंगे चार-चार लाख रुपये

एजेंसी। लखनऊ

**राजधानी** लखनऊ के इटौंजा क्षेत्र में सोमवार को मुंडन संस्कार कराने जा रहे लोगों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के तालाब में पलट जाने से उस पर सवार 10 लोगों की मौत हो गई तथा 37 अन्य घायल हो गए।

जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बताया कि सीतापुर से कुछ लोग उनाई देवी मंदिर में मुंडन संस्कार के लिए जा रहे थे। रास्ते में इटौंजा क्षेत्र के गद्दीनपुरवा के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली बेकाबू होकर एक तालाब में पलट गई, जिससे उस पर सवार लोग उसके नीचे दब गए। शोर सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीणों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि इस घटना में 10 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में आठ महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं। ट्रॉली पर 47 लोग सवार थे। इस हादसे में मारे गए लोगों के परिजन को मुख्यमंत्री राहत कोष से चार-चार लाख की सहायता दी जाएगी।



### कार और ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर में दम्पति की मौत

**बदायूं (उत्तर प्रदेश)।** बदायूं जिले के उझानी क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्राली और कार की टक्कर में एक दम्पति की मौत हो गई तथा दो अन्य लोग घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अमित किशोर श्रीवास्तव ने सोमवार को बताया कि रविवार देर रात बदायूं के उझानी क्षेत्र के बरामयखेड़ा गांव के पास एक कार और ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर हो गई। इस घटना में वेद प्रकाश (23) तथा उसकी पत्नी रूबी (21) की मौके पर ही मौत हो गई।

### हिमाचल: आईआईटी के तीन छात्रों समेत सात की मौत

**शिमला।** कुल्लू जिले में एक यात्री वाहन (टेम्पो-ट्रैवलर) के रविवार रात खड्ड में गिर जाने से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान वाराणसी के तीन छात्रों समेत सात पर्यटकों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतकों की पहचान सौरभ, प्रियंका गुप्ता, किरण, ऋषभ राज, अंशिका जैन, आदित्य और अनन्मय के रूप में की गई है।

## हमलावर केएसआरसीटी के कर्मचारी जल्द पकड़े जाएंगे : परिवहन मंत्री

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के परिवहन मंत्री एंटनी राजू ने सोमवार को कहा कि एक व्यक्ति पर हमला करने वाले केरल राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरसीटी) के कर्मचारी जहां भी छिपे हों, उन्हें पकड़ लिया जाएगा। मंत्री का यह बयान इन आरोपों के बीच आया है कि पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए कदम नहीं उठा रही है।

उन्होंने कहा कि परिवहन निगम प्रबंधन घटना के कुछ ही घंटों के अंदर चार कर्मचारियों को निलंबित कर आवश्यक कार्रवाई कर चुका है। राजू ने कहा कि अनुशासनात्मक कार्यवाही की कानूनी प्रक्रियाओं का अपना तरीका है और उसके अनुसार जांच शुरू कर दी गई है। हमले का शिकार हुए प्रेमन ने कहा था कि अगर दोषियों को जल्द नहीं पकड़ा गया तो वह अदालत का रुख करेंगे। 20 सितंबर को तिरुवनंतपुरम के निकट एक बस डिपो पर 55 वर्षीय प्रेमन और कॉलेज में पढ़ाई करने वाली उनकी बेटी का केरल राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरसीटी) के कर्मचारियों के साथ झगड़ा हो गया था।

## एचएएल ने 208 करोड़ से रॉकेट इंजन निर्माण केंद्र बनाया



एजेंसी। बेंगलुरु

**हिंदुस्तान** एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने 208 करोड़ रुपये की लागत से यहां एकीकृत क्रायोजेनिक इंजन निर्माण केंद्र (आईसीएमएफ) की स्थापना है, जिससे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के लिए एक ही स्थान पर पूरे रॉकेट इंजन के उत्पादन किया जा सकेगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को स्वदेशी आईसीएमएफ का उद्घाटन करेंगी। केंद्र का निर्माण 4,500 वर्ग मीटर क्षेत्र में किया गया है। यहां भारतीय रॉकेटों के क्रायोजेनिक (सीई20) और सेमी-क्रायोजेनिक (एसई2000) इंजनों के निर्माण के लिए 70 उन्नत उपकरण और परीक्षण सुविधाएं होंगी। साल 2013 में, एचएएल की अंतरिक्ष विज्ञान डिवीजन में क्रायोजेनिक इंजन मॉड्यूल का निर्माण केंद्र स्थापित करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए थे, और बाद में 2016 में इसमें संशोधन कर 208 करोड़ रुपये के निवेश के साथ आईसीएमएफ की स्थापना का लक्ष्य रखा गया। बेंगलुरु में स्थित एचएएल ने सोमवार को एक बयान में कहा कि विनिर्माण और असेंबलिंग की आवश्यकता के लिए सभी महत्वपूर्ण उपकरणों को प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके अलावा निर्माण पूर्व गतिविधियां भी शुरू हो गई हैं।

## एसबीएसटीसी कर्मचारियों से हड़ताल खत्म करने की अपील

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने दक्षिण बंगाल राज्य परिवहन निगम (एसबीएसटीसी) के हड़ताली अनुबंध कर्मचारियों से सोमवार को तत्काल काम पर लौटने की अपील करते हुए कहा कि एक महीने में 26 कार्यदिवस होने की उनकी मांग मान ली जाएगी।

वहीं कर्मचारियों ने कहा कि लिखित आश्वासन मिलने के बाद ही वे अपनी हड़ताल खत्म करेंगे। चक्रवर्ती ने कहा, मैंने एसबीएसटीसी प्रबंधन से यह सुनिश्चित करने को लिए कहा है कि आपके (हड़ताली अनुबंध कर्मचारियों) लिए महीने में 26 कार्य दिवस की व्यवस्था की जाए। मुद्दों को कानून के दायरे में हल करने का प्रयास करेंगे।

# हाईकोर्ट ने सौ साल पुराने पैलेस को ध्वस्त किए जाने पर रोक लगाई

## सुल्तान पैलेस पर पटना उच्च न्यायालय के फैसले का धरोहर प्रेमियों ने किया स्वागत

एजेंसी। नई दिल्ली/पटना

**पटना** उच्च न्यायालय के पांच सितारा होटल बनाने के लिए ऐतिहासिक सुल्तान पैलेस को ध्वस्त करने के बिहार सरकार के निर्णय पर रोक लगाने के निर्णय का धरोहर प्रेमियों ने स्वागत किया है। अदालत ने 100 वर्ष पुरानी इस इमारत को ध्वस्त किए जाने पर रोक लगाते हुए इस संबंध में राज्य सरकार से जवाब भी मांगा है। पुनर्विकास परियोजना के तहत मई के मध्य से इसके कुछ हिस्से ध्वस्त किए गए हैं।

इतिहासकार, विद्वान, वकील, वास्तुकार, संरक्षणवादी और अन्य धरोहर प्रेमियों ने पटना उच्च न्यायालय के शुक्रवार को सुनवाई निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह ऐसे समय में उम्मीद की एक किरण, जब धरोहर को ध्वस्त करने का काम जारी है। वहीं कुछ का कहना है कि खतरा अब भी मंडरा रहा है। विश्व पर्यटन दिवस से एक दिन पहले कुछ उन्होंने सुझाव दिया कि पैलेस को एक भव्य होटल का रूप देकर भी बचाया जा सकता है, जिससे पर्यटन पटना की ओर आकर्षित हो सकते हैं। पटना के वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक प्रणव के. चौधरी ने कहा कि उनके लिए पटना के प्राचीन कलेक्ट्रेट को ध्वस्त होते देखना 1990 के उस दुखद समय को याद दिलाता है, जब डाक बंगला गिराया गया था। उन्होंने कहा, 30 वर्ष पहले उनका 19वीं सदी के डाक बंगले को गिराना काफी दुखद था और फिर कलेक्ट्रेट को ऐसे ध्वस्त होते देखना भी बेहद पीड़ादायक था...इसको लेकर किसी को समाज में कोई पछतावा भी नहीं है। पटना ने पिछले 10 वर्ष में कई ऐतिहासिक इमारते खोईं हैं और फिर अब सुल्तान पैलेस को गिराकर उसकी जगह पांच सितारा होटल बनाने का प्रस्ताव...हमें यह सब रोकना होगा।

### धरोहर प्रेमियों ने विश्व पर्यटन दिवस से एक दिन पूर्व पैलेस को भव्य होटल का रूप देने का दिया था सुझाव

### ट्वीट कर इतिहासकार ने की न्यायालय की सराहना

**दिल्ली** के इतिहासकार एस. इरफान हबीब ने ट्वीट किया, पटना के लोगों को बधाई और पटना हाईकोर्ट का मामले में हस्तक्षेप करने और खूबसूरत इमारत बचाने के लिए शुक्रिया। इएनटीएसीएच के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वह प्रार्थना कर रहे थे कि इस पर रोक लगाई जाए और ऐसा हुआ भी।

### 1922 में बनवाया था सुल्तान पैलेस

**गौरतलब** है कि आर-ब्लॉक क्षेत्र के पास ऐतिहासिक गार्डिनर रोड (अब बीर चंद पटेल रोड) पर स्थित सुल्तान पैलेस, 1922 में पटना के प्रसिद्ध बैरिस्टर सर सुल्तान अहमद द्वारा बनवाया गया था, जिन्होंने पटना उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में भी काम किया था। वह 1923 से 1930 तक पटना विश्वविद्यालय के पहले भारतीय कुलपति भी रहे थे।



## रूस के स्कूल में गोलीबारी, नौ लोगों की मौत

**मॉस्को।** मध्य रूस स्थित एक स्कूल में सोमवार को सुबह एक बंदूकधारी ने हमला कर दिया, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य लोग घायल हो गए। रूस की जांच समिति ने ऑनलाइन जारी एक बयान में बताया कि उदमुर्तिया की राजधानी इझेवस्क के एक स्कूल में हुई गोलीबारी में दो सुरक्षाकर्मियों, दो शिक्षकों और पांच छात्रों की मौत हो गई। उदमुर्तिया के गवर्नर अलेक्जांद्र ब्रेचालोव ने एक वीडियो जारी करके बताया कि अज्ञात बंदूकधारी ने स्वयं को भी गोली मार ली। जिस स्कूल में हमला हुआ है, उसमें पहली से 11वीं कक्षा तक के छात्रों को पढ़ाया जाता है। अधिकारी ने बताया कि स्कूल को खाली करा लिया गया और इलाके की घेराबंदी कर दी गई है।

# सोसाइटी में फर्जी एसोसिएशन पर केस दर्ज

## कोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई, मेंटेनेंस ऑफिस में तोड़फोड़ और कैश लूटने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** के थाना सेक्टर 113 क्षेत्र के सेक्टर 78 स्थित सन शाइन हेलिओस सोसाइटी के मेंटेनेंस मैनेजर ने अपार्टमैंट ऑनर एसोसिएशन के दर्जन भर पदाधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है इन लोगों ने सोसाइटी में फर्जी एसोसिएशन का गठन किया। मेंटेनेंस ऑफिस में घुसकर तोड़फोड़ की और वहां रखी नगदी को चुरा लिया। मुकदमा कोर्ट के आदेश पर दर्ज किया गया है।

सन शाइन सोसाइटी में पीड़ित का फर्म हेलियोस मेंटेनेंस एंड सपोर्ट नाम से फर्म है। जिसका काम सोसाइटी की सुरक्षा, देखभाल और बिजली ,पानी और जनरेटर आदि का मेनटेनेंस करना है। 19 जून 2022 को कथित अपार्टमैंट ऑनर एसोसिएशन के पदाधिकारी गुरविंदर सिंह सिद्धू, संजय राव, राहुल अग्रवाल, पंकज बाबा, मनीष कश्यप, विवेक माटा, आशीष पांडा, संजय कुमार वाधवा, विनय बंसल, विश्वा लोचन सहित 8.10 अज्ञात लोगों ने मेंटेनेंस कार्यालय में आकर मारपीट की, जान से मारने की धमकी दी। वहां मौजूद कर्मचारियों को डरा धमका कर वहां रखा 660000 रूपए नगद लूट लिया। आरोप है कि सोसाइटी में एओए का फर्जी तरीके से गठन किया गया। जिस पर सोसाइटी के लोगों ने इसकी शिकायत सिटी रजिस्टर सोसाइटी मेरठ से की।



फाइल फोटो

9 दिसंबर 2021 एसोसिएशन का रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिया गया। यही नहीं इस मामले में उच्च न्यायालय में दायर याचिका हवाला देते हुए रजिस्टर को दोबारा से प्रार्थना पत्र दिया गया जिस पर दिए गए आदेश पर 24 दिसंबर को स्टे लगा दिया।

पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि सेक्टर 78 स्थित सन शाइन हेलि ओस सोसाइटी के फैसिलिटी मैनेजर अमित कुमार मिश्रा ने थाना सेक्टर 49 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सोसाइटी के पीड़ित के अनुसार सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। उन्होंने बताया कि कोर्ट के आदेश पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद मामले में आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी।

● 19 जून 2022 को कथित अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों और 10 अज्ञात लोगों ने मेंटेनेंस कार्यालय में आकर मारपीट कर दी थी जान से मारने की धमकी

### विवादों से लंबा नाता



## नगर आयुक्त ने किया देवी मंदिर का दौरा

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ ने सोमवार सुबह शहर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जस्सीपुरा स्थित देवी मंदिर के पास भी निरीक्षण किया और मंदिर में पूजा भी की। आज से नवरात्रें शुरू हो गए हैं और इस दौरान देवी मंदिर के पास छोटा मेला भी आयोजित किया जाता है। यहां सभी नौ नवरात्रें भव्य आयोजन होता है, जहां मंदिर में भक्त देवी मां का कीर्तन का आयोजन करते हैं। दरअसल मंदिर के पास ही काफी दूर तक सडकें टूटी हुई हैं, जिसे लेकर गत दिनों मंदिर के महंत नारायण गिरि ने नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ से मुलाकात की थी। माना जा रहा है कि नगर आयुक्त खुद देखने के लिए गए थे कि सडक बन गई है या नहीं। उन्होंने एक दिन पहले ही नगर निगम के हेल्थ अफसर डॉ मिथलेश कुमार को निर्देश दिए थे कि वह मंदिरों के आसपास स्पेशल अभियान साफसफाई कराने का कार्य करें। नगर आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान यह देखा कि मंदिरों के आसपास साफ-सफाई की स्थिति कैसी है।

## संक्षिप्त समाचार



### नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में लगे जय कारे

**नोएडा।** नवरात्र के पहले दिन सोमवार को नोएडा का सबसे पुराना सेक्टर.19 सनातन घर्म मंदिर जयकारों से गूंज उठा। तीन दिन की बारिश के बाद आज सुबह से मौसम साफ रहा। शहरवासियों ने आज दिन की शुरुआत माता के पूजा अर्चना के साथ की। कोरोना के कारण दो वर्ष बाद नवरात्र के पहले दिन शहर के मंदिरों के पट पूरी तरह से खुले। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ मंदिरों में जाकर माता के दर्शन किए। सेक्टर.19 स्थित सनातन धर्म मंदिर के पुजारी ने सुबह छह बजे ही माता का श्रृंगार किया। इसके बाद आरती उतारी। इसके बाद श्रृद्धालुओं के लिए मंदिर के पट खोले गए। सनातन धर्म मंदिर के पुजारी वीरेंद्र नंदा ने बताया कि धूप दिखाकर 8 बजे कलश स्थापना के साथ दुर्गा पाठ किया गया। उन्होंने बताया कि नौ दिन लगातार मंदिर में पाठ और धार्मिक अनुष्ठान होगा। प्रतिदिन माता का प्रसाद वितरित किया जाएगा। सेक्टर 19 स्थित यह मंदिर सनातन धर्म समिति के सहयोग से निर्मित किया गया। समिति की स्थापना 21 अप्रैल, 1984 में हुई। इसके बाद पांच जुलाई, 1984 को मंदिर का शिलान्यास हुआ। प्रसिद्ध गीतकार स्वर्गीय गुलशन कुमार ने मंदिर के निर्माण में पूरा सहयोग दिया था। इसके अलावा सांसद डॉ महेश शर्मा संरक्षक के तौर पर है। मंदिर समिति के महासचिव संजय बाली ने बताया कि भव्य सनातन धर्म मंदिर का निर्माण वर्ष 1989 में किया गया। इस मंदिर में सभी देवी.देवताओं की मूर्तियां स्थापित हैं। सनातन धर्म मंदिर समिति इसकी देखरेख करती है। यह शहर का एकमात्र सनातन धर्म मंदिर है। सिटी मजिस्ट्रेट का कार्यालय मंदिर से चंद कदम की दूरी पर है। सेक्टर.2 लाल मंदिर, सेक्टर.49 वोडा महादेव मंदिर, सेक्टर.20 के हनुमान मंदिर, बरौला का माता का मंदिर, सलारपुर मंदिर।

### आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ाया एक और कदम

**गाजियाबाद।** केंद्रीय सडक परिवहन, राजमार्ग एवं केंद्रीय नागर विमानन राज्यमंत्री डॉ वीके सिंह हिंडन एयरबेस पर एवीजीएस 100 एलएल के उदघाटन कार्यक्रम में उपस्थित हुए। स्वदेशी रूप से विकसित एवीजीएएस 100 एलएलए पिस्टन इंजन एयरक्राफ्ट के लिए विशेष विमानन ईंधन है जिसकी शुरुआत आज गाजियाबाद हिंडन एयरबेस से शुरुआत की गई है। इसका घरेलू उत्पादन भारत में उड़ान प्रशिक्षण को और अधिक किफायती बना देगा। इस कार्यक्रम में भारत के केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पूरी, इंडियन ऑयल के चेयरमैन श्रीकांत माधव विद्या और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। वीके सिंह ने दिल्ली से शिमला के लिए उडान को हरी झंडी भी दिखाई। अब रोज दिल्ली से शिमला के लिए हवाई यात्रा की जा सकती है। हिडंन ऐयरबेस पर हुए कार्यक्रम में विनीत सूद भी मौजूद रहे।

### शादी का झांसा देकर प्रेमिका से किया रेप

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट थाना क्षेत्र के अंतर्गत भाटिया मोड़ पर स्थित एक मकान में अंकित नामक युवक द्वारा अपनी प्रेमिका को शादी का झांसा देकर उससे रेप करने का मामला प्रकाश में आया है। 19 सितंबर की रात हुई इस वारदात की तहरीर मिलने पर पुलिस ने नामजद युवक अंकित, उसकी मां व चाचा के खिलाफ आपराधिक धारा 323, 376, 504 व 506 के तहत रिपोर्ट दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि अंकित नामक युवक से उसकी मुलाकत पांच वर्ष पूर्व हुई थी। इसी बीच अंकित उसे शादी करने का झांसा देकर उससे निकटता बढ़ाने लगा।

### भाकियू अ की पंचायत में आंदोलन की रूपरेखा तय

**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पंचायत गांव नंगली वजिदपुर नोएडा में हुयी। जिसमें ग्राम की मूलभूत समस्याओं और जल्द ही यमुना प्राधिकरण पर बड़े स्तर पर आंदोलन की तैयारी के लिए रूपरेखा तैयार की गयी तथा संगठन का विस्तार किया गया।पंचायत अध्यक्षता चौधरी दया प्रधान ने व संचालन बॉबी नागर ने किया। पंचायत में ठाकुर सागर चौहान को नोएडा महानगर अध्यक्ष, अभय चौहान जिला उपाध्यक्ष, दीपक चौहान महानगर मीडिया प्रभारी, मोनू चौहान ग्राम अध्यक्ष नंगली.बजिदपुर तथा आदर्श चौहान को जिला सचिव के पद पर नियुक्त किया गया। इस मौके पर प्रदेश सचिव राकेश चौधरी, प्रदेश सचिव रणवीर अवाना, एनसीआर प्रवक्ता शमशाद सैफी, जिला अध्यक्ष महेंद्र मुखिया, युवा जिला अध्यक्ष विकास शर्मा, सागर शर्मा जिला उपाध्यक्ष, वीरेंद्र शर्मा जिला सचिव, पुष्पेंद्र ठाकुर, रोहित चौहान, शेखर चौहान, बृजेश चौहान, आशीष शर्मा, साहिल चौहान, प्रवीण चौहान, विपिन चौहान, मेजर नागर, मीनू चौहान, सतीश शर्मा, चिंटू शर्मा, मुनेंद्र भारद्वाज, अप्पू शर्मा, सोमेश भारद्वाज सहित अन्य मौजूद रहें।

### लेजर और लाइट शो में दिखेगा ट्विन टावर

**नोएडा।** लेजर और लाइट शो के जरिए ट्विन टावर के निर्माण से लेकर ध्वस्तीकरण तक की पूरी कहानी बताई जाएगी। इसका आयोजन नोएडा के सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट में होगा। सोसाइटी के लोग इसे विजय दिवस के रूप में मनाने जा रहे है। 19 अक्टूबर को सोसाइटी के लोग विजय दिवस मनाएंगे। इसकी तैयारी की जा रही है। सोसाइटी की आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष उदयभान सिंह तेवतिया ने कहा कि कार्यक्रम में जहां लेजर लाइट शो के माध्यम से ट्विन टावर के ध्वस्तीकरण, उनके निर्माण और संघर्ष की गाथा को बताया जाएगा। इसमें बताया जाएगा कि कैसे सोसाइटी ने पूरे देश में एक नया इतिहास रचा है और यह पहली बार हुआ जब देश में इतने बड़े टावरों को इतनी बड़ी कार्ययोजना के साथ ध्वस्त किया गया। इसके लिए काम करने वाले अधिकारियों और अन्य लोगों को भी इस विजय दिवस के कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। 28 अगस्त को सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट के परिसर में बने ट्विन टावरों को 3500 किलो विस्फोटक लगाकर ध्वस्त कर दिया गया था। इसे गलत नियमों के तहत बनाया गया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जेट डिमोलिशसन और एडिफाइस इंजीनियरिंग ने इस इमारत को ध्वस्त किया। इसे करीब 80 हजार टन मलबा निकला। जिसका निस्तारण किया जा रहा है। जिस जमीन पर ट्विन टावर का निर्माण था।

## गाजियाबाद के एलिवेटेड रोड पर बर्थडे सेलिब्रेट करने से पहले पहुंची पुलिस, गिरफ्तार कर भेजा जेल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**पुलिस** ने रविवार मध्य रात्रि कौशांबी थाना क्षेत्र में एलिवेटेड रोड पर जन्मदिन पार्टी मना रहे दिल्ली के चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी कार सीज कर दी। बता दें कि इन दिनों एलिवेटेड रोड पर जन्मदिन मनाने का चलन देखा जा रहा है। वहीं पुलिस लगातार ऐसे लोगों को चिन्हित कर सजा भी दे रही है। ताजा मामले में भी दिल्ली से जन्मदिन मनाने आए लड़कों पर पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए गिरफ्तारी की है।

कौशांबी थाना प्रभारी निरीक्षक प्रभात दीक्षित ने बताया कि रविवार रात करीब 12 बजे यूपी गेट के पास एलिवेटेड रोड पर चार युवक जन्मदिन की पार्टी मना रहे थे। युवकों ने एलिवेटेड रोड पर कार खड़ी की थी। तेज ध्वनि में गाने बजा रहे थे। चारों दरवाजे खोल रखे थे। बोनट पर काटने के लिए केक रखे थे। इस बीच पुलिस मौके पर पहुंच गई। उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान दिल्ली के मयूर विहार के हिमांशु नायल, नवीन रावत उर्फ विक्की,



विक्रम सिंह और अर्जुन सिंह के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला कि हिमांशु का जन्मदिन था। एलिवेटेड रोड पर जन्मदिन पार्टी मनाने के दौरान पिछले दिनों युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। आतिशबाजी की। राहगीरों को डराया-धमकाया। गनीमत रही कि उस दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। इस तरह के उत्पात के दो वीडियो इंटरनेट मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुए। पुलिस की जमकर किरकिरी हुई थी। मामला लखनऊ तक पहुंचा था। उसके बाद इंदिरापुरम कोतवाली पुलिस ने दो और साहिबाबाद कोतवाली पुलिस ने 18 युवकों को गिरफ्तार किया था। एलिवेटेड रोड पर निगरानी के लिए पुलिस तैनात कर दी। उसका नतीजा रविवार को देखने को मिला। युवकों के केक काटने से पहले उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

## गाजियाबाद में छज्जा गिरने से पांच साल के बेटे की मौत

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद क्षेत्र के खोड़ा स्थित प्रताप विहार में रविवार देर रात छज्जा गिरने से पांच साल के बच्चे की मौत हो गई। स्वजन ने मामले की पुलिस से शिकायत नहीं की है। घटना के समय बच्चे के स्वजन दुर्गा पंडाल सजा रहे थे। हादसा हो जाने से खुशी का माहौल गम में बदल गया। प्रताप विहार में ललित परिवार के साथ रहते हैं। रविवार देर रात करीब 10 बजे वह परिवार के अन्य सदस्यों व पड़ोसियों के साथ गली में दुर्गा पूजा का पंडाल लगाने की तैयारी कर रहे थे। इस दौरान उनके मकान का छज्जा भरभरा कर गिर गया। उनका करीब पांच साल का बेटा लक्ष्य उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे नोएडा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात करीब 12 बजे उसकी मौत हो गई। प्रताप विहार के लोगों में नवरात्र को लेकर उत्साह था। गली में दुर्गा पंडाल सजाने की तैयारी चल रही थी। अचानक हुए इस दर्दनाक हादसे से खुशी का माहौल गम में तब्दील हो गया।

## मुख्यमंत्री केजरीवाल ने गुजरात से आए सफाईकर्मी के साथ खाया खाना



● केजरीवाल ने गुजरात से आए सफाईकर्मी के साथ खाया खाना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**गुजरात** से राजधानी दिल्ली पहुंचे सफाई कर्मचारी हर्ष सोलंकी के परिवार के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दोपहर का खाना खाया। इस दौरान सीएम का परिवार भी मौजूद रहा। केजरीवाल के विशेष मेहमान इसके बाद सरकारी स्कूल और मोहल्ला क्लिनिक का भी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गुजरात में भी ऐसे ही सरकारी स्कूलों और अस्पतालों की जरूरत है।

अहमदाबाद में रविवार को आप ने सफाईकर्मियों के साथ आयोजित टाउन हॉल कार्यक्रम के दौरान दलित समुदाय से संबंध रखने वाले सोलंकी ने केजरीवाल को रात के भोजन पर अपने घर आने का न्योता दिया था। आप गुजरात के प्रदेश संयोजक गोपाल इटालिया हर्ष सोलंकी और उनके परिवार को लेकर गुजरात से फ्लाइट के जरिए एयरपोर्ट पहुंचे।

**केजरीवाल दलित विरोधी और सफाई कर्मचारियों के दुश्मन : भाजपा**



**नेता** प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि दलितों के हमदर्द बनने का दिखावा करने वाले मुख्यमंत्री असल में दलित विरोधी हैं। कोरोना काल में सफाई कर्मचारियों की मौत पर मुआवजा देना तो दूर, उनसे मिलने का समय तक नहीं दिया। सफाई कर्मचारियों का वेतन रोककर उन्हें भूखों मरने पर मजबूर किया। अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण के लिए बजट में मंजूर राशि में से करीब 82 फीसदी तक खर्च ही नहीं किया। अब गुजरात के दलितों को दिल्ली बुलाकर ढोंग कर रहे हैं।

**गुजराती दलित परिवार को खाने पर बुलाना चुनावी स्टंट : कांग्रेस**



**प्रदेश** कांग्रेस ने केजरीवाल पर निशाना साधा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि केजरीवाल गुजरात के दलित परिवार को भोजन पर बुलाकर अवसरवादी और चुनावी स्टंट राजनीति को नया आयाम देने की कोशिश करके दलित वर्ग को गुमराह कर रहे हैं।

### गाजियाबाद में वायुसेना अधिकारी की करंट से मौत

## कारिगल युद्ध में दिया था योगदान, पानी मोटर के तार जोड़ते वक्त हुआ हादसा

पायनियर समाचार सेव। गाजियाबाद।

**भारतीय** वायुसेना के हिंडन एयरफोर्स स्टेशन गाजियाबाद पर तैनात वारंट ऑफिसर सुशील कुमार शर्मा 47 साल की करंट लगने से मौत हो गई। वे घर का पानी भरने के लिए मोटर और बिजली के तार आपस में जोड़ रहे थे। उसी दौरान करंट लगा और अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया। मेरठ में राजकीय सम्मान के साथ उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार हुआ। सुशील ने कारगिल युद्ध के समय कम्युनिकेशन विभाग में अपना शानदार काम दिखाया था।

सुशील शर्मा मूल रूप से बुलंदशहर जिले में स्याना कस्बा के रहने वाले थे। उनका परिवार मेरठ की गंगाधाम कॉलोनी में रहता था। जबकि वे खुद गाजियाबाद में हिंडन एयरफोर्स स्टेशन से कुछ ही दूर लाजपत नगर में किराए के मकान में रहते थे। वे एयरफोर्स स्टेशन की सिग्नल ब्रांच में वारंट ऑफिसर के पद पर तैनात थे। शनिवार रात इस हादसे के बाद स्थानीय लोग उन्हें गाजियाबाद में हॉस्पिटल लेकर गए, जहां मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम और अन्य कानूनी प्रक्रिया के बाद रविवार देर शाम मेरठ की गंगाधाम कॉलोनी स्थित घर पर पार्थिव शरीर पहुंचा।



परिजनों ने यहां अंतिम दर्शन किए। इसके बाद मेरठ के सूरजकुंड शमशान घाट पर राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार हुआ। वायुसेना के जवानों ने उन्हें अंतिम सलामी दी। सुशील शर्मा के परिवार में उनकी पत्नी नेहा शर्मा, दो बेटे शिवांक शर्मा व इशांग शर्मा हैं। शिवांक शर्मा बीटेक करने के बाद बंगलुरू की एक कंपनी में ट्रेनिंग कर रहे हैं, जबकि शिवांग यूनिवर्सिटी में सैकेंड ईयर में है। सुशील हर शनिवार को मेरठ जाते थे और सोमवार सुबह वापस ड्यूटी पर एयरफोर्स स्टेशन पहुचं जाते थे। इस बार बारिश की वजह से वे मेरठ नहीं जा पाए और ये हादसा हो गया।

## करोड़ों की जमीन कब्जाने का आरोप

**नोएडा।** चिपियाना बुजुर्ग गांव में रहने वाली महिला ने अपने परिवार के लोगों पर 70 करोड़ की जमीन पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस पर भी इस मामले में कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। महिला ने ट्वीट कर मुख्यमंत्री से मदद की गुहार लगाई है। बिसरख कोतवाली क्षेत्र के चिपयाना बुजुर्ग स्थित ग्रीन पार्क कॉलोनी निवासी सीमा चौधरी ने बताया कि उनके पति के ताऊ ने उनके नाम 10 बीघे जमीन की थी। यह जमीन शाहबेरी और चिपयाना बुजुर्ग में है, जिसकी कीमत करीब 70 करोड़ रुपये है। आरोप है कि उनके जेठ और भतीजे ने करीब दो महीने पहले 35 करोड़ की जमीन कब्जा कर चारदीवारी करा ली। महिला ने इस मामले की शिकायत बिसरख कोतवाली पुलिस से की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पुलिस के आला अधिकारी भी उनकी बात सुनने को तैयार नहीं है। महिला का आरोप है कि आरोपी द्वारा उनके घर बदमाश भेजकर धमकी दिलवाई जा रही है। महिला ने ट्वीट कर प्रदेश सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

## ठगबाज नाइजीरियन की पत्नी गिरफ्तार भिंड पुलिस ने ग्रेटर नोएडा से पकड़ा



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**सोशल** साइट पर युवती से दोस्ती कर एयरपोर्ट पर इमीग्रेशन क्लीयरेंस के नाम पर लाखों रुपए का चूना लगाने वाले ठगबाज नाइजीरियन की पत्नी को भिंड पुलिस ने ग्रेटर नोएडा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई महिला का पति धोखाधड़ी के आरोप में जेल में बंद है।

भिंड निवासी श्वेता तोमर ने 7 जून 2021 को थाना भिंड में मुकदमा दर्ज कराया था। दर्ज मुकदमे में उसने बताया था कि उसकी हिमांशु राजपूत नामक व्यक्ति से बातचीत हुई थी। बातचीत के दौरान हिमांशु ने बताया कि वह लंदन यूके में रहता है। उसके माता.पिता यूएसए में रहते हैं। 2 मई वर्ष 2021 को हिमांशु ने बताया कि वह लंदन से नई दिल्ली घूमने के लिए आ रहा है। श्वेता ने बताया कि 3 मई की सुबह उसके पास सोनिया नाम की महिला का फोन आया। सोनिया ने बताया कि वह नई दिल्ली एयरपोर्ट के इमीग्रेशन डिपार्टमेंट से बोल रही है। हिमांशु राजपूत के पास 35000 पाउंड पकड़े गए हैं। सोनिया ने हिमांशु की श्वेता से बात कराई। हिमांशु ने उससे इमीग्रेशन क्लीयरेंस के नाम पर 45500 मांगे। श्वेता ने बताया कि हिमांशु राजपूत व सोनिया ने विभिन्न तरीकों से उससे करीब 460000 अपने अकाउंट में ट्रांसफर करा लिए। भिंड पुलिस ने श्वेता की शिकायत पर जांच पड़ताल के बाद ग्रेटर नोएडा के थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र में रहने वाली पल्लवी सोनवाल पत्नी जॉन जूलियस को गिरफ्तार किया। पकड़ी गई महिला थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के जेपी अमन सेक्टर .151 में रहती है।

## शहर में खराब स्ट्रीट लाइट ठीक कराने के लिए सर्वे शुरू

पायनियर समाचार सेव। गाजियाबाद।

**नगर** निगम के प्रकाश विभाग ने शहर में खराब स्ट्रीट लाइट ठीक कराने के लिए सर्वे शुरू कर दिया है। इस बावत नगर आयुक्त ने निर्देश दिए हैं। नगर आयुक्त ने मुख्य स्थानों पर तत्काल लाइट लगाने के लिए कहा है। बारिश से ज्यादातर सड़कें और कॉलोनियों की लाइट खराब होने से अंधेरा रहता है।

तीन दिन लगातार बारिश होने से स्ट्रीट लाइट खराब हो गई हैं। प्रमुख सड़कों से लेकर कॉलोनियों के अंदर अंधेरा छाया रहता है। गोविन्दपुरम, आरकेपुरम, हरसांव, शास्त्रीनगर, संजयनगर आदि कॉलोनियों की लाइट खराब हैं। मुख्य सड़कों के अलावा औद्योगिक क्षेत्र में भी प्रकाश व्यवस्था बदहाल है। निगम में रोजाना लाइट से जुड़ी शिकायत आ रही हैं। अंधेरा होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। रात में वाहन चालकों को सड़कों के गड्ढे दिखाई नहीं देते।

इस कारण हादसे बढ़ने लगे हैं। नगर आयुक्त डा नितिन गौड़ ने संज्ञान लेते हुए प्रकाश विभाग को खराब लाइट का पता लगाने के लिए सर्वे कराने के लिए कहा। उनके आदेश पर सर्वे शुरू हो गया है। नगर आयुक्त ने बताया कुछ प्रमुख स्थानों की लाइट तत्काल ठीक कराई जा रही हैं। बारिश से सड़कें बदहाल हो गई। ज्यादातर सड़कों पर गड्ढे हैं। ऐसे में लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

## गाजियाबाद के स्वर्ण जयंती पुरम भूखंड आवंटन घोटाले के मामले में हाई कोर्ट सख्त

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**स्वर्णजयंती** पुरम भूखंड आवंटन घोटाले के मामले में हाई कोर्ट के रुख सख्त हैं। सोमवार को सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि लीपापोती न करें, आवंटन घोटाले के मामले में क्या कार्रवाई की। इसकी विस्तृत रिपोर्ट पेश करें। अगली सुनवाई दो नवंबर को होगी। सुनवाई के दौरान जीडीए व शासन के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए हाई कोर्ट ने कहा कि भूखंड आवंटन में किस-किस अधिकारी की गलती है और किस-किस के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है। इसकी विस्तृत रिपोर्ट पेश करें।

हाई कोर्ट के सख्त रुख से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में हड़कंप मचा हुआ है। हाई कोर्ट में





याचिका दायर करने वाले वरिष्ठ भाजपा पार्षद राजेंद्र त्यागी ने कहा कि कि भ्रष्टाचार कर प्राधिकरण को आर्थिक क्षति पहुंचाने वाले अधिकारी.कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। हम हाई कोर्ट में सीबीआइ जांच कराने की गुहार लगाएंगे। जीडीए ओएसडी सुशील चौबे ने बताया कि हाई कोर्ट के आदेशानुसार अगली तारीख पर विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट पेश करेंगे। स्वर्णजयंती पुरम में 1998 से 2003 के बीच 1583 भूखंडों का आवंटन किया गया था। भुगतान न होने और रिफंड मांगने के चलते आवंटन निरस्त किए गए थे, लेकिन वर्ष 2005 से 2007 के बीच जीडीए ने 283 भूखंडों को दोबारा से गलत तरीके से बहाल करते हुए आवंटित कर दिया। उक्त भूखंड जीडीए अधिकारियों व बाबुओं ने मिलीभगत कर जीडीए के सेक्टर रेट से कम दर पर आवंटित किए थे। वर्ष 2007 में वरिष्ठ भाजपा पार्षद राजेंद्र त्यागी ने मामले को उठाया। उन्होंने हाई कोर्ट में 2011 याचिका दायर की थी। हाई कोर्ट के आदेश पर वर्ष 2019 में मुरादाबाद मंडलायुक्त ने मामले की जांच की, लेकिन जांच रिपोर्ट में उन्होंने गलत तरीके से भूखंड आवंटन के कारण प्राधिकरण को हुई करोड़ों रुपये के राजस्व की हानि के मामले को अवैध निर्माण की तरफ मोड़ दिया। वरिष्ठ भाजपा पार्षद राजेंद्र त्यागी ने मार्च 2021 में फिर हाई कोर्ट गए और याचिका दायर कर भूखंड आवंटन घोटाले के मामले को गलत तरीके से अवैध निर्माण की तरफ मोड़ने की बात कही। हाई कोर्ट ने संज्ञान लेकर दोबारा जांच के आदेश दिए। भाजपा पार्षद ने बताया कि गलत आवंटन से जीडीए को उस समय की कीमत के हिसाब से तीन करोड़ रुपये व स्टांप ड्यूटी के करीब 36 लाख रुपये का नुकसान राजस्व विभाग को भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों के कारण हुआ। पिछली सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट जीडीए अधिकारियों को फटकार लगाते हुए 25 हजार रुपये जुर्माना लगा चुकी है जबकि इससे पहले की सुनवाई पर हाई कोर्ट यह टिप्पणी भी कर चुकी है कि सीबीआइ जांच कराएं क्या

# सिद्धि प्राप्ति के लिए करें मां ब्रह्मचारिणी की आराधना



मां ब्रह्मचारिणी की महिमा किसी से छुपी नहीं है और आप उनका आशीर्वाद पाकर जीवन में ज्ञान हासिल कर सकते हैं। नवदुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है। शास्त्रों में मां के हर एक रूप की पूजा विधि और कथा का महत्व बताया गया है। मां ब्रह्मचारिणी की कथा जीवन के कठिन क्षणों में भक्तों को संबल देती है।

## मां ब्रह्मचारिणी की कथा

**पूर्वजन्म** में इस देवी ने हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्म लिया था और नारदजी के उपदेश से भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की थी। इस कठिन तपस्या के कारण इन्हें तपश्चारिणी अर्थात ब्रह्मचारिणी नाम से जाना गया। एक हजार वर्ष तक इन्होंने केवल फल-फूल खाकर बिताए और सौ वर्षों तक केवल जमीन पर रहकर शाक पर निर्वाह किया। कुछ दिनों तक कठिन उपवास रखे और खुले आकाश के नीचे वर्षा और धूप के घोर कष्ट सहे। तीन हजार वर्षों तक टूटे हुए बिल्व पत्र खाए और भगवान शंकर की आराधना करती रहीं। इसके बाद तो उन्होंने सूखे बिल्व पत्र खाना भी छोड़ दिए। कई हजार वर्षों तक निर्जल और निराहार रह कर तपस्या करती रहीं। पत्तों को खाना छोड़ देने के कारण ही इनका नाम अपर्णा नाम पड़ गया। कठिन तपस्या के कारण देवी का शरीर एकदम क्षीण हो गया। देवता, ऋषि, सिद्धगण, मुनि सभी ने ब्रह्मचारिणी की तपस्या को अभूतपूर्व पुण्य कृत्य बताया, सराहना की और कहा, हे देवी आज तक किसी ने इस तरह की कठोर तपस्या नहीं की। यह आप से ही संभव थी। आपकी मनोकामना परिपूर्ण होगी और भगवान चंद्रमौलि शिवजी तुम्हें पति रूप में प्राप्त होंगे। अब तपस्या छोड़कर घर लौट जाओ। जल्द ही आपके पिता आपको लेने आ रहे हैं।

## संघर्ष में भक्तों को विचलित नहीं होने देती हैं मां ब्रह्मचारिणी

**मां** दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की आराधना से ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है। तप का आचरण करने वाली मां ब्रह्मचारिणी का रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या करने के कारण मां को तपश्चारिणी अर्थात ब्रह्मचारिणी नाम से जाना गया। एक हजार वर्ष तक मां ने फल-फूल खाकर बिताए और सौ वर्षों तक जमीन पर रहकर शाक पर निर्वाह किया। इसके बाद मां ने कई हजार वर्षों तक निर्जल और निराहार रहकर तपस्या की। पत्तों को खाना छोड़ देने के कारण मां का नाम अपर्णा भी पड़ा। मां दुर्गा का ब्रह्मचारिणी स्वरूप भक्तों को अनंत फल प्रदान करने वाला है। मां ब्रह्मचारिणी की कृपा से भक्तों को सर्वत्र सिद्धि और विजय की प्राप्ति होती है। मां ब्रह्मचारिणी की आराधना से जीवन के कठिन क्षणों में भक्तों को संबल प्राप्त होता है।

## मां दुर्गा का शांति पूर्ण रूप है ब्रह्मचारिणी

**दूसरी** उपस्तिथि नौ दुर्गा में मां ब्रह्माचारिणी की है।' ब्रह्मा ' शब्द उनके लिए लिया जाता है जो कठोर भक्ति करते हैं और अपने दिमाग और दिल को संतुलन में रख कर भगवान को खुश करते हैं । यहाँ ब्रह्मा का अर्थ है 'तप'। मां ब्रह्मचारिणी की मूर्ति बहुत ही सुन्दर है। उनके दाहिने हाथ में गुलाब और बाएं हाथ में पवित्र पानी के बर्तन (कमंडल) है। वह पूर्ण उत्साह से भरी हुई है।

## माता के इस मंत्र का करें उच्चारण


नवरात्रि में मात्रा की अलग-अलग नौ रूपों में पूजा-अर्चना की जाती है द्वितीय स्वरूप में मां ब्रह्मचारिणी के इस मंत्र का जाप करना चाहिए - **ह्रीं श्री अम्बिकायै नमः**

# वैदिक ज्योतिष से जानें आपके जीवन का आधार कौन सा ग्रह

**वैदिक** ज्योतिष के अनुसार प्रत्येक जातक की जन्मकुंडली में कोई न कोई ऐसा ग्रह अवश्य होता है जो उसके जीवन का आधार होता है और उसे जीवन में हर प्रकार की सहायता करता है। पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि यह ग्रह कारक ग्रह कहलाता है और कुंडली में जिस स्थान पर बैठता है उसके शुभ प्रभाव में वृद्धि करता है। साथ ही कुंडली के अशुभ ग्रहों के प्रभावों को कम करता है। एक तरह से कारक ग्रह जातक को अशुभ परिस्थितियों से बचाता है। अब सवाल यह उठता है कि किस जातक की कुंडली में कौन-सा ग्रह कारक ग्रह है यह कैसे पता करें। एक सामान्य नियम के अनुसार जन्मकुंडली के लग्न से उसके कारक ग्रह का पता लगाया जा सकता है। यदि कारक ग्रह पता लग जाए तो उस ग्रह से संबंधित उपाय करके जीवन में दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की की जा सकती है।

**आपकी कुंडली में कौन-सा ग्रह है बलवान।**

**मेष लग्न :** इस लग्न के लिए मुख्य ग्रह सूर्य होता है। मेष लग्न के लिए सूर्य चमत्कारी परिणाम देता है। यदि जन्मकुंडली में सूर्य मजबूत है तो जातक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में तरक्की करता है। वह उत्तम स्वास्थ्य का मालिक होता है और चारों ओर उसकी प्रसिद्धि फैलती है।



**वृषभ लग्न :** इस लग्न के लिए मुख्य ग्रह शनि है। शनि की प्रबलता वृषभ लग्न वालों को जमीन से आसमान तक तरक्की देती है। इनके जीवन में सारी समस्याओं का समाधान स्वतः हो जाता है। इस लग्न में शनि धन, उत्तम स्वास्थ्य, भौतिक सुख-सुविधाएं और अच्छे रिश्तों की सौगात देता है। शनि मजबूत होने पर जातक को कोई रोग नहीं घेर सकता।

**मिथुन लग्न :** इस लग्न के लिए मुख्य ग्रह बुध होता है। इस लग्न का स्वामी भी बुध है इसलिए जातक को जबर्दस्त तरीके से आर्थिक लाभ पहुंचाता है। व्यक्ति में सद्गुण होते हैं और उसकी सोच में शुद्धता रहती है। अगर बुध कमजोर हो तो जातक गलत निर्णय ले बैठता है। ठीक समय पर निर्णय नहीं ले पाने के कारण अक्सर नुकसान उठाता है।

**कर्क लग्न :** इस लग्न के लिए मुख्य ग्रह मंगल को माना गया है। कर्क लग्न के लिए मंगल का बलवान होना राजसी सुख प्रदान करता है। प्रत्येक क्षेत्र में सफलता मिलती है। दुर्घटना और बड़ी बीमारियों से रक्षा होती है। कम प्रयास में ही ऐसा व्यक्ति ऊंचाइयों तक पहुंच जाता है। कर्क लग्न में यदि मंगल खराब अवस्था में हो तो जातक का विकास रुक जाता है।

**सिंह लग्न :** इस लग्न के लिए मंगल और गुरु दोनों को कारक ग्रह माना गया है। इस लग्न को दोनों ग्रहों की ताकत प्राप्त होती है। यदि कुंडली में ये दोनों ही ग्रह बलवान हो तो ऐसे जातक को कोई परास्त नहीं कर सकता। यह जीवन में आने वाले प्रत्येक संकट से बचा रहता है। व्यक्ति को आंतरिक और बाहरी शक्ति प्राप्त रहती है।

**कन्या लग्न :** इस लग्न के लिए शुक्र को प्रमुख ग्रह के तौर पर चिह्नित किया गया है। इस लग्न में शुक्र सर्वश्रेष्ठ परिणाम देता है। शुक्र के मजबूत होने पर जातक ऐश्वर्यशाली जीवन व्यतीत करता है। इसे समस्त भौतिक सुख-सुविधाएं प्राप्त रहती है। ग्लैमर इंडस्ट्री में ऐसा जातक अच्छी सफलता हासिल करता है।

**तुला लग्न :** इस लग्न के लिए मुख्य ग्रह शनि होता है। शनि मजबूत हो तो जातक अभूतपूर्व सफलता अर्जित करता है। इसे किसी चीज का अभाव जीवन में नहीं रहता है। शनि की प्रबल स्थिति में जातक समाज और देश का प्रतिष्ठित व्यक्ति बनता है। इसकी ख्याति चारों ओर फैलती है।

**वृश्चिक लग्न :** इस लग्न के लिए मुख्य ग्रह बृहस्पति है। बृहस्पति के मजबूत होने पर धन, मान-सम्मान, उत्तम स्वास्थ्य, संतान सुख प्राप्त रहता है। जातक ज्ञानी और बुद्धिमान बनता है। लेकिन यदि बृहस्पति कमजोर है तो जातक की सफलता में हमेशा संदेह बना रहता है। इन कार्यों से लाभ और धन प्राप्त होता है

**धनु लग्न :** इस लग्न के लिए मंगल को प्रमुख ग्रह का दर्जा प्राप्त है। इस लग्न की पूरी ताकत मंगल के हाथ में होती है। मंगल मजबूत होने पर जीवन के संघर्षों से आराम मिलता है। कोर्ट-कचहरी, मुकदमों और विवादों से छुटकारा मिलता है। इस लग्न वालों को मंगल अन्य बुरे ग्रहों से बचाता है।

**मकर लग्न :** इस लग्न के लिए मुख्य ग्रह शुक्र है। शुक्र मजबूत होने पर विद्या, बुद्धि, धन-संपत्ति की कमी नहीं होती है। इन जातकों के कॅरियर में भी शुक्र सहायता करता है। शुक्र मजबूत हो तो जातक को उत्तम ज्ञानी संतानों की प्राप्ति होती है।

**कुंभ लग्न :** इस लग्न के लिए बुध और शुक्र प्रमुख ग्रह होते हैं। हालांकि इनमें से शुक्र को ज्यादा महत्वपूर्ण माना गया है। अगर शुक्र अच्छा हो तो जातक प्रत्येक कार्य में बेहतर सफलता हासिल करता है और उसका नाम चारों ओर फैलता है। ऐसा व्यक्ति कम प्रयासों में अच्छी सफलता अर्जित कर लेता है।

**मीन लग्न :** इस लग्न के लिए मुख्य ग्रह चंद्र होता है। चंद्र मजबूत होने पर व्यक्ति ज्ञानी, लोकप्रिय और सफल माना जाता है। ऐसे जातक को अनेक कार्यों से लाभ और धन प्राप्त होता है। इन्हें कष्टों से चंद्र बचाता है और सफलता देता है।

# पूर्णता की भावना से कड़ी मेहनत करें



**बचपन** से हमें कोशिश को कर्तव्य के रूप में, कड़ी मेहनत को दायित्व के रूप में, कड़ी मेहनत को परिणाम केन्द्रित निवेश के रूप में बताया गया है। हमें बताया गया कि कड़ी मेहनत करो ताकि बाद में तुम्हें इसका लाभ मिल सके। प्रसन्नता सफलता का मूल है, यह सही बात है, लेकिन क्या प्रसन्नता कड़ी मेहनत से वंचित करती है? अगर प्रसन्नता कड़ी मेहनत से अलग करती है तो वे सभी लोग जो कड़ी मेहनत करते हैं निश्चित रूप से बहुत दुखी होंगे। क्या हम खुश होकर कड़ी मेहनत नहीं कर सकते? क्या कड़ी मेहनत आनंद से उपज नहीं सकती? क्या कोई यह नहीं कह सकता कि मैं बहुत खुश हूं कि मैं बड़ी मेहनत से काम कर रहा हूं। या हमें केवल मुंह लटकाए कड़ी मेहनत करनी चाहिए और कहना चाहिए कि मैं इतना परेशान हूं कि मैं हाथ पैर मार रहा हूं।

हमारी कड़ी मेहनत सिर्फ श्रम है, नतीजे पाने के लिए किया गया श्रम। वे नतीजे जो हम चाहते हैं, हमें कभी भी सचमुच संतुष्ट नहीं करते हैं। प्रमाण यह कि हम ज्यादा चाहते हैं। और किसी भी बिन्दू पर हम नहीं रुकते और कहते हैं कि हमारे पास पर्याप्त हो गया। और चूंकि हम ज्यादा चाहते हैं, तो हमें ज्यादा श्रम करना होगा। इसलिए, अपने पूरे जीवन में हम सिर्फ एक मजदूर हैं, लेकिन हमने कड़ी मेहनत तभी की है जब आप दुखी व भयभीत थे, यह सच है ना? कोई आता है और आपको ऊपर आगाह करता है: परीक्षाएं आ रही हैं, तुम फेल हो जाओगे और तब आप कड़ी मेहनत करना शुरू करते हैं। तो, हमारा इंजन कौन है? दुख। हम जितना ज्यादा दुखी होते हैं हम उतनी ही ज्यादा कड़ी मेहनत करते हैं। क्या ऐसा नहीं है? हम जितना ज्यादा डरते हैं तो हम उतना ही ज्यादा काम करते हैं। इसे आदत नहीं बनने देते हैं, इसे जाहिर नहीं होने देते हैं कि आप दबाव या निराशा या दुख या भय के कारण कड़ी मेहनत के लिए बने हो सकते हैं। वरना आप दुनिया को आपको नियंत्रण का हथियार दे रहे हैं। याद रखें, आपका सर्वश्रेष्ठ सामने आता है जब आप आनंदित होते हैं, जब आप निर्भीक होते हैं। दबाव के तहत काम करने की आदत न अपनाएं। खुश रहें और जी-जान लगा दें। यह कैसे महसूस होता है? किसी ऐसे व्यक्ति की तरह जो खुशी के लिए दौड़ते हैं।

क्या आप जानते हैं कि वो मुख्य समस्या क्या है जो हमें कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित करती है? मुख्य समस्या यह है कि हमें खुद के बारे में छोटा महसूस कराया गया है। आपके सभी कार्य निराशा से उपजते हैं। आपको बहुत लंबे समय से खुद के प्रति असंतुष्ट महसूस कराया गया है।

परिवार, समाज, शिक्षा, धर्म इन सबने लगातार आपको बताया है कि आपमें कुछ कमी है, आपमें कुछ गड़बड़ी है और आपको इसे ठीक करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। आप जैसे हैं, उसमें पर्याप्त अच्छे नहीं हैं। आपको छोटा, मामूली, अपूर्ण महसूस कराया गया है। आपको बताया गया है कि यदि आप कुछ बनना चाहते हैं, यदि आप कुछ अर्थपूर्ण हासिल करना चाहते हैं तो कुछ कीजिए, उसके लिए कड़ी मेहनत कीजिए।

जीवन की सारी बिमारियां, आपकी सारी असहजता, आपकी सारी गपशप, आपकी समूची बेचैनी इस गहरे पैठी मानसिकता से उपजती है कि आपमें कुछ गलत या कमी है। कृपया इस सोच से बाहर आएं। आप अद्भुत, उत्कृष्ट, सुंदर हैं। अपनी समस्त कमियों के साथ, आप फिर भी बहुत सुंदर है। अपनी समूची वैचारिक परतों के साथ, आप अभी भी अनोखे हैं।

एक हीरा मिट्टी में गिर सकता है लेकिन क्या इससे उसकी कीमत घट जाती है? आप बेहद, बेहद मूल्यवान हैं। लेकिन वे लोग जो अपने खुद के हीरक स्वभाव को नहीं जानते, वे हर व्यक्ति को छोटा महसूस कराते हैं। असलियत में, दुनिया में केवल दो प्रकार के लोग होते हैं। एक जो छोटा महसूस करता है और दूसरा जो पूर्ण महसूस करता है और नाचता है।

जो लोग स्वयं के बारे में छोटा महसूस करते रहते हैं, उनका जीवन में एकमात्र लक्ष्य दूसरों को छोटा महसूस कराना होता है। जो व्यक्ति भयभीत होता है वो निश्चित रूप से अपने इर्द-गिर्द भय फैलाएगा। क्या आपने ऐसे लोगों को नहीं देखा है? परीक्षाएं नजदीक आ रही हैं और वह कांप रही हैं। तो वह क्या करती है? वह पांच अन्य लोगों को कॉल करती है। और वह उन पांचों के साथ क्या करती है? क्या वह उन्हें हिम्मत देती है?

वह क्या करती है? जो व्यक्ति छोटा महसूस करता है, वह हर किसी को छोटा महसूस कराती है। ऐसे लोगों से सावधान रहें। वे आपके बहुत करीबी हो सकते हैं, फिर भी उनसे अत्यंत सतर्क रहें। कैसे जानें कि कोई पूर्णता की भावना से काम कर रहा है? हमेशा ध्यान दें, कि आप क्या महसूस करते हैं जब उस व्यक्ति के साथ होते हैं? क्या आप अधिक से अधिक असंतुष्ट महसूस करने लगते हैं, या आप एक खास राहत हासिल करते हैं? वह उपस्थिति आपको बता देगी।

पूर्णता की भावना से कड़ी मेहनत करें। और दूसरों को कभी भी आपको छोटा या अपूर्ण महसूस कराने का अवसर न दें। अपनी संगत को लेकर अत्यंत स्पष्ट रहें, क्योंकि कोई भी आपको उतनी तीव्रता व बेहतरी के साथ बदल नहीं सकता जितना कि अच्छी सोहबत।

**-लेखक आचार्य प्रशांत आध्यात्मिक शिक्षक और लेखक हैं।**

**नवरात्रि के पावन पर्व को खास और यादगार बनाने के लिए आप मां दुर्गा के इन नौ दिनों, इन नौ रंगों की फैशनेबल ड्रेस पहन सकते हैं। जिससे नवरात्रि व्रत के मौके पर मां दुर्गा के अलग-अलग रूप की पूजा हो।**



# नवरात्रि में इन नौ रंगों की फैशनेबल ड्रेस से बनाएं इस अवसर को खास

### पहला दिन - नारंगी

नवरात्रि का पहला दिन, इस दिन देवी शैलपुत्री की पूजा की जाती है, जो कि हिमालय की बेटी मानी जाती हैं। इस दिन के लिए रंग नारंगी को शुभ माना जाता है। यह रंग जीवंतता, खुशी और ऊर्जा का प्रतीक है।

### दूसरा दिन -सफेद

नवरात्रि का दूसरा दिन देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाती है, जो कि देवी दुर्गा के सबसे शक्तिशाली अवतारों में से एक हैं। इस दिन आप सफेद रंग की ड्रेस पहनकर पूजा करें, क्योंकि सफेद रंग पवित्रता, शांति और प्रार्थनाओं का प्रतीक है।

### तीसरा दिन - लाल

नवरात्रि का तीसरे दिन देवी चंद्रघंटा माता की पूजा हाती है। देवी चंद्रघंटा वीरता और साहस के लिए जानी जाती हैं। रंग लाल क्रिया और शक्ति को परिभाषित करता है। आप इस दिन के लिए लाल रंग की साड़ी का विकल्प चुन सकते हैं।

### चौथा दिन -नीला

चौथा दिन देवी कुष्मांडा माता का होता है, जो नकारात्मकता को खत्म करने की शक्ति रखती हैं। इस दिन नीला रंग पहनना शुभ माना जाता है। इसलिए आप इस दिन एक सुंदर शाही नीले रंग का लहंगा पहन सकती हैं। यह आपको बेहतरीन इंडियन लुक देगा।

### पांचवां - पीला

नवरात्रि का पांचवां दिन देवी स्कंद माता को समर्पित होता है। इस दिन पीला रंग बहुत शुभ माना जाता है। यह खुशी, उत्सव और खुशी का रंग है। आप इस त्योहार में इस सुंदर से से टॉप और लहंगे को पहन सकती हैं, यह आपको काफी क्लासी लुक देगा।

### छठा दिन - हरा

छठे दिन देवी कात्यायनी माता की पूजा की जाती है, जो कि योद्धा देवी मानी जाती हैं। इस दिन के लिए रंग हरा है, जो प्रकृति, विकास और ऊर्जा का रंग माना जाता है।

### सातवां दिन - ग्रे

नवरात्र का सातवां दिन देवी कालरात्रि माता को समर्पित है। वह आपके सभी भय और परेशानियों सहित अंधेरे को नष्ट कर देता है। इस दिन ग्रे रंग को पहनने की मान्यता है, तो इस मौके पर इस तरह की बेहतरीन ड्रेस ट्राई कर सकती हैं। आज तक सौंपा गया है।

### आठवां दिन - बैंगनी

आठवां दिन देवी मां महागौरी की पूजा की जाती है, नवरात्रि के आठवें दिन आप बैंगनी रंग के कपड़े पहन सकते हैं। देवी का यह रूप श्रद्धालुओं की सभी इच्छाओं को पूरा करने के लिए जानी जाती हैं। बैंगनी रंग शक्ति और महत्वाकांक्षा का प्रतिनिधित्व करता है।

### नौवां दिन-पीकॉक ग्रीन

नवरात्रि का नौवां और अंतिम दिन देवी सिद्धिदात्री माता का होता है। इस दिन लोग भोग लगाकर व्रत और नवरात्र का समापन करते हैं। इस दिन आप यह मोर के हरे रंग में एक सुंदर ड्रेस को पहनकर अंतिम दिन को यादगार बना सकते हैं।

हॉकी इंडिया नए अध्यक्ष दिलिप तिर्की बोले

# ब्रॉन्ज को गोल्ड में बदलने के लिए क्वालिटी ट्रेनिंग करेगी भारतीय टीम

**कहा, इन दिनों हॉकी में क्वालिटी ट्रेनिंग की कमी है**

**टीम का लक्ष्य जनवरी में भारत में होने वाला वर्ल्ड कप**



एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** टीम के पूर्व कप्तान दिलीप तिर्की हॉकी इंडिया के अध्यक्ष चुने गए। पहली बार भारतीय हॉकी की कमान किसी इंटरनेशनल खिलाड़ी और ओलिंपियन को सौंपी गई है।

44 साल के तिर्की का पहला लक्ष्य अगले साल जनवरी में भारत में होने वाला वर्ल्ड कप है। उन्होंने कहा, वर्ल्ड कप के सफल आयोजन के लिए हम काम कर रहे हैं। इससे देश में हॉकी के लिए अच्छा माहौल तैयार होगा। साथ ही युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी। वर्ल्ड कप के बाद सरकार के साथ मिलकर एक-एक कदम आगे बढ़ाएंगे। देश में हॉस्टल और एकेडमी बहुत हैं, लेकिन क्वालिटी ट्रेनिंग की कमी है। उस कमी को दूर करना होगा। मैं वर्ल्ड कप के बाद पूरे देश में क्वालिटी ट्रेनिंग पर फोकस करने जा रहा हूं, ताकि टोक्यो का ब्रॉन्ज पेरिस 2024 में गोल्ड में बदल सके।

412 इंटरनेशनल मैच खेल चुके तिर्की ने कहा, देश में वर्ल्ड क्लास हॉकी स्टेडियम तैयार किए जाएंगे। साथ ही युवा खिलाड़ियों को बेहतर ट्रेनिंग के लिए अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर की सुविधा देने का प्रयास कर रहे हैं। हमारी योजना घरेलू हॉकी टूर्नामेंट के आयोजन की है। इसके लिए हॉकी इंडिया राज्य एसोसिएशन से चर्चा करेगी।

ताकि ग्रास रूट लेवल पर खिलाड़ियों को अच्छा प्लेटफार्म मिल सके। हम राज्य सरकार और वहां के खेल विभाग से चर्चा कर हॉकी प्रोग्राम चलाएंगे। ताकि देश के कोन-कोन से खिलाड़ी आने लगे। लेकिन इसके लिए कुछ समय लगेगा। मैं सभी राज्यों के खेल मंत्री से संपर्क करूंगा।

### ड्रैग फ्लिकर और गोलकीपर तैयार करेंगे

**युवा** खिलाड़ियों के लिए विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया गया है। इसमें अगली पीढ़ी के ड्रैग फ्लिकर और गोलकीपर तैयार किए जाएंगे। साथ ही फिटनेस पर भी फोकस रहेगा। तिर्की की आईपीएल की तर्ज पर शुरू हुई हॉकी इंडिया लीग भी दोबारा आयोजित कराने की योजना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए इंटरनेशनल फेडरेशन से बात करके शेड्यूल तैयार करेंगे, ताकि दुनिया के अच्छे खिलाड़ी उसमें भागीदारी कर सकें।

# आईसीसी टी-20 रैंकिंग में भारत की बादशाहत बरकरार

सीरीज हारने से ऑस्ट्रेलिया को हुआ नुकसान

**आस्ट्रेलिया को तीन मैचों की श्रृंखला में हराकर पाई कामयाबी**



एजेंसी। दुबई

**भारत** ने आस्ट्रेलिया को तीन मैचों की श्रृंखला में हराकर आईसीसी टी20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड पर बढ़त सात अंक की कर ली है। पहले मैच में मिली हार के बाद रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने नागपुर में श्रृंखला में बराबरी की और हैदराबाद में तीसरा वनडे और श्रृंखला अपने नाम कर ली। भारत को इससे एक अंक का फायदा मिला और अब उसके 268 अंक है जबकि इंग्लैंड उससे सात अंक पीछे है।

भारत को अब दक्षिण अफ्रीका से श्रृंखला खेलनी है जिससे शीर्ष पर अपनी जगह और पुख्ता करने का मौका मिलेगा। दक्षिण अफ्रीका 258 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है और वह भी बुधवार से शुरू हो रही श्रृंखला के जरिए अपनी रैंकिंग बेहतर कर सकता है। पाकिस्तान ने इंग्लैंड को कराची में चौथे टी20 में हराकर भारत को इंग्लैंड पर बढत पक्की करने में मदद की। पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका दोनों तीसरे स्थान पर है। पाकिस्तान को अभी इंग्लैंड से तीन मैच और खेलने है और वह अपनी रैंकिंग में सुधार कर सकता है। इंग्लैंड बाकी तीन में से एक भी मैच जीतने पर दूसरे स्थान पर बना रहेगा। विश्व कप विजेता आस्ट्रेलिया छठे स्थान पर खिसक गया है। हैदराबाद में खेले गए तीसरे और निर्णायक मुकाबले को भारत ने छह विकेट से जीता था। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट पर 186 रन का स्कोर बनाया, जिसे भारत ने 19.5 ओवर में चार विकेट खोकर हासिल कर लिया। विराट कोहली ने इस दौरान 63 तो सूर्यकुमार यादव ने 69 रनों की पारी खेली थी। वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद भारत को टी20 वर्ल्ड कप से पहले आखिरी सीरीज साउथ अफ्रीका से खेलनी है।

### इंग्लिश टीम भारत के करीब पहुंचना चाहेगी

**आईसीसी** रैंकिंग में इंग्लैंड के पास वर्ल्ड कप से पहले भारत के करीब पहुंचने का शानदार मौका है। पाकिस्तान के खिलाफ जारी सात मैच की टेस्ट सीरीज अभी 2-2 की बराबरी पर है, सीरीज के अलगे तीन मैच लाहौर में खेला जाने है और इंग्लिश टीम सीरीज जीतने के साथ भारत के करीब पहुंचना चाहेगी।

### दक्षिण अफ्रीका को भारत के खिलाफ दावा पेश करने का मौका

**पाकिस्तान** इस समय दक्षिण अफ्रीका के साथ टीम रैंकिंग में 258 अंकों के साथ तीसरे स्थान के लिए बराबरी पर है, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ शेष तीन मैच जीतकर वह दूसरे स्थान पर पहुंच सकता है। वहीं इंग्लैंड अगर इनमें से एक भी मैच में जीत हासिल करता है तो वह रैंकिंग में दूसरा स्थान बना रहेगा, जबकि दक्षिण अफ्रीका को बुधवार से शुरू होने वाली तीन मैंचों की सीरीज में भारत के खिलाफ अपना दावा पेश करने का मौका मिलेगा। बात अन्य टीमों की करें तो केन विलियमसन की अगुवाई वाली न्यूजीलैंड टीम 5वें पायदान पर है, जबकि वेस्टइंडीज, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान 7वें, 8वें, 9वें और 10वें स्थान पर हैं।



## भारतीय फुटबॉल टीम के सामने वियतनाम की चुनौती

**कोच बोले, टीम को अधिक एकाग्र होने की जरूरत**

एजेंसी। हो ची मिन्ह सिटी

**भारतीय** फुटबॉल टीम को मंगलवार को यहां हंग थिन्ह मैत्री फुटबॉल टूर्नामेंट में वियतनाम की चुनौती का सामना करना होगा।

भारत को पिछले शनिवार को उससे कम रैंकिंग वाले सिंगापुर ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया था। वियतनाम की टीम पहले मैच में सिंगापुर को 4-0 से हराने के बाद आत्मविश्वास से भरी है और भारतीय टीम को उसके खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, यह अधिक मजबूत टीम के खिलाफ काफी अलग मुकाबला होगा इसलिए हमारा रवैया भी इसी के अनुसार बदलेगा। उन्होंने कहा, हमें अधिक एकाग्र होने की जरूरत है। साथ ही हमें अपने डिफेंस पर भी ध्यान देना होगा। लंबी दूर के शॉट के साथ वे कड़ी चुनौती पेश करते हैं और हमें उनके सटीक क्रॉस से भी निपटना होगा। भारत के मुख्य कोच ने वियतनाम और सिंगापुर के बीच मुकाबले पर भी करीबी नजर रखी और उनका मानना है कि मंगलवार का उनका प्रतिद्वंद्वी एक संगठित टीम है।

स्टिमक ने कहा, मैंने सिंगापुर के खिलाफ उनका पहला मैच देखा और वे (वियतनाम) काफी अनुशासित टीम थे। उन्होंने कहा, साथ ही उन्हें पहले मैच के बाद उबरने के लिए पर्याप्त समय मिला है जबकि हमें देखना होगा कि हमारे कितने खिलाड़ी उपलब्ध और खेलने के लिए फिट होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### जूलियस बाएर कप शतरंज : कार्लसन से हारे अर्जुन एरिगेसी



**न्यूयॉर्क।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी जूलियस बाएर जनरेशन कप आनलाइन रैपिड शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे मैच में मैग्नस कार्लसन से हार गए। पहला मैच जीतने के बाद नॉर्वे के कार्लसन ने दूसरे मैच में पहले दो गेम जीतकर एरिगेसी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। चार बाजियों का पहला मैच जीतने के बाद कार्लसन को खिताब के लिए सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी। उन्होंने दूसरे मैच के दोनों गेम जीत लिए। फाइनल में चार चार बाजियों के दो मैच खेले गए। अगर खिलाड़ी एक एक मैच जीतते तो ब्लिट्ज टाइब्रेकर होता। कार्लसन ने पहले दौर में एक ही गेम गंवाया और इस टूर्नामेंट के प्रदर्शन के आधार पर वह 2900 टूर रेटिंग अंक हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

### तसनीम, राजावत ने इंटरनेशनल चैलेंज में एकल खिताब जीते

**रायपुर।** पूर्व विश्व जूनियर नंबर एक खिलाड़ी तसनीम मीर और थॉमस कप विजेता प्रियांशु राजावत ने छत्तीसगढ इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन में महिला और पुरुष एकल खिताब जीत लिए हैं। तसनीम ने छठी वरीयता प्राप्त सामिया फारूकी को 14-21, 21-17, 21-11 से मात दी जबकि राजावत ने शुभांकर डे को 21-13, 21-11 से हराया। मिश्रित युगल में एन सिक्की रेड्डी और रोहन कपूर ने थाईलैंड के रेचापोल एम और चासिनी कोरेपाप को 22-20, 23-21 से मात दी। पुरुष युगल में दोनों भारतीय टीमें ही आमने सामने थीं। तीसरी वरीयता प्राप्त ईशान भटनागर और के साइ प्रतीक ने दूसरी वरीयता प्राप्त कृष्णा प्रसाद और विष्णुवर्धन गौड़ को 17-21, 21-15, 23-21 से मात दी। भारत की आरती सारा सुनील और पूजा डांडु हालांकि महिला युगल में जापान की चिसाटो होशी और मीयू ताकाहाशी से 21-12, 12-21, 7-21 से हार गई।

### तीसरा ओटीओडी सीनियर्स हॉकी कार्निवाल दिल्ली में

**नई दिल्ली।** आजादी के अमृत महोत्सव का जश्न हॉकी के मैदान पर मनाने के लिए 40 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ियों के अनूठे टूर्नामेंट का तीसरा चरण यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर आयोजित किया गया। आरएम क्रीडा और हॉकी प्रशंसकों के समूह वन टीम वन ड्रीम ने इससे पहले दो चरण का आयोजन मुंबई और बेंगलुरू में किया था। ओटीओडी के अध्यक्ष राजा नामधारी ने बताया, इस टूर्नामेंट में दिल्ली की छह सर्वश्रेष्ठ स्थानीय टीमों ने भाग लिया, जिन्हें दो पूल में बांटा गया था। इस मौके पर ओलंपियन असलम शेर खान, अशोक कुमार, गुरबख्श सिंह और हरबिदंर सिंह के अलावा द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त रोमियो जेम्स मौजूद थे। दिल्ली चरण में यूनियन अकेडेमी क्लब विजेता रहा। नामधारी ने बताया कि कुल सात कार्निवाल खेले जाएंगे और अगला चरण दिसंबर में ओडिशा या जम्मू-कश्मीर में खेला जाएगा। इसके बाद मार्च में अमृतसर में होगा। हर चरण की विजेता टीमों के बीच फाइनल 2024 में खेला जाएगा।

### वाणी आयरिश महिला ओपन में 29वें, त्वेसा 49वें स्थान पर

**ड्रोमोलैंड ( आयरलैंड )।** भारत की वाणी कपूर लगातार तीसरे दिन दो अंडर 70 के स्कोर से यहां लेडीज यूरोपीय टूर के केपीएमजी महिला आयरिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 29वें स्थान पर रहीं। भारत की ही त्वेसा मलिक ने संयुक्त 29वां स्थान हासिल किया। पहले दौर में 72 के स्कोर से शुरुआत करने वाली वाणी ने अगले तीन दौर में 70 का स्कोर बनाया। उनका कुल स्कोर छह अंडर 282 रहा।अंतिम दिन 72 का स्कोर बनाने वाली त्वेसा का कुल स्कोर एक अंडर 287 रहा। दीक्षा डागर और अमनदीप द्राल कट हासिल करने में नाकाम रहीं थी। चेक गणराज्य की क्लारा स्पिलकोवा ने प्ले ऑफ में जीत के साथ लेडीज यूरोपीय टूर पर दूसरा खिताब जीता। क्लारा ने अंतिम दिन 67 के स्कोर से कुल 14 अंडर का स्कोर बनाया और फिनलैंड की उरसुला विकस्ट्रॉम तथा डेनमार्क की निकोल ब्रोच एस्ट्रुप के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहीं। इन तीनों के बीच इसके बाद 18वें होल में प्ले आफ हुआ जिसमें स्पिलकोवा ने बाजी मारी।

### राल्टे बोले, बेहतर अकादमियों की जरूरत

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी के बेल्जियम के सहयोगी क्लब लोमेल एसके में दो हफ्ते की ट्रेनिंग के बाद लौटने वाले लालेंगमाविया राल्टे का मानना है कि भारतीय फुटबॉल के स्तर को बेहतर करने के लिए खिलाड़ियों को जल्दी शुरुआत करनी होगी और अकादमियों को बेहतर बनाना होगा। युवा मिडफील्डर राल्टे ने बेंगलुरू एफसी के खिलाफ 2022 डूरंड कप के फाइनल में मुंबई एफसी की ओर से अपना पहला गोल दागा। मुंबई सिटी को फाइनल में 1-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी लेकिन 21 साल के मिडफील्डर राल्टे ने एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया और इससे पहले एएफसी चैंपियन्स लीग में भी। उन्होंने सुझाव दिया कि कैसे भारतीय फुटबॉलर विदेशी खिलाड़ियों को चुनौती दे सकते हैं। राल्टे ने विज्ञप्ति में कहा, मुझे लगता है कि भारतीय खिलाड़ी उनके साथ और उनके खिलाफ प्रतिस्पर्धा पेश कर सकते हैं लेकिन हमें बेहतर अकादमियों की जरूरत है।

### एफसी गोवा ने आईएसएल के लिए टीम घोषित की

**मडगांव।** एफसी गोवा ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के आगामी सत्र के लिए 27 सदस्यीय टीम घोषित की जिसमें राज्य के 10 खिलाड़ी भी शामिल हैं। एफसी गोवा की टीम में छह विदेशी खिलाड़ी हैं जिसमें एक एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) सदस्य देश का है। लीग के नियमों के अनुसार टीम में कम से कम चार अंडर-23 खिलाड़ी होने चाहिए लेकिन एफसी गोवा की टीम में ऐसे नौ खिलाड़ी मौजूद हैं। टीम के कोच की भूमिका एफसी गोवा के पूर्व खिलाड़ी कार्लोस पेना निभाएंगे जबकि कप्तानी की जिम्मेदारी ब्रेंडन फर्नांडिस को सौंपी गई है।

### रन आउट से जुड़े नियमों को लेकर स्पष्टता चाहती हैं केट क्रॉस

**लंदन।** इंग्लैंड की तेज गेंदबाज केट क्रॉस यहां लार्ड्स में भारत के खिलाफ अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में चार्ली डीन के विवादास्पद तरीके से रन आउट होने के बाद चाहती हैं कि गेंदबाजी छोर पर क्रीज से बाहर निकलने पर रन आउट से जुड़े अस्पष्ट नियम को स्पष्ट किया जाना चाहिए। भारत ने शनिवार को इंग्लैंड को 16 रन से हराया जब आलराउंडर दीप्ति शर्मा ने इंग्लैंड की अंतिम बल्लेबाज डीन (47) को रन आउट किया क्योंकि वह गेंदबाजी छोर पर गेंद फेंक जाने से पहले ही क्रीज छोड़कर काफी आगे निकल गईं थी। डीन को इस तरह से आउट किए जाने को लेकर इंग्लैंड की टीम नाखुश थी और इसके बाद खेल भावना को लेकर बहस शुरू हो गई।

## पाकिस्तान ने रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड को हराया



**सात मैचों की टी20 श्रृंखला में 2-2 से बराबर कर ली**

एजेंसी। कराची

**पाकिस्तान** ने आखिरी दो ओवर में इंग्लैंड के लचर प्रदर्शन का फायदा उठाकर चौथे मैच में उससे जीत छीनकर सात मैचों की टी20 श्रृंखला में 2-2 से बराबरी कर ली। पाकिस्तान के चार विकेट पर 166 रन के जवाब में इंग्लैंड को चौथे मैच में 18 गेंद में 33 रन की जरूरत थी लेकिन लियाम डॉसन (17 गेंद में 34 रन) ने तेज गेंदबाज मोहम्मद हसनैन के डाले 18वें ओवर में चार चौके और एक छक्के समेत 24 रन ले डाले।

इसके बाद उन्होंने 19वें ओवर में हारिस रऊफ को चौका लगाया। उस समय इंग्लैंड को दस गेंद में पांच रन चाहिए थे और उसके तीन विकेट बाकी थे। रऊफ ने हालांकि डॉसन को मिडविकेट पर लपकवाया और टी20 में पदार्पण कर रहे ओली स्टोन को खाता भी नहीं खोलने दिया। आखिरी ओवर में इंग्लैंड को चार रन चाहिए थे लेकिन रीसे टॉपले रन आउट हो गए और पाकिस्तान ने चार गेंद बाकी रहते तीन रन से जीत दर्ज की।

इंग्लैंड के कप्तान मोईन अली ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। शीर्ष रैंकिंग वाले बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने 67 गेंद में 88 रन बनाए जो श्रृंखला में उनका तीसरा अर्धशतक है। रिजवान और कप्तान बाबर आजम ने 71 गेंद में 97 रन जोड़कर पाकिस्तान को शानदार शुरुआत दी।

## विश्व कप जैसे टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करने को बेताब हूं : गुरजंत



एजेंसी। बेंगलुरू

**राष्ट्रमंडल** खेलों में भारत को रजत पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले भारतीय हॉकी टीम के फॉरवर्ड गुरजंत सिंह का इरादा अब अगले साल होने वाले एफआईएच विश्व कप में अपनी छाप छोड़ने का है।

तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे गुरजंत ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, मुझे खुशी है कि मैं राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता टीम में था। ओलंपिक और राष्ट्रमंडल पदक जीतना बड़ी बात है।

उन्होंने कहा, मैंने उन पहलुओं को गौर किया है जिन पर और मेहनत करने की जरूरत है। मैं अगले साल भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले विश्व कप में और अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। भारत लगातार दूसरी बार विश्व कप की मेजबानी कर रहा है जो 13 से 29 जनवरी के बीच खेला जाएगा। गुरजंत ने कहा, विश्व कप खेलना हर खिलाड़ी का सपना होता है और मुझे उम्मीद है कि मुझे घरेलू मैदान पर खेलने का मौका मिलेगा। ओडिशा में हॉकी को लेकर बहुत अच्छा माहौल रहता है और दर्शकों के समर्थन से हमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की प्रेरणा मिलेगी।

## भारतीय क्रिकेटर तानिया के साथ लंदन के होटल में लूट

**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज तानिया भाटिया ने सोमवार को दावा किया कि लंदन के मैरियट होटल में महिला टीम के प्रवास के दौरान नकदी, कार्ड और आभूषण सहित उनका महत्वपूर्ण सामान लूट लिया गया।

भारतीय टीम ने हाल ही में संपन्न इंग्लैंड दौरे पर पहली बार एकदिवसीय श्रृंखला में 3-0 की शानदार जीत दर्ज की। श्रृंखला का आखिरी मुकाबला शनिवार को खेला गया था। तानिया ने ट्विटर पर लिखा, मैरियट होटल लंदन मैडा वेले के प्रबंधन से हैरान और निराश हूं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के खिलाड़ी के रूप में हाल के प्रवास के दौरान किसी ने मेरे कमरे में प्रवेश किया और नकदी, कार्ड, घड़ियां और आभूषण के साथ मेरा बैग चुरा लिया। इतना असुरक्षित। उन्होंने इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के ट्विटर हैंडल को टैग करते हुए एक अन्य ट्वीट में लिखा, इस मामले की त्वरित जांच और समाधान की उम्मीद है।

## भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 की तैयारी में असम क्रिकेट संघ



एजेंसी। गुवाहाटी

**असम** क्रिकेट संघ ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो अक्टूबर को होने वाले टी20 मैच में बारिश होने की दशा में समय का कम से कम नुकसान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। यहां भारत और श्रीलंका के बीच जनवरी 2020 में खेला गया पिछला मैच भारी बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था।

एसीए सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, गुवाहाटी में सर्दियों के मौसम में अप्रत्याशित बारिश हुई और यही वजह है कि 2020 में मैच रद्द करना पड़ा था। उन्होंने कहा, दो अक्टूबर को बारिश का पूर्वानुमान नहीं है लेकिन मौसम पर किसी का वश नहीं है। हमने दो अक्टूबर के लिए सारे इंतजाम किए हैं। एसीए ने दो बेहद कम वजन के पिच कवर अमेरिका से मंगवाए हैं और उसके पास पहले ही से 20 कवर हैं। सैकिया ने कहा, इन कवर के इस्तेमाल से पानी या नमी पिच के भीतर नहीं जाएंगे। बीसीसीआई के मुख्य क्यूरेटर को 16 सितंबर को यह मैदान दिया गया था। सैकिया ने कहा कि इस मैच में मैदान खचाखच भरा रहने की उम्मीद है और आनलाइन टिकटों की बिक्री के पहले चरण में रूझान बहुत अच्छा रहा है। उन्होंने कहा, पहले चरण के सारे टिकट बिक गए और अब 26 सितंबर को दूसरे चरण की बिक्री शुरू होगी।

# रोहित शर्मा ने भुवनेश्वर और हर्षल का बचाव किया

भारतीय टीम ने आस्ट्रेलिया को टी20 श्रृंखला में 2-1 से हराया

एजेंसी। हैदराबाद

**भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा ने तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और हर्षल पटेल का बचाव करते हुए टी20 विश्व कप से पहले उनके फॉर्म में लौटने का यकीन जताया है।

एशिया कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम ने आस्ट्रेलिया को तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में 2-1 से हराया। भुवनेश्वर और हर्षल हालांकि काफी महंगे साबित हुए और 12 से अधिक की औसत से रन दिए। रोहित ने कहा, भुवी को समय देने की जरूरत है क्योंकि टीम में उसके जैसा खिलाड़ी होने से हमें पता होता है कि वह क्या कर सकता है। उसका खराब फॉर्म ज्यादा दिन नहीं रहेगा। उन्होंने कहा, हम कुछ योजनाओं पर काम कर रहे हैं और उम्मीद है कि डैथ ओवरों में उसे गेंदबाजी के अधिक विकल्प दे सकेंगे। इससे वह पहले की तरह ही प्रदर्शन कर पाएगा। उन्होंने कहा कि भुवनेश्वर में आत्मविश्वास की कमी नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि आत्मविश्वास की कोई कमी है। हमें उस पर और उसके कौशल पर भरोसा बनाए रखने की जरूरत है। रोहित ने कहा, हम अपनी ओर से देख रहे हैं कि क्या किया जा सकता है क्योंकि डैथ ओवरों में कुछ भी हो सकता है। ऐसे में गेंदबाजी के विकल्प होने जरूरी है ताकि उसके अनुसार फील्ड लगाई जा सके। इसके अनुसार ढलने के लिए अनुभव की जरूरत है। लंबी चोट के बाद लौटे हर्षल ने तीन मैचों में आठ ओवरों में 99 रन दे डाले लेकिन रोहित ने कहा कि एक श्रृंखला के आधार पर उसका आकलन नहीं किया जाना चाहिए।



### अक्षर ने बेहतरीन प्रदर्शन किया : मैकडोनाल्ड

**हैदराबाद।** आस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि टी20 श्रृंखला में रविंद्र जडेजा के नहीं खेलने से भारतीय टीम कमजोर नहीं हुई बल्कि अक्षर पटेल के रूप में उन्हें बेहतरीन विकल्प मिला। बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर को चोटिल जडेजा की जगह उतारा गया। अक्षर ने तीन मैचों की श्रृंखला में सर्वाधिक विकेट लेकर अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी। मैकडोनाल्ड ने तीसरे मैच के बाद कहा, अक्षर का प्रदर्शन शानदार रहा। जडेजा के बाहर होने के बाद सभी ने सोचा था कि भारतीय टीम कमजोर होगी लेकिन उन्हें एक और शानदार खिलाड़ी मिल गया। यह पूछने पर कि विश्व कप से पहले श्रृंखला में मिली हार क्या चिंता का सबब है, कोच ने कहा, पूरी श्रृंखला में रनरेट अच्छा रहा और काफी मनोरंजक क्रिकेट खेली गई। बल्ले का गेंद पर दबदबा रहा और गेंदबाजों के लिए कुछ था नहीं।

### रोहित बोले, और आक्रामक खेलने की जरूरत

**उन्होंने** कहा, हर्षल हमारे लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। चोट के बाद लौटना आसान नहीं होता। वह करीब दो महीने से नहीं खेला है और वापसी आसान नहीं होता। उसका आकलन इस श्रृंखला के तीन मैचों के आधार पर नहीं होना चाहिए क्योंकि हमें पता है कि वह क्या कर सकता है। टीम के प्रदर्शन के बारे में रोहित ने कहा, हम सभी विभागों में बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। पिछले आठ या नौ मैचों से बल्लेबाजी शानदार रही है लेकिन हम और आक्रामक खेलना चाहते हैं।